

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर, बुधवार 4 दिसंबर 2024 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-4 ■ वर्ष- 40 ■ अंक-244 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 05 दिसंबर 2024 ■ मूल्य 1.00 रु.



E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


## संक्षेप

### शिरोमणि अकाली दल के नेता बादल पर खालिस्तानी ने चलाई गोली

**अमृतसर,4 दिसंबर।** स्वर्ण मंदिर में आज हुई एक बड़ी घटना में प्रवेश द्वार के पास सेवा कर रहे शिरोमणि अकाली दल के नेता सुखबीर सिंह बादल पर एक शख्स ने गोली चलाई. घटनास्थल पर मौजूद लोगों ने हमलावर पर तुरंत काबू में करते हुए पुलिस को सौंप दिया है. सुखबीर सिंह बादल पर गोली चलाने की कोशिश करने वाले की पहचान नारायण सिंह चौरा के रूप में हुई है, जो एक पूर्व खालिस्तानी आतंकवादी है. आरोपी पर पहले भी कई आतंकी मामले दर्ज हैं, जिसके बाद से वह भूमिगत रहा है. नारायण सिंह चौरा ने व्हीलचेयर पर बैठे सुखबीर सिंह बादल पर गोली चलाने की कोशिश की, लेकिन पास में खड़े एक सेवादार ने तुरंत भांपते हुए उसका हाथ ऊपर की ओर धकेला, जिससे उसका निशाना चूक गया. गोली बादल को नहीं छू पाई, बल्कि पवित्र स्वर्ण मंदिर की दीवार पर जा लगी.

### खरीदी केंद्र में धान तौलने में गड़बड़ी

**अभनपुर,4 दिसंबर।** अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के मानिकचौरी धान खरीदी केंद्र में किसानों से 4 से 5 किलो अतिरिक्त धान तौलने की गड़बड़ी का मामला सामने आया है। बीती रात जब यह गड़बड़ी उजागर हुई, तो किसानों में भारी आक्रोश फैल गया। किसानों ने खरीदी केंद्र के बाहर प्रदर्शन किया और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। किसानों का आरोप था कि धान के तौल में गड़बड़ी की जा रही थी, जहां इलेक्ट्रॉनिक कांटे में खेल कर किसानों का धान 4 से 5 किलो अधिक तौला जा रहा था। एक जागरूक किसान की सजगता के कारण यह गड़बड़ी पकड़ में आई, जिसके बाद किसानों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस दौरान तौल कर रहे हमाल ने रौब दिखाते हुए कहा कि कोई भी अधिकारी शिकायत कर ले, उसे कुछ नहीं होगा। समिति के प्रभारी व्यवस्थापक, आयुष्मान निषाद ने किसानों के प्रदर्शन के बाद स्थिति को संभाला और अपनी जिम्मेदारी स्वीकार की। उन्होंने पुष्टि की कि लगभग ढाई क्विंटल धान अधिक तौला गया था और गड़बड़ी करने वाले हमाल के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। यहां सवाल यह उठता है कि 14 नवंबर से शुरू हुई धान खरीदी प्रक्रिया के 15 दिनों में कितने किसानों का हक इसी तरह मारा गया और इसके लिए कौन जिम्मेदार है? इसके अलावा, यह भी सवाल खड़ा होता है कि एक अकेला हमाल इतनी बड़ी गड़बड़ी करने की हिम्मत कैसे जुटा सकता है, क्या यह मामला एक साजिश का हिस्सा तो नहीं था?

### अवैध खनन पर 10 वाहन राजसात

**बिलासपुर,4 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में वन विभाग की टीम ने अवैध खनन पर बड़ी कार्रवाई की है. जिले के रतनपुर क्षेत्र के जंगल में जारी अवैध खनन पर टीम ने कार्रवाई करते हुए 10 वाहनों को राजसात कर लिया है. इनमें हाइवा, पोकलेन और ट्रैक्टर शामिल हैं. बता दें, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश के तहत यह सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है.

# फडणवीस मुख्यमंत्री,शिंदे और पवार उपमुख्यमंत्री

## शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी भी हो सकते हैं शामिल

**मुंबई,4 दिसंबर।** बीजेपी विधायक दल की बैठक में देवेंद्र फडणवीस को नेता चुना गया है। देवेंद्र फडणवीस के विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद तय हो गया है कि वह ही महाराष्ट्र के अगले मुख्यमंत्री बन रहे हैं। कोर कमेटी की बैठक में फडणवीस के नाम पर मुहर लगाई गई। एकनाथ शिंदे और अजित पवार डिप्टी सीएम के तौर पर काम करेंगे। सुधीर मुनगंटीवार और चंद्रकांत पाटिल को प्रस्तावक बनाया गया है। वहीं आशीष शेलार और रविंद्र चव्हाण प्रस्ताव का अनुमोदन करेंगे। इस निर्णय के बाद अब देवेंद्र फडणवीस समर्थकों विधायकों के नाम के साथ महाराष्ट्र के राज्यपाल से मिलेंगे और सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे। महायुति के नेता दोपहर 3.30 बजे राजभवन जाएंगे. महाराष्ट्र में 5 दिसंबर को आजाद मैदान में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया जाना है। इस कार्यक्रम में बीजेपी के कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। 5 दिसंबर को होने वाले शपथ ग्रहण के लिए मुंबई का आजाद मैदान पूरी तरह तैयार हो गया है। शपथ ग्रहण समारोह को देखते हुए आजाद मैदान के साथ-साथ आसपास के इलाके में भी सुरक्षा बढ़ा दी गई है। बता दें, इस शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री मोदी के भी शामिल होने की संभावना है। बता दें कि बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा में बीजेपी विधायक दल की बैठक हुई। इस बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक बनकर आईं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने अध्यक्षता की। विधायक दल की बैठक से बीजेपी के सभी विधायकों ने एक साथ कहा कि वे सभी देवेंद्र फडणवीस के साथ हैं। वहीं महाराष्ट्र में देवेंद्र फडणवीस के मुख्यमंत्री चुने जाने पर कहा कि महाराष्ट्र में शिंदे सरकार थी, तो उन्होंने हमारी गौ माता को राज्य माता का दर्जा मांग को पूरा किया, इतनी बड़ी जीत उनकी हुई. गौ माता का ही आशीर्वाद है, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री हिचक रहे हैं, आगे चुनाव इनका भी है. कुछ भी हो सकता है,






## कार-पिकअप में टक्कर,तीन दोस्तों की मौत

**अंबिकापुर,4 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर में कार और पिकअप के बीच भीषण टक्कर हो गई। हादसे में तीन दोस्तों की मौत हो गई। जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। जिन्हें अंबिकापुर स्थिति मेडिकल कॉलेज में रेफर किया गया है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए, सभी एयरबैग खुलने के बाद भी किसी की भी जान नहीं बच पाई। वहीं पिकअप के सामने का हिस्सा भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है। घटना सूरजपुर के प्रतापपुर थाना क्षेत्र की बताई जा रही है। गौरतलब है कि प्रतापपुर-अंबिकापुर मार्ग पर मंगलवार की देर रात करीब 11 बजे गोटगवां के पास कार और पिकअप में जबरदस्त टक्कर हुई है। बताया जा रहा है कि गोवर्धनपुर गांव से 4 युवक कार क्रमांक छ्त्त 29,श्व 7704 में सवार होकर अंबिकापुर जा रहे थे। तभी ये हादसा हुआ। वहीं, कुछ लोग गोटगवां के पास टमाटर लोडकर पिकअप क्रमांक क्ष64,ञ्ज 6380 से बनारस जा रहे थे। कार और पिकअप की आमने-सामने से इतनी जोरदार भिड़ंत हुई कि हादसे के बाद कार के चारों एयर बैग खुल गए थे। इसके बावजूद कार में सवार गोवर्धनपुर निवासी प्रियांशु पटेल (24), दीपक पटेल (23), पुष्पेंद्र भाई पटेल (21) मौके पर ही दम तोड़ दिया। दो घायलों की हालत गंभीर है। वहीं, कार में सवार बटई निवासी चौथा युवक विनय यादव (21) और पिकअप चालक विक्रम सिंह (42) निवासी फुंदुरडीहारी की हालत गंभीर है। दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रेफर कर दिया गया है। जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है।

## सड़क दुर्घटना में 6 घायल

**कोरबा,4 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में बीती रात एक बड़ी सड़क दुर्घटना हो गई. जिले के पाली थाना अंतर्गत मुंगाडीह के पास तेज रफ्तार इनोवा कार एनएच रोड पर डिवाइडर से टकरा कर पलट गई. इस घटना में कार में सवार 6 लोग घायल हो गए. कार में 2 छोटे बच्चे भी सवार थे, उन्हें भी सिर और पैर पर चोंटे आई हैं. घायलों में से 3 की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है. हादसे के बाद सूचना पर पहुंची 112 की टीम ने कार में फंसे लोगों को रेस्क्यू कर घंटों की मशक्कत के बाद राहगीरों की मदद से बाहर निकाला. सभी घायलों को पाली स्थित स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है. जानकारी के अनुसार, इनोवा कार में सवार दंपति भिलाई निवासी थे, जो बनारस से वापस भिलाई लौट रहे थे. इसी दौरान रात लगभग 2 बजे वे सभी दुर्घटना के शिकार हो गए. फिलहाल पुलिस इस मामले में आगे की कार्रवाई में जुट गई.

## इजरायल ने लगाई मस्जिदों में स्पीकर से अजान पर रोक

**यरुशलम,4 दिसंबर।** इजरायल ने मस्जिदों में स्पीकर से अजान पर रोक लगा दी है। इजरायल की पुलिस मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतार कर ले गई है। इजरायल के मिनिस्टर ऑफ नेशनल सिक्योरिटी इतमार बेन ग्विर ने पुलिस को मस्जिदों में लगे स्पीकर्स को जब्त करने और शोर मचाने वाली मस्जिदों पर जुर्माना लगाने का आदेश दिया है। इससे पहले भी बेन ग्विर एक ऐसा खेल कर चुके हैं जिसने दुनिया के कई देशों को हिला दिया था। हमारे भी त्योहार होते है। नवरात्रि होती है। 10 दिन के लिए हम समझ सकते हैं। फिर लाउडस्पीकर कम ही लगाना चाहिए। त्योहारों के दौरान हम समझ सकते हैं। लेकिन आप 365 दिन लाउडस्पीकर लगाते हैं। आज 12 तारीख है। 12 से 3 मई के बीच में महाराष्ट्र के सभी मौलवियों को बुलाओ। उन्हें बोलो सभी मस्जिदों पर लगे लाउडस्पीकर उतरने चाहिए। महाराष्ट्र की राजनीति में राज ठाकरे का लाउड अंदाज काफी चर्चा का विषय रहा था। लेकिन मुंबई से चार हजार किलोमीटर दूर इजरायल ने एक ऐसा खेल किया है जिसने मुस्लिम देशों की नींद उड़ा दी है। इजरायल ने मस्जिदों में स्पीकर से अजान पर रोक लगा दी है। इजरायल की पुलिस मस्जिदों से लाउडस्पीकर उतार कर ले गई है। इजरायल के मिनिस्टर ऑफ नेशनल सिक्योरिटी इतमार बेन ग्विर ने पुलिस को मस्जिदों में लगे स्पीकर्स को जब्त करने और शोर मचाने वाली मस्जिदों पर जुर्माना लगाने का आदेश दिया है। इससे पहले भी बेन ग्विर एक ऐसा खेल कर चुके हैं जिसने दुनिया के कई देशों को हिला दिया था। इजरायली मंत्री बेन ग्विर कुछ समय पर पहले हजारों यहूदियों को लेकर येरुशलम की अल अक्सा मस्जिद में घुस गए और वहां पर गाजा में हमास को खत्म करने की कसम खा ली। बेन ग्विर के इस कदम की निंदा तो अमेरिका, फ्रांस और जॉर्डन जैसे देशों तक ने कर दी थी। मगर अब इजरायली मंत्री बेन ग्विर मस्जिदों से लाउड स्पीकर उतर वा रहे हैं। वैसे जो काम अब इजरायल में हो रहा है वो तो उत्तर प्रदेश में भी हो रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का लाउडस्पीकर मॉडल भी पूरी दुनिया में मशहूर है। योगी के डर से कई लोगों ने मस्जिदों से खुद ही स्पीकर हटा दिए थे। बहरहाल, बात अगर इजरायल की करें तो पूर्वी येरुशलम और दूसरे इलाकों से मस्जिदों से आने वाले शोर की शिकायत बेन ग्विर से की थी। इजरायल के लोगों का कहना था कि मस्जिद से आने वाली तेज आवाज की वजह से वो सुबह सो नहीं पाते।

इसके तुरंत बाद इजरायली मंत्री बेन ग्विर एक्टिव हो गए। बेन ग्विर एक पोस्ट में हमारी बहसों में यह बात उठी कि अधिकांश पश्चिमी देश और यहां तक ??कि कुछ अरब देश भी शोर को सीमित करते हैं और इस मामले पर कई कानून हैं। बेन ग्विर के कार्यालय ने एक बयान में कहा, इसे केवल इज़राइल में उपेक्षित किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस को आदेश दिया कि मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटवा दिए जाए।

### सुकमा क्षेत्र में भूकंप के तेज झटके

**सुकमा,4दिसंबर।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में भूकंप के झटके महसूस किए गए। सुबह 7.32 के करीब भूकंप के झटके महसूस किया गया। दोरनापाल, कोंटा के लोग डर के मारे अपने घरों से बाहर निकले।

वहीं भूकंप से किसी भी प्रकार के नुकसान की खबर नहीं है। सुकमा सहित दोरनापाल, कोंटा, गादीरास सभी जगह भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। वहीं बीजापुर में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। इसके अलावा नारायणपुर में एक सैकेंड भूकंप आया। भूकंप का केंद्र तेलंगाना के भद्राचलम में था। वहीं भूकंप के झटके की यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

## आंगनबाड़ी में पढ़ने वाली दो साल की बच्ची का गजब का ज्ञान

**गरियाबंद,4 दिसंबर।** भारत में वैसे तो टैलेंट की कमी नहीं है, कभी- कभी ऐसे लोगों की उम्र और कद देखकर उनके टैलेंट पर यकीन करना मुश्किल होता है। ऐसा ही छत्तीसगढ़ की एक मासूम टैलेंटेड बच्ची का वीडियो वायरल हो रहा है. यह बच्ची आंगनबाड़ी में पढ़ती है, वीडियो में बच्ची की नॉलेज देख लोग हैरान हैं। वीडियो पर खूब प्यार लुटा रहे हैं। यह टैलेंटेड बच्ची छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले के छुरा विकासखंड के कुटेना गांव की रहने वाली है, बच्ची का नाम टिवंकल निषाद पिता का नाम आनंद निषाद और माता खुशी निषाद है, बच्ची गावं के ही आंगनबाड़ी में पढ़ती है, जहां 30 बच्चे पढ़ते हैं। आंगनबाड़ी में बच्ची से कार्यकर्ता रीना साहू ने जब बच्ची से सवाल किया, तो इस दौरान किसी ने उसका वीडियो बना लिया और सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया, जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में बच्ची से जब उसका नाम, माता पिता के नाम के साथ गांव, सरपंच का नाम पूछा गया, तो उसने इसका सही उत्तर बहुत ही आत्मविश्वास के साथ दिया। वहीं जब बच्ची से पूछा गया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री कौन हैं तो उसने बड़ी मासूमियत से इसका उत्तर देते हुए कहा विष्णु देव साय है। वायरल वीडियो में बच्ची ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम भी बहुत सटीकता से बताया। बच्ची की सामान्य ज्ञान की जानकारी देख कर सोशल मीडिया यूजर खूब तारीफ़ कर रहे हैं। वीडियो छत्तीसगढ़ सहित पुरे देश में वायरल हो रहा है।



## तिरुपति बालाजी में निःशुल्क विशेष दर्शन की सुविधा

**हैदराबाद,4 दिसंबर।** तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम ने 65 वर्ष से अधिक आयु के तीर्थयात्रियों को शांतिपूर्वक और अधिक सावधानी से भगवान वेंकटेश्वर स्वामी का दर्शन करने की सुविधा देने के लिए वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्रतिदिन 2 निःशुल्क स्लॉट दर्शन के लिए बनाए हैं- एक सुबह 10 बजे और दूसरा दोपहर 3 बजे. 65 वर्ष से अधिक आयु के तीर्थयात्री इस सुविधा के लिए पात्र हैं. नई व्यवस्था से वरिष्ठ नागरिकों को 30 मिनट के भीतर भगवान का दर्शन करने में आसानी होगी. इससे वे शांतिपूर्वक और बिना किसी परेशानी के भगवान का दर्शन कर सकेंगे. इस समय के दौरान, अन्य सभी कतारें बंद हो जाएंगी. TTD ने पार्किंग क्षेत्र से वरिष्ठ नागरिकों को काउंटर तक पहुंचने के लिए बैटरी चालित कार सेवा दी है. दर्शन में भाग लेने के इच्छुक तीर्थयात्रियों को दक्षिण माडा स्ट्रीट पर तिरुमाला नंबी मंदिर के पास प्रवेश द्वार पर अपने फोटो और आईडी प्रूफ के साथ Sv काउंटर पर देना होगा.

TTD ने वरिष्ठ नागरिकों को बैठने की जगह दी है और उन्हें सीढ़ियाँ चढ़ने की आवश्यकता नहीं है. दर्शन के दौरान उन्हें सांभर, दही चावल और गर्म दूध मुफ्त में दिया जाएगा; वरिष्ठ नागरिकों को दो लड्डू 20 रुपये में और अतिरिक्त लड्डू 25 रुपये में मिलेंगे. ज्यादा जानकारी के लिए 08772277777 पर संपर्क करें.

## वापस दिल्ली लौटा राहुल और प्रियंका गांधी का काफिला

### नहीं मिली संभल जाने की इजाजत

**नई दिल्ली,4दिसंबर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी को यूपी पुलिस ने गाजीपुर बार्डर पर रोक लिया है। वह अन्य कांग्रेस नेताओं के साथ दिल्ली से संभल जा रहे थे। उत्तर प्रदेश पुलिस ने उन्हें आगे जाने की इजाजत नहीं दी, जिसके बाद राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी समेत हजारों कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता वापस दिल्ली की ओर रवाना हो गए हैं। कांग्रेस ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई है।

हम संभल जाने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन पुलिस इजाजत नहीं दे रही है। विपक्ष के नेता के तौर पर जाना मेरा अधिकार है लेकिन फिर भी वे मुझे रोक रहे हैं। मैंने कहा कि मैं अकेले जाने को तैयार हूं, मैं पुलिस के साथ जाने को तैयार हूं लेकिन वे इस पर भी राजी नहीं हुए। अब वे कह रहे हैं कि अगर हम कुछ दिनों में वापस आते हैं, तो वे हमें जाने देंगे। यह विपक्ष के नेता के अधिकारों के खिलाफ है, उन्हें मुझे जाने देना चाहिए। यह संविधान के खिलाफ है, हम सिर्फ संभल जाना चाहते हैं, लोगों से मिलना चाहते हैं और देखना चाहते हैं कि वहां क्या हुआ। मुझे मेरे संवैधानिक अधिकार नहीं दिए जा रहे हैं। यह नया भारत है, यह संविधान को नष्ट करने वाला भारत है, हम लड़ते रहेंगे। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी ने कहा कि राहुल गांधी नेता प्रतिपक्ष हैं। संभल जाना उनका संवैधानिक और नैतिक अधिकार है। उन्हें वहां जाने की इजाजत मिलनी चाहिए। गाजीपुर बॉर्डर पर बैरिकेडिंग लगाकर रास्ता रोकने वाली पुलिस को यह भी स्पष्ट करना चाहिए कि हिंसा प्रभावित परिवारों से नेता प्रतिपक्ष को क्यों नहीं मिलने दिया जा रहा है। गौरतलब है कि राहुल गांधी ने मंगलवार को संभल जाकर हिंसा में मरने वाले लोगों के परिवार से मुलाकात करने जाने का ऐलान किया था। जिसके बाद संभल प्रशासन ने उनकी मांग को खारिज कर दिया था। साथ ही दिल्ली से सटे तमाम जिलों को यह आदेश दिया गया था कि किसी भी हालत में राहुल गांधी समेत अन्य नेता संभल ना आ पाए। संभल प्रशासन ने 10 दिसंबर तक किसी भी बाहरी व्यक्ति को हिंसाग्रस्त इलाके में जाने की मनाही है।



## रसगुल्ला नहीं देने पर विवाद,युवक की हत्या

**भिलाई,4दिसंबर।** दुर्ग जेवरा सिरसा क्षेत्र में मामूली विवाद ने खूनी रूप ले लिया। बताया जा रहा है कि एक घर में शादी की पार्टी चल रही थी.इसी दौरान एक युवक का खाना परोस रहे दो नाबालिगों के साथ खाने की चीजों को लेकर विवाद हुआ.उस समय तो विवाद लोगों ने मिलकर शांत करा दिया.लेकिन जब पार्टी खत्म हुई तो दोनों नाबालिगों के साथ फिर से युवक ने विवाद किया.लेकिन इस बार नाबालिगों का इरादा कुछ और ही था। ग्राम जेवरा में मंगलवार रात एक शादी हो रही थी.इसी शादी में खाने का प्रोग्राम था. शादी में शरीक होने के लिए एक युवक आया.जहां उसने खाने को लेकर वहां खाना परोस रहे दो नाबालिगों से विवाद किया. स्थानीय लोगों की माने तो खाने की प्लेट में एक और रसगुल्ला नहीं देने को लेकर युवक ने आपत्ति जताई थी.वहीं नाबालिग उसे रसगुल्ला नहीं दे रहे थे.इसी बात को लेकर दोनों में विवाद हो गया.विवाद के बाद जब मामला शांत हुआ तो लोग अपने घरों की ओर जाने लगे.इस दौरान विवाद करने वाले युवक ने फिर से दोनों नाबालिगों के साथ रसगुल्ला नहीं देने को लेकर बातचीत की.इस बार मामला इतना बढ़ा की दोनों नाबालिगों ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई चाकूबाजी के बाद युवक लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गया.वहीं उसे चाकू मारने वाले मौके से भाग गए. दोनों नाबालिग बदमाश जेवरा सिरसा चौकी पहुंचे और सरेंडर कर दिया.जिसके बाद पुलिस दोनों को तुरंत लेकर मौके पर पहुंची.जहां घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया गया.जहां इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई.युवक की मौत के बाद पुलिस ने दोनों लड़कों को हिरासत में ले लिया है अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ( दुर्ग ) अभिषेक झा ने बताया कि ग्राम जेवरा में मंगलवार शाम एक शादी थी. वहां पार्टी के दौरान खाने पीने की चीजों को लेकर दो नाबालिग युवकों के साथ एक युवक का विवाद हुआ.उस समय विवाद शांत हो गया.लेकिन शादी की पार्टी खत्म होने के बाद दोनों पक्षों में फिर से कहासुनी हुई.इसी बीच नाबालिगों ने पास रखे चाकू से युवक पर हमला कर दिया



### राज्यसभा में धनखड़ ने किसान मुद्दे पर हंगामा कर रहे विपक्षी सांसदों को लगाई फटकार

**नई दिल्ली,4 दिसंबर।** शीतकालीन सत्र का सातवां दिन बुधवार को शुरू हुआ, जिसमें विपक्ष ने किसानों के मुद्दे पर हंगामा किया. विपक्षी नेता ने नारेबाजी की और ये सरकार नहीं चलेगी के नारे लगाए, जिसमें कई नेता बाहर चले गए. इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने नाराजगी व्यक्त की और खड़े होकर विपक्षी नेताओं को डांटा. धनखड़ ने कहा, ÷आपके लिए किसानों का हित स्वार्थ के लिए है; ये नारेबाजी और घड़ियाली आंसू यहां नहीं चलेंगे. राज्यसभा में कार्यवाही के दौरान सभापति जगदीप धनखड़ और विपक्षी नेताओं के बीच बहस हुई क्योंकि वे किसान मुद्दे पर सरकार के खिलाफ नारेबाजी कर रहे थे.

## कई केंद्रों में धान खरीदी ठप, भटकते रहे किसान

**डोंगरगढ़,4 दिसंबर।** धान का उठाव नहीं होने के कारण धान खरीदी केंद्रो में जाम की स्थिति निर्मित होने से कई सेंटरों में आज खरीदी बंद रही तो दूसरी ओर अन्य सोसाइटीयो की स्थिति खस्ताहाल होने के कगार पर है. धान का उठाव नहीं होने के कारण किसान तथा समिति प्रबंधकों के माथे पर चिंता की लकीर साफ तौर पर दिखाई देने लगा है. प्राप्त समाचार में बताया गया कि धान खरीदी केंद्र अछोली, बेलगांव, मुसरा, पनियाजोब की सोसाइटी में आज सुबह से ही धान खरीदी नहीं हो पाया है. किसान टोकन कटने के बाद भी अपना धान नहीं बेच पा रहा है तो दूसरी ओर कोल्हियापुरी, मुड़पार, मेढा, रंगकठेरा, लालबहादुर नगर, महाराजपुर, लालुटोला, चारभांठा, कनेरी, बागरेकसा, ठाकुरटोला, भोथली, ढारा, मोहारा, रूंवातला, भंडारपुर, मुड़ीपार धान खरीदी केंद्रो में धान का उठाव प्रारम्भ नहीं हुआ तो दो दिन के बाद इन धान खरीदी केंद्रो में भी बंद करने की स्थिति निर्मित हो जायेगी. धान का परिवहन नहीं होने के कारण खरीदी केंद्रो में जाम की स्थिति निर्मित होने से कई सेंटरों में आज खरीदी बंद रही तो दूसरी ओर अन्य सोसाइटीयो की स्थिति खस्ताहाल होने के कगार पर है. धान का उठाव नहीं होने के कारण किसान तथा समिति प्रबंधकों के माथे पर चिंता की लकीर साफ तौर पर दिखाई देने लगा है. प्राप्त समाचार में बताया गया कि धान खरीदी केंद्र अछोली, बेलगांव, मुसरा, पनियाजोब की सोसाइटी में आज सुबह से ही धान खरीदी नहीं हो पाया है. किसान टोकन कटने के बाद भी अपना धान नहीं बेच पा रहा है तो दूसरी ओर कोल्हियापुरी, मुड़पार, मेढा, रंगकठेरा, लालबहादुर नगर, महाराजपुर, लालुटोला, क्चड्डह्लद्धशह्द्ध, कनेरी, बागरेकसा, ठाकुरटोला, भोथली, ढारा, मोहारा, रूंवातला, भंडारपुर, मुड़ीपार धान खरीदी केंद्रो में धान का उठाव प्रारम्भ नहीं हुआ तो दो दिन के बाद धान खरीदी केंद्रो में भी बंद करने की स्थिति निर्मित हो जायेगी प्रायडोंगरगढ़ - धान का उठाव नहीं होने के कारण धान खरीदी केंद्रो में जाम की स्थिति निर्मित होने से कई सेंटरों में आज खरीदी बंद रही तो दूसरी ओर अन्य सोसाइटीयो की स्थिति खस्ताहाल होने के कगार पर है. धान का उठाव नहीं होने के कारण किसान तथा समिति प्रबंधकों के माथे पर चिंता की लकीर साफ तौर पर दिखाई देने लगा है. प्राप्त समाचार में बताया गया कि धान खरीदी केंद्र अछोली, बेलगांव, मुसरा, पनियाजोब की सोसाइटी में आज सुबह से ही धान खरीदी नहीं हो पाया है. किसान टोकन कटने के बाद भी अपना धान नहीं बेच पा रहा है तो दूसरी ओर कोल्हियापुरी, मुड़पार, मेढा, रंगकठेरा, लालबहादुर नगर, महाराजपुर, लालुटोला, क्चड्डह्लद्धशह्द्ध, कनेरी, बागरेकसा, ठाकुरटोला, भोथली, ढारा, मोहारा, रूंवातला, भंडारपुर, मुड़ीपार धान खरीदी केंद्रो में धान का उठाव प्रारम्भ नहीं हुआ तो दो दिन के बाद धान खरीदी केंद्रो में भी बंद करने की स्थिति निर्मित हो जायेगी प्रायः प्रायः सभी धान खरीदी केंद्रो बम्पर लिमिट के मापदंड के विरुद्ध 6 से 7 गुना अधिक मात्रे में धान की खरीदी केंद्रो में हो चुकी है परंतु इस समस्या को दूर करने वाले दूर दूर तक दिखाई नहीं दे रहे है.

## एक नजर

### 75000 के सामान की चोरी

**भिलाई, 4 दिसंबर।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र के अंतर्गत तीन सेट एवं एस्बेस्टस सीट के दुकान संचालकों के बीच चोरों ने दहशत पैदा कर दी है। आधा दर्जन दुकानों के शीट तोड़कर एवं खोलकर चोर द्वारा अंदर रखे नकदी रकम एवं समान पर हाथ साफ कर दिया। चोर ने कुल 75000 के सामान की चोरी की है जिसमें मिल्क पार्लर दुकान से चॉकलेट मोबाइल से पुराने मोबाइल फोन हेडफोन पान दुकान से सिगरेट आदि सामानों की चोरी की गई है। परंतु चोर की इस हरकत के कारण दुकानदारों के बीच दहशत का वातावरण निर्मित हो चुका है जामुल पुलिस ने बताया कि आशीष ईखर ;34 वर्षद्ध एच पीण् पेट्रोल पम्प के सामने धानी डेली नीड्स का दुकान कुरूद में चोरी हो गई। राजेश कुमार बिसेन 33 वर्ष सरस्वती शिशु मंदिर के सामने कुरूद मे देवभोग मिल्क पार्लर की दुकान चलाता है उसकी शीट तोड़कर चोरी की गई संतोष कुमार साहू 35 वर्ष भगवा चौक के सामने कैलाश नगर जामुल मे देवभोग मिल्क पार्लर की दुकान चलाता है। यहां से सामान व नगदी रकम कुल जुमला 22,000 रूपये की चोरी हो गई चौथे प्रकरण में सुभाष कुमार सिंह 29 वर्ष सन मैरिज पैलेस के पास स्थिरतचौक के आगे भवानी सायकल स्टोर्स एवं डेली निड्स की दुकान है। 26 नवंबर को रात करीबन 11 बजे अपनी दुकान को बंद कर घर वापस आया। दूसरे दिन करीब 7 बजे दुकान गया तो देखा दुकान के छत पर लगे सीमेंट का शीट टूटा हुआ था सायकल टूल्स कुल कीमती करीबन 16,000 रूपये का व गल्ले मे रखा नगदी रकम करीबन 500 रूपये नहीं था अभिलाष ठाकुर 26 वर्ष हाऊसिंग बोर्ड कालीबाड़ी चौक के पास श्रीसाई मोबाईलनरिपेयर का दुकान है। 30 नवंबर को रात्रि करीब 6000 रु. इनके यहां चोरी गो गई रवि सिंह 29 वर्ष वार्ड 06 पंजाब बार केपास राम नगर सुपेला में रहता है एसीसी चौक जामुल के पास दुसिया इस्पात कंपनी में सुपरवाईजर के पद पर कार्यरत है ।

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय की छात्रा मानवी का सपना आईएएस बनना

**कवर्धा, 4 दिसंबर।** सुशील वर्मा और सीमा वर्मा की सुपुत्री मानवी वर्मा से जब यह सवाल पूछा गया की आप क्या बनना चाहते हो उन्होंने त्वरित



जवाब दिया की मैं आई ए एस बनना चाहती हु । पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय महाराजपुर की 4 ह्लद्ध की स्टूडेंट है और प्रतिदिन हर सुबह मॉर्निंग वॉकिंग पापा के साथ हमेशा करती हुई देखी जाती है । आदर्श के सवाल पर मानवी ने कहा मेरे पापा मेरे लिए आदर्श है ।

### श्रीमद भागवत कथा सुनने पहुँचे जिला पंचायत सदस्य की गाड़ी में घुसा सांप

**उतई, 4 दिसंबर।** पाटन विधानसभा के अन्तर्गत आने वाले ग्राम मटंग जंहा श्रीमद भागवत महापुराण कथा का श्रवण पान करने के लिये जिला पंचायत सदस्य श्रीमती हर्षा लोकमनी चन्द्रकार पहुँचे। जहां कथा का रसपान करके जब अपने कार के पास आया तो खड़ी गाड़ी के पायदान में जहरीला सर्प चढ़ा हुआ था, जैसे ही लोकमनी चंद्राकर बैठने के लिये अपने पैर रखा सर्प पर नजर पड़ी और सर्प गाड़ी के इंजन में जा घुसी! श्रीमती हर्षा लोकमनी चन्द्रकार ने बताया की ये तो श्रीमद भागवत भगवान की महा कृपा है जो हम बाल बाल बच गये, अन्यथा कुछ भी हो सकता था । इस दौरान जानकारी मिलते ही पर्यावरण रक्षक,सर्प पकड़ने वाले रवि ठाकुर मर्रा भी पहुँचे लेकिन कार के इंजन में नाजुक जगह होने के कारण सर्प को पकड़ते नहीं बना, सर्प गाड़ी के इंजन में ही दुबक के बैठे गया और घण्टों प्रयास करने के बाद भी सर्प नहीं निकल पाया।

### सामुदायिक भवन निर्माण कार्य जल्द होगा शुरू:महापौर



**रिसाली।** रिसाली निगम महापौर शशि सिन्हा ने बंद पड़े सामुदायिक भवन निर्माण कार्य को जल्द शुरू कराने का आश्वासन दिया है। महापौर और सभापति केशव बंछोर समेत महापौर परिषद के सद्स्य पुरैना पहुंचे थे। उन्होंने निर्माण कार्यो की समीक्षा की। महापौर सबसे पहले पुरैना स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के सामने बन रहे सामुदायिक भवन पहुंचे। शासन स्तर पर 20 लाख स्वीकृत किया गया है। कुछ माह से निर्माण कार्य बंद होने की शिकायत मिलने पर महापौर शशि अपने परिषद के सदस्यों के साथ पुरैना पहुंची थी। स्थानीय पार्षद और नागरिकों से चर्चा करने के बाद उन्होंने आश्वस्त किया कि कार्य बंद होने का सही कारणों का पता लगाकर वे निर्माण कार्य शुरू कराने सार्थक पहल करेंगी। इस दौरान महापौर परिषद के सदस्य जहीर अब्बास, सनीर साहू, अनिल देशमुख, चन्द्रप्रकाश सिंह, परमेश्वर कुमार, ममता यादव, डॉ. सीमा साहू, पार्षद रंजीता बेनुआ, पार्वती आदि उपस्थित थे।

# विधानसभा के विकास एवं सेवा का परम सौभाग्य देने के लिए सभी परिवारजनों को मैं प्रणाम करती हूँ:भावना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,4 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी ने पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनाई। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में भाजपा ने अपने घोषणा पत्र में किये बहुत से वादों को पूरा किया है और आज एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भाजपा जनादेश दिवस के रूप में मना रही है। इस दौरान पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने भी भाजपा सरकार और पंडरिया विधानसभा में विगत एक वर्ष में हुए विकास कार्यों और उपलब्धियों को गिनाया और कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार विकास एवं जन कल्याण के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने कहा कि आज का दिन पूरे छत्तीसगढ़ की जनता के लिए एक विशेष और ख़ास दिन है। जनता ने अपने जनादेश के साथ 3 दिसंबर 2023 को भारतीय जनता पार्टी और माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की गारंटी पर विश्वास जताते हुए भाजपा को ऐतिहासिक जीत दिलाकर प्रदेश में सुशासन की स्थापना की। मैं पंडरिया विधानसभा के मेरे परिवारजनों को भी प्रणाम करती हूँ और उनका हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ उन्होंने मुझे अपनी सेवा एवं क्षेत्र का विकास करने का परम सौभाग्य मुझे दिया। मैं उनके इस विश्वास एवं अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने के लिए हमेशा प्रयासरत रहूंगी। एक परिवार की भांति जो मुझे उनका मार्गदर्शन, सहयोग व स्नेह मिलता है वह मेरे लिए बहुमूल्य है। मैं उनके हर सुख दुःख में साथ निभा सकूँ और क्षेत्र की जनता ने जो मुझे जिम्मेदारी दी है उसे पूरा कर सकूँ इसके लिए मैं पूरी निष्ठा व समर्पण से कार्य करती रहूंगी।

छत्तीसगढ़ की देवतुल्य जनता ने आज ही के दिन कांग्रेस



के 5 वर्षों के कुशासन पर प्रहार कर भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति एवं विकास के विजन को आत्मसात किया। देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी ने प्रदेश की जनता को विकसित छत्तीसगढ़ की गारंटी प्रदान की थी, जिस पर जनता ने पूर्ण विश्वास व्यक्त करते हुए भारतीय जनता पार्टी को पूर्ण बहुमत से विजयी बनाया। साथ ही सभी समर्पित कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम, एकनिष्ठता एवं संघर्ष ने भाजपा को पुनः जनसेवा का अवसर प्रदान कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

भावना दीदी की गारंटी में हमने पंडरिया विधानसभा के विकास एवं जन भावनाओं के सम्मान हेतु संकल्प किये थे आज वह भी धरातल पर पूरे हो रहें हैं। आज पंडरिया विधानसभा में जनता की समस्याओं के निवारण के लिए पंडरिया, पांडातराई, कुंडा,कुई-कुकदुर, इंदौरी, दुल्लापुर एवं रणवीरपुर को मिलाकर कुल 7 स्थानों में जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र की स्थापना की जा चुकी है। क्षेत्र के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं ढ्ढद्गञ्ज-छ्वश्वश्व, ह्वश्वश्वञ्ज एवं ष्टत्रक्कस्ष्ट की तैयारी हेतु 1 जनवरी से निशुल्क कोचिंग का लाभ मिलेगा। हमर पंडरिया स्वस्थ पंडरिया के उद्देश्य से आज पंडरिया विधानसभा में कुल 8 निशुल्क एम्बुलेंस सेवा एवं 1 मोबाइल हेल्थ पैथ लैब का भी निशुल्क सञ्चालन किया जा रहा है। पंडरिया विधानसभा के हमारे किसान भाई-बहनों की बहुप्रतीक्षित सुतियापाट नहर विस्तारीकरण का कार्य भी प्रगति पर है जिससे क्षेत्र के 26 से अधिक गाँव के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनते ही सबसे पहले किसानों के हित में निर्णय लिया गया, उन 18 लाख गरीब परिवारों के लिए निर्णय लिया गया जिन्होंने अपने पक्के आवास का सपना देखा था, उन युवाओं के लिए निर्णय लिए गए जो रोजगार की तलाश कर रहे थे और जिनका भविष्य कांग्रेस ने सीजी-पीएससी जैसे भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दी, उन माताओं-बहनों के सशक्तिकरण के लिए निर्णय लिया गया जो पांच वर्षों तक अपेक्षित थी। हमने किसानों को दो वर्ष के बकाया धान बोनस दिया, 3100 रुपए प्रति क्विंटल में आज धान खरीदी हो रही है, महतारी वंदन योजना से प्रदेश की 70 लाख महिलाओं को महतारी वंदन योजना के तहत हमारे पंडरिया विधानसभा में 1.25 लाख से अधिक महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए की 9 किश्त उनके खातों में हस्तांतरित की, तेंदुपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपए प्रति मानक बोरा और गरीब परिवारों को आवास मिला। आज इन संकल्पों को पूरा करते हुए भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ में रुके विकास कार्यों को नए पंख दिए। आज पूरे प्रदेश में विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं, अधोसंरचना विकास से प्रदेश की अर्थव्यवस्था को गति मिल रही है, तो वहीं जनता को सुविधा भी मिल रही है।पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने बताया कि विगत एक वर्ष में पंडरिया विधानसभा में विकास कार्यों, अधोसंरचना निर्माण एवं जन सुविधाओं के लिए अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। हमारे किसान भाईयों-बहनों के हित के साथ-साथ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में भी विकास कार्य आकार ले रहें जो उन्हें विकास की मुख्यधारा से जोड़ रहें हैं। हमारे पंडरिया विधानसभा अंतर्गत आने वाले आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र कुई-कुकदुर में भी पीएम जनमन योजना के तहत 3342 आवास को स्वीकृति दी गई है। पंडरिया विधानसभा के भी 14088 आवासों को स्वीकृति मिली एवं पहली किश्त उनके खातों में जारी की गई। इसके साथ ही पंडरिया विधानसभा में विधायक निधि के तहत सामुदायिक भवन, यात्री प्रतीक्षालय,सीसी रोड, जैसे अधोसंरचना विकास हेतु 4 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत हुए हैं। आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में सड़कों के विस्तारीकरण हेतु पीएम जनमन योजना के अंतर्गत 22 सड़कों को डामरीकृत करने हेतु 58 करोड़ से अधिक की राशि केंद्र सरकार द्वारा पंडरिया विधानसभा को दी गई है।

# हमारा पहला वर्ष विकास और जनकल्याण की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा:उपमुख्यमंत्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 4 दिसंबर।** कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के विधायक और छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने अपने विधायकी के एक वर्ष पूर्ण होने पर इसे ऐतिहासिक और सफल बताते हुए इस उपलब्धि को जनता को समर्पित करते हए जनता के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर उन्होंने क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की। इसके पहले उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक, पुरातत्व, धार्मिक और पर्यटन महत्व के स्थलों बाबा भोरमदेव मंदिर और कवर्धा के प्रसिद्ध खेड़ापति हनुमान मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की खुशहाली और समृद्धि के लिए आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि यह आप सबकी सहभागिता और विश्वास का ही परिणाम है कि हमारा पहला वर्ष विकास और जनकल्याण की दिशा में ऐतिहासिक उपलब्धियों से भरा रहा है।

इस अवसर पर क्षेत्र की जनता और जनप्रतिनिधियों ने उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा का भव्य स्वागत किया। लोगों ने पुष्प-माला और भगवा गमछा भेंट कर उनका अभिनंदन किया और शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित नागरिकों ने उनके नेतृत्व में हुए विकास कार्यों की सराहना की। उपमुख्यमंत्री ने जनता से मिले इस सम्मान और दुलार पर आभार जताते हुए कहा कि आप सबका यह स्नेह और समर्थन मेरी सबसे बड़ी ताकत है। मैं हमेशा क्षेत्र



के विकास और जनता की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहूंगा।उपमुख्यमंत्री श्लाल विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार को सुशासन की प्रतीक बताते हुए कहा कि हमारा लक्ष्य कवर्धा को शिक्षा, कृषि, सिंचाई, उद्योग और खेल के क्षेत्र में रोल मॉडल बनाना है। यह यात्रा आपके साथ और समर्थन से ही सफल होगी। यह सरकार हर वर्ग के कल्याण और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने जनता से अपील की, ÷हमारी सरकार का हर कदम विकास और जनसेवा की दिशा में है।उपमुख्यमंत्री के प्रयासों से मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निधि सलाहकार समिति की 20वीं बैठक में डोंगरगढ़ - कबीरधाम-मुंगेली-कटघोरा रेलमार्ग के लिए 300 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई। यह परियोजना क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के निर्माण और आर्थिक विकास में सहायक साबित होगी। उपमुख्यमंत्री के विशेष प्रयासो से जिले की बहुप्रतीक्षित माँग कवर्धा में मेडिकल कॉलेज की स्थापना के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने 306.23 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की है। यह परियोजना जिले के स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार लाने और चिकित्सा शिक्षा के नए अवसर उत्पन्न करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जिले के युवाओं के सर्वांगीण विकास पर जोर देते हुए विजय शर्मा ने कहा कि जिले में 24 नए मिनी स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। ÷इन स्टेडियमों से युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा निखारने और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर मिलेगा। यह पहल खेल को गांव-गांव तक पहुंचाने का हमारा संकल्प है।उपमुख्यमंत्री ने कवर्धा विधानसभा को शिक्षा, कृषि, उद्योग, सिंचाई और खेल गतिविधियों के क्षेत्र में रोल मॉडल बनाने का संकल्प व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सिंचाई परियोजनाओं से किसानों की आय में वृद्धि होगी, जबकि खेल सुविधाओं के विकास से युवाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने के अवसर मिलेंगे।

# घुघवा (ज) में नियम विरुद्ध अधिक तौला जा रहा धान, किसान नेता राकेश ठाकुर का आरोप



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 4 दिसंबर।** प्रदेश, जिला एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत आज किसान नेता एवं पूर्व डायरेक्टर अपेक्स बैंक श्री राकेश ठाकुर ने घुघवा (ज) का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों ने श्री ठाकुर से शिकायत करते हुवे कहा कि प्रति कट्टा धान की खरीदी 40किलो 580 ग्राम खरीदी किया जाना है किंतु धान खरीदी केंद्र घुघवा (ज) में प्रति कट्टा 40 किलो 800 ग्राम धान तौल कर खरीदी जा रही है। इस पर श्री ठाकुर ने तत्काल धान खरीदी केंद्र के जिम्मेदारों से जानकारी मांगा तो जिम्मेदारों का कहना था कि मिलर धान का उठाव ही 40 किलो 700 ग्राम में करता है ऐसे स्थिति में हमे मजबूरन 40 किलो 800 ग्राम खरीदी करना पड़ रहा है। ठाकुर ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी पहले ही धान खरीदी के संबंध में स्पष्ट कह चुके है कि कही भी धान खरीदी प्रति कट्टा 40 किलो 580 ग्राम से अधिक खरीदा जाता है तो तत्काल शिकायत करें। ठाकुर ने तत्काल मौके से ही एसडीएम पाटन लवकेश कुमार ध्रुव को इस संबंध में शिकायत करने फोन किया लेकिन एसडीएम पाटन ने फोन रिसीव नही किया तो डीएमओ से शिकायत किया गया। इस दौरान श्याम लाल नेताम, सोहन लाल सोनकर, गेंदलाल सोनकर, संतोष वर्मा, कैलास यादव, तीजउ सोनकर, गुलाब ठाकुर, नारायन सोनकर, कृष्ना लाल सोनकर, शिवकुमार सोनकर सहित अन्य किसान मौजूद थे ।

# बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमले चिंताजनक : मनीष



**भिलाई, 4 दिसंबर।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार एवं संत चिन्मय कृष्णदास की अन्यायपूर्ण गिरफ्तारी के विरोध में श्रीराम जन्मोत्सव समिति ने भी सर्व समाज द्वारा आयोजित हिंदू आक्रोश रैली में अपनी भागीदारी दी। भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं समिति के युवा शाखा जिलाध्यक्ष मनीष पाण्डेय के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में समिति के सदस्य एवं आमजन दुर्ग राजेंद्र प्रसाद चौक में आयोजित रैली में शामिल हुए और अपना विरोध दर्ज कराया। पाण्डेय ने कहा कि बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हमले, हत्या, लूट तथा महिलाओं पर हो रहे अमानवीय अत्याचार चिंताजनक हैं, हम इसकी निंदा करते हैं। आज इस हिंदू आक्रोश रैली के माध्यम से हम इस अन्याय और अत्याचार की कड़े शब्दों में निंदा करते हैं। पाण्डेय ने कहा कि हमारी मांग है कि हिंदुओं पर हो रहा अत्याचार बंद हो और संत चिन्मय कृष्णदास को तत्काल कारावास से मुक्त किया जाए। उन्होंने हिंदुओं एवं भिलाईवासियों से अपील करते हुए कहा कि सब एकजुट होकर इस कठिन समय में बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं की ताकत बनें। इस दौरान मुख्य रूप से समिति के प्रांतीय अध्यक्ष रमेश माने, अजय पाठक, जिला अध्यक्ष मदन सेन, महिला शाखा अध्यक्ष श्रीमती शीला वाघमारे, महामंत्री श्रीमती मेघा कौर, पार्षद श्रीमती वीणा चंद्राकर, श्रीमती ईश्वरी नेताम, दिनेश यादव, जे श्रीनिवास राव, दिलीप केशरवानी, विष्णु मिश्रा, करण कन्नौजिया, अऱविंद वर्मा, आकाश सिंह, अरुण सिंह, रोहित तिवारी, आशीष चौधरी, प्रकाश यादव, मुकेश सिंह, दीपक पांचाल, पीएस सिंह, पी. शिवराम, आकाश तिवारी, गुलाब सिंह, सूरजभान, डी साईं, रवि कुमार, शोभित राव, शंकर केडिया, रामचंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में समिति के कार्यकर्ता एवं आमजन उपस्थित थे।

### दिव्यांग दिवस पर नेत्रहीन बच्चों को बंछोर ने किया प्रोत्साहित



जामुल। दिव्यांग दिवस समारोह में दिव्य ज्योति नेत्रहीन बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए नगर पालिका परिषद जामुल के पूर्व अध्यक्ष रेखराम बंछोर सांसद प्रतिनिधि प्रमोद सिंह प्राचार्य मैडम अविनाश एवं समस्त स्टाप सभी बच्चों ने अनेक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें दिव्य ज्योति नेत्रहीन बच्चों के माता-पिता भी भारी संख्या में शामिल हुए।

### विश्व दिव्यांगजन दिवस पर सहायक उपकरणों का वितरण



**भिलाई, 4 दिसंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के बिलासपुर जिले के हिर्री माइंस में सीएसआर विभाग द्वारा 3 दिसंबर को विश्व दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर 112 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण प्रदान किए गए। अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक श्रीकांत, महाप्रबंधक शिवराजन नायर, उप महाप्रबंधक सोमनाथ कुमार सिंह, उप महाप्रबंधक एन एम मेश्राम, उप प्रबंधक के के वर्मा तथा माइंस और बीएसपी के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण, कर्मचारीगण तथा आसपास के निवासी उपस्थित थे।

# पौधों की सिंचाई, बंद पड़े नल को चालू और पाइप लाइन का कराए संधारण:आयुक्त



**भिलाई, 4 दिसंबर।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय प्रतिदिन सुबह निगम क्षेत्र में हो रहे कार्यो का औचक निरीक्षण कर रहे है। प्रतिदिन अलग-अलग जोन क्षेत्र में जाकर भ्रमण कर रहे हैं और वहां पर चल रहे सफाई व्यवस्था को देख रहे हैं एवं जानकारी प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही क्षेत्र के उद्यानों, तालाबों, स्टेडियम, सडकों पर लगे लाईट व्यवस्था का मॉनिटरिंग भी कर रहे हैं। जो भी आवश्यक निर्देश हैं, अधिकारियो को शीघ्र दे रहे हैं। आयुक्त मंगलवार की सुबह हुड़को श्रीराम चैंक के आस-पास के उद्यानों को देखने पहुंचे। उन्होंने अधिकारी को निर्देश दिए कि उद्यानों में लगाये गये पौधों में पानी की सिंचाई किया जाए, बंद पड़े नल को चालू किया जाए, बिछाए गये पाईप लाईन का संधारण कराएं। उसके बाद हुड़को स्थित क्रिकेट स्टेडियम पहुंचकर वहां की सफाई कराने एवं टूटे हुए गेट का संधारण कराने को कहा, जिससे स्टेडियम में जानवर एवं असामाजिक तत्व अंदर न आएं। वहां से होकर हुड़को तालाब का निरीक्षण किए तालाब में पूजा सामग्री विसर्जन हेतु कुण्ड बनाने के निर्देश दिए, जिससे आस-पास के नागरिक पूजा सामग्री को उसी में डालें । जिससे तालाब साफ-सुथरा रहे एवं जो स्ट्रीट लाईट बंद पड़े हैं उसके शीघ्र संधारण के निर्देश दिए। अंत में शहीद कौशल स्मारक का निरीक्षण किये जहां स्मारक में लगाए गये टाइल्स टूट गये है उसे बदलने के साथ वहां पर लगे पौधो में पानी की सिंचाई करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त कुलदीप गुप्ता, कार्यपालन अभियंता अनिल सिंह, उपअभियंता दीपक देवांगन, जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू आदि उपस्थित रहे।

# किसानों के बोरे का पैसा खा जाने वाले आज किसान हितैषी होने का ढोंग कर रहे है:हर्षा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 4 दिसंबर।** सदस्य जिला पंचायत दुर्ग श्रीमती हर्षा लोकमनी चंद्राकर द्वारा आज धान खरीदी केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। इस दरम्यान उन्होंने पूरे केंद्र का भ्रमण कर धान तौला रहे किसानों से मुलाकात कर किसानों से चर्चा किया। किसानों ने बताया कि टोकन लेने में कुछ सर्वर की दिक्कत हो रही है, टोकन मिल जाने के बाद हम अपना धान आसानी से बेच रहे है, किसानों ने बताया कि धान बेचने के बाद दो से तीन दिन में पैसा खाते में आ जाता है। ऑनलाइन 60त्न एव ऑफ़लाइन40त्न होने से किसान आसानी से टोकन ले पा रहे है, प्रभारी समिति प्रबंधक ने बताया कि प्रतिदिन लिमिट के हिसाब से धान खरीदा जा रहा है बोरे की कही कोई समस्या नही है कुल 1,20000 क्विंटल धान खरीदी करना है कल तक 20095 क्विंटल धान खरीद चुके है अब तक कुल पंजीकृत किसानों 2126 में 412 किसान लाभान्वित हो चुके है, उन्होंने बताया कि पूर्व वर्षों की तुलना में इतने समय मे इस बार ज्यादा धान खरीदा गया है एव अधिक किसान भी लाभान्वित हुए है, आज भी 54 किसानों से लगभग लिमिट का 2573 क्वि/दिन की खरीदी कर चुके है।श्रीमती



चंद्राकर ने बताया कि प्रदेश के विष्णुदेव साय सरकार पिछले 14 नवंबर से किसानों का धान खरीदी कर रही है। वादे के अनुरूप समर्थन मूल्य का पैसा 72 घंटे में आ रही है बाकी बोनस का पैसा पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी एक साथ आगामी दिनों में किसानों के खाते में जमा कर दी जाएगी, साथ ही सरकार ने किसानों को एक शानदार सुविधा दिए है कि किसी भी किसान को गाड़ी भाड़ा या अन्य किसी भी अर्जेंट काम के लिए पैसों की तत्काल जरूरत हो तो वह समिति के बचत बैंक से 10000 रु तक निकाल कर अपना काम चला सकता है।श्रीमती चंद्राकर ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आज कांग्रेस मुद्दाविहीन हो चुकी है आज कांग्रेसियों द्वारा धान खरीदी केंद्र चलो अभियान चलाया गया जो पूरी तरह फ्लॉप रहा गिनती के कांग्रेसी गिनती के केंद्र में ही पहुंच पाए। इन कांग्रेसीयो को किसानों से मिलकर बताना था कि जब भुपेश बघेल की सरकार थी तब क्यो एक दिसंबर से धान खरीदा जाता था, क्यो बोरे की कमी होती थी, हम किसानों द्वारा बोरे खरीदी की गई थी जिसका पैसा पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल ने देने की बात कही थी आज तक क्यो नही मिला, बोनस का पैसा चार किस्तो में क्यो दिया जाता था, एक किश्त नही मिला उसका क्या होगा। इन सारे सवालों का जवाब जब किसानों को देंगे तब इन कांग्रेसियों को धान खरीदी केंद्र में जाने का अधिकार मिलेगा।

सेवा सहकारी समिति में किसान कुटीर का निर्माण मंडी बोर्ड द्वारा कराया गया है जिसका भूमिपूजन एव लोकार्पण पूर्व मुख्यमंत्री भुपेश बघेल द्वारा किया गया है, उक्त कार्य ठेकेदार की लापरवाही से आज भी अपूर्ण है, गुणवत्ता विहीन कार्य किया गया है, बताते है कि ठेकेदार पाटन के रसूखदार कांग्रेस नेता है इस लिए इन पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं किया जा रहा है, श्रीमती चंद्राकर ने मंडी बोर्ड के एसडीओ से बात कर इस मामले में पूरी पारदर्शिता के साथ जांच कर उचित कार्यवाही करते हुए ठेकेदार से वसूली कर ब्लैकलिस्ट करने की मांग की है ।

## निधन

### चंद्रकांत देवांगन



**भिलाई, 4 दिसंबर।** वरिष्ठ पत्रकार चंद्रकांत देवांगन उम्र 42 वर्ष आत्मज स्वर्गीय केशव प्रसाद देवांगन का असमय निधन रायपुर डी के एस अस्पताल में इलाज़ के दौरान हो गया। चन्द्रकांत देवांगन पिछले 20 वर्षों से विभिन्न समचार पत्रों, ऑनलाइन मीडिया एवं टेलिविज़न न्यूज़ में अपनी सेवायें दे रहे थे। दुर्ग एवं भिलाई में एक समाज सेवक के रूप में भी उनकी भूमिका थी। वे अपने पीछे माताजी, अर्धांगिनी और छोटे बच्चे को अकेला छोड़ गए हैं। अंतिम संस्कार आज हरणा बांधा मुक्तिधाम दुर्ग में 12 बजे किया गया।

## एक नजर

### नगर में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ



**छुरिया 4 दिसंबर।** नगर में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी क्रिकेट प्रेमियों के मनोरंजन के लिए टेनिस बॉल प्रतियोगिता का आयोजन छुरिया क्रिकेट क्लब एवं नगर वासियों के सहयोग से 2 दिसंबर से 8 दिसंबर तक हाई स्कूल ग्राउंड में किया जा रहा है। क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ के मुख्य अतिथि भोजवानी ऑनलाइन सीएससी सेंटर के संचालक भोजवानी साहू ,अध्यक्षता गोल्डी कुरैशी ,विशिष्ट अतिथि चुम्मन साहू और शकील कुरैशी के कर कमल से पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। मुख्य अतिथि भोजवानी साहू ने सड़क सुरक्षा एवं युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से 11 खिलाड़ियों को फ्री में हेलमेट का वितरण किया गया तथा सभी युवाओं को सड़क सुरक्षा के बारे में बताया और खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि किसी भी खेल खेलने से हमारा शरीर और मन स्वस्थ रहता है आयोजक मंडल के गोल्डी कुरेशी ,बिट्टू मांडवी, पिंटू यादव और मुजम्मिल खान ने बताया कि क्रिकेट प्रतियोगिता में पहला इनाम 40 हजार है जो विशेष सहयोग से ,दूसरा इनाम 20हजार भोजवानी साहू मुख्य अतिथि के सहयोग से दिया जा रहा है। आयोजको ने बताया कि इस बार शीतकालीन छुट्टी के पहले टूर्नामेंट किया जा रहा है क्योंकि आगामी समय में चुनाव होना है और आचार संहिता भी लग जाएगा जिसके चलते शोर गुल और लाउडस्पीकर प्रतिबंधित हो जाएगा जिसके कारण शीतकालीन के पहले यह आयोजन किया गया।अभी भी स्कूल को ध्यान में रखते हुए बहुत ही कम साउंड में ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग किया जा रहा है ।सभी आयोजकों ने मुख्य अतिथि भोजवानी साहू को जिन्होंने दूसरा इनाम 20 हजार रुपए दिए है और 11 खिलाड़ियों के लिए 11 हेलमेट फ्री में दिया है जिसके लिए आयोजको ने उनका आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

### निशुल्क डिजिटल जागरूकता शिविर का लाभ उठा रहे हैं वार्ड के लोग



**छुरिया 4 दिसंबर।** नगर में भोजवानी ऑनलाइन सीएससी सेंटर ने वार्ड वार निशुल्क डिजिटल जागरूकता शिविर लगाकर श्रमिक पंजीयन, लर्निंग लाइसेंस ,आयुष्मान कार्ड पंजीयन तथा वोटर आईडी कार्ड न्यू प्रिंट का काम के साथ आम जनता की कई लिपिकी समस्या का निपटारा किया जा रहा है। 30 नवंबर को वार्ड क्रमांक 5 और 6 में शिविर लगाया गया जिसमें लगभग 200 लोगों ने शिविर का लाभ लिया तथा वार्डवासियों ने इस काम के लिए भोजवानी ऑनलाइन सीएससी सेंटर के संचालक भोजवानी साहू की प्रशंसा करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### धान खरीदी में भाजपा सरकार की नीयत खराबः कांग्रेस



**राजनांदगांव 4 दिसंबर।** पूरे प्रदेश में किसानों से समर्थन मूल्य पर प्रशासनिक व्यवस्था से धान खरीदी हो रही विभिन्न समस्याओं तथा भाजपा के चुनावी संकल्प पत्र में किए गए वादे अनुरूप 21 क्विंटल प्रति एकड़ की खरीदी नहीं होने, 3100 रूपए क्विंटल का वादा कर 2300 रूपए का भुगतान, तौल में कमी (सूखत पड़त), धान खरीदी केन्द्रों में पानी की कमी, प्रसाधन सुविधाओं की कमी, ऑनलाइन टोकन में समय की कमी, बारदाने की कमी, एकमुश्त भुगतान के मामले को लेकर कांग्रेस कमेटी द्वारा 03 दिसंबर मंगलवार को पूरे प्रदेश में धान खरीदी केन्द्र चलो अभियान चलाया गया। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि भाजपा राज में धान खरीदी केन्द्रों का बुरा हाल है। धान बेचने आए किसानों को समस्याओं, कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार किसान हित में मंगलवार को पूरे प्रदेश में धान खरीदी केंद्र चलो अभियान चलाए जाने का निर्णय लिया। जिसके अंतर्गत प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त प्रभारी जिले के वरिष्ठ विधायक दलेश्वर साहू, शहर जिला कांग्रेस प्रभारी बृजेश शर्मा व शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों द्वारा शहर के मोहारा व कन्हारपुरी वार्ड स्थित धान खरीदी केंद्र का निरीक्षण किया वहीं किसान साथियों को धान बेचने में आ रही कठिनाइयों व समस्याओं से रूबरू हुए। इस दौरान किसानों ने बताया कि ऑनलाइन व आफलाइन टोकन में अंतर, बारदाना की किल्लत सहित कई समस्याएं आ रही है। किसानों की समस्याओं को सुनकर विधायक दलेश्वर साहू ने प्रशासनिक अमले को सुधार लाने कहा। प्रदेश कांग्रेस द्वारा नियुक्त प्रभारी जिले के वरिष्ठ विधायक दलेश्वर साहू ने निरीक्षण के दौरान कहा कि छग की भाजपा सरकार धान खरीदी में गड़बडी कर रही है। किसानों को ऑनलाइन केन्द्रों में टोकन के लिए 50 रूपए देना पड़ रहा है। बारदाने की किल्लत, रजिस्टर मेंटनेस, सूची चस्पा नहीं किया जा रहा है जिसके कारण किसानों को परेशानी उठानी पड़ रही है। तौल में गड़बड़ी हो रही है। इसी तरह धान के परिवहन स्थिति भी लगातार लचर बनी हुई है। जिस ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। कांग्रेस सरकार के समय धान खरीदी सुचारू रूप से हो रही थी और किसान हित में सरकार ने कई अहम फैसले लिए जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई। शहर जिला कांग्रेस प्रभारी बृजेश शर्मा ने कहा कि आनलाइन टोकन मात्र 30 सेकड के लिए खुलता है।

# आयुक्त ने राजस्व विभाग की समीक्षा में वार्डवार वसूली की ली जानकारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 4 दिसंबर।** निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक में वार्डवार वसूली की जानकारी लेकर शासन लक्ष्य के अनुरूप हर माह वसूली के निर्देश दिये। उन्होंने वसूली के लिये वार्डो में शिविर लगाने तथा क्यू आर कोड से वसूली करने तथा शेष दुकानों की नीलामी कर निलाम दुकान का सतप्रतिशत प्रीमियम जमा कराने उपायुक्त श्री मोबिन अली से कहा। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने समीक्षा में सहायक राजस्व निरीक्षकों से वार्डवार वसूली की जानकारी ली। उन्होंने नये डिमाण्ड के अनुसार वसूली करने के निर्देश दिये एवं कम वसूली पर कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, इस लिये लक्ष्य के अनुरूप वसूली करना है। उन्होंने क्यू आर कोड के माध्यम से वसूली की जानकारी ली, और उससे आने वाली समस्या से अवगत हुये। सहायक राजस्व निरीक्षकों ने कहा कि क्यू आर कोड से भुगतान पर पावती की दिक्कत आ रही है, क्योंकि भुगतान सीधे बैक खाते में जाता है, और हमे आमदनी बताने में कठिनाई होती है। इसी प्रकार मतदाता सूची में तथा पट्टा सर्वे में ड्यूटी लगने के कारण वसूली कम हुई है। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि क्यू आर कोड से राजस्व वसूली की शुरूवात है, शुरू में थोडी परेशानी होती है, बैक के साथ मिलकर व्यवस्था सुधारना है। उन्होंने कहा कि सप्ताह के अंत में बैक से स्टेटमेंट निकालकर वार्डवार देने की व्यवस्था की जावेगी, सुगम राजस्व वसूली तथा राजस्व वसूली बढ़ाने क्यू आर कोड की सुविधा करदाताओं को दी जा रही है। वर्तमान में मतदाता सूची का काम पूर्ण हो चुका है, अब राजस्व वसूली में ध्यान देवे, बडे बकायादारों की सूची तैयार कर नोटिस जारी करे, राजस्व उप निरीक्षक व राजस्व निरीक्षक की टीम के साथ वसूली करना सुनिश्चित करे, नहीं देने पर नल विच्छेदन की कार्यवाही करे। निर्धारित समय में अपने अपने वार्ड में पहुँच वसूली करना सुनिश्चित करे, तथा चार बजे कार्यालय में आकर डिमाण्ड दुरूस्त करे। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने उपायुक्त व राजस्व प्रभारी श्री मोबिन अली से कहा कि राजस्व वसूली के लिये वार्डो मे शिविर आयोजित करने की तैयारी करे, इसके अलावा कार्यालय में किसी भी वार्ड की वसूली के लिये काउंटर लगाकर वसूली कराना सुनिश्चित करें, क्योकि कई करदाता कार्यालय में आकर भुगतान के लिये भटकते रहते है। उन्होंनें सहायक राजस्व निरीक्षकों से कहा कि सभी पुराने कर्मचारी है, और सभी को वार्डो की जानकारी है, उस आधार पर हर वर्ष वसूली की जा रही है, इसमें कठिनाई नही होनी चाहिये, एक प्लानिग कर वसूली करे।

# गिरसूल में स्कूल का उद्घाटन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**देवभोग, 4 दिसंबर।** गिरसूल में स्कूल उद्घाटन का कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव एवं पूर्व विधायक माननीय श्री गोवर्धन मांझी, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक डमरूधर पुजारी, कार्यक्रम अध्यक्षता कर रही गिरसूल के प्रथम नागरिक सरपंच श्रीमती मैना बाई मांझी, अतिथि जिला उपाध्यक्ष कुंजबिहारी बेहेरा, भाजपा मंडल अध्यक्ष लूद्रास साहू, जिला सभापति श्रीमती धनमती यादव, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष अहिल्या मरकाम, अनिल बेहेरा, लैबानो ध्रुव, प्रमोद यादव, रोहित पटेल, जगमोहन पटेल, मोहन मरकाम, देवी सिंह साहू, रंजीत पात्र, सुशील यादव, डॉक्टर अरविंद नाथ तिवारी, कमलेश अवस्थी, राजकुमार यादव, संजय साहू, कुरसो राम ध्रुव, भेजो पूंजी, दीनदयाल सोनी, महेंद्र सिंह, अर्जुन नागेश एवं समस्त ग्राम वासी उपस्थित हुए।



# वुडबॉल चैंपियनशिपः रायपुर की जोड़ी जयेश तिवारी और दुर्गा भोईहार ने मिक्स डबल्स में रजत पदक जीता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पंडुका, गरियाबंद 4 दिसंबर।** 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक गरियाबंद जिले के पंडुका में आयोजित 5वीं सीनियर स्टेट ओपन वुडबॉल चैंपियनशिप में प्रदेश के विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने अपना शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता के मिक्स डबल्स इवेंट में रायपुर की जोड़ी जयेश तिवारी और दुर्गा भोईहार ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए रजत पदक (सिल्वर) जीता।चैंपियनशिप में रायपुर, बलौदा बाजार, महासमुंद, सरगुजा, गरियाबंद और धमतरी जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। टूर्नामेंट में सभी जिलों के खिलाड़ियों ने अपने कौशल और खेल भावना का प्रदर्शन किया। मिक्स डबल्स इवेंट में जयेश और दुर्गा की जोड़ी ने शुरू से ही बेहतरीन तालमेल और सटीक शॉट्स से दर्शकों और विरोधियों को प्रभावित किया। फाइनल मुकाबला बेहद प्रतिस्पर्धात्मक रहा, जहां मामूली अंतर से स्वर्ण पदक उनसे छूट गया, लेकिन उनका प्रदर्शन सभी के लिए प्रेरणादायक रहा। 5वीं सीनियर स्टेट ओपन वुडबॉल चैंपियनशिप न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर प्रदान करती है, बल्कि वुडबॉल जैसे खेल को राज्य स्तर पर बढ़ावा देने का एक बड़ा मंच भी है। इस आयोजन में राज्यभर से आए खिलाड़ियों ने अपनी मेहनत और कौशल का प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता को सफल बनाया। जयेश तिवारी और दुर्गा भोईहार की इस सफलता पर रायपुर के खेल प्रेमियों, प्रशिक्षकों और स्थानीय अधिकारियों ने बधाई दी। उनकी इस उपलब्धि ने रायपुर का नाम गौरवान्वित किया और वुडबॉल के क्षेत्र में युवाओं को प्रेरित करने का काम किया। यह चैंपियनशिप राज्य की खेल संस्कृति को प्रोत्साहित करने और खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित हुई। जयेश और दुर्गा की सफलता से यह सिद्ध होता है कि कड़ी मेहनत और सही टीम वर्क के बल पर किसी भी चुनौती को पार किया जा सकता है। इस खास मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में गारीयाबंद के कलेक्टर श्री दीपक कुमार अग्रवाल ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

### दो युवकों को आबकारी एक्ट के तहत किया गया गिरफ्तार

**राजनांदगांव 4 दिसंबर।** पुलिस अधीक्षक महोदय राजनादगांव श्री मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेन्द्र नायक राजनादगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी निरीक्षक संजय बरेठ के नेतृत्व मे थाना कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री के विरूद्व चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 02.12.2024 को मुखबीर की सूचना पर घटना स्थल रवि वर्मा का घर राहुल नगर लखोली राजनांदगांव में घेराबंदी कर आरोपी अशीष बघेल पिता दिलीप बघेल उम्र 23 साल साकिन प्रधानमंत्री आवास योजना आवास संतोषी नगर लखोली थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) के कब्जे से 33 पौवा देशी प्लेन शराब शोले ब्राण्ड मात्रा 5.940 बल्क लीटर कीमती 2970 रूपये एवं 9 पौवा गोवा अंग्रेजी व्हीस्की शराब मात्रा 1.620 बल्क लीटर कीमती 1080 रूपये तथा 8 पौवा सी0जी0 ब्राण्ड अंग्रेजी व्हीस्की मात्रा 1.440 बल्क लीटर कीमती 960 रूपये जुमला 50 पौवा शराब मात्रा 9.00 बल्क लीटर कीमती 5010 रूपये जप्त कर कब्जा पुलिस मे लिया गया। आरोपी का कृत्य आबकारी अधिनियम के तहत अपराध सबूत पाये जाने से अप0क्र0 740/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट कायम कर कार्यवाही कर हिरासत मे लिया गया। प्रकरण मे मुख्य आरोपी रवि वर्मा पिता स्व0 संतराम वर्मा उम्र 27 वर्ष साकिन राहुल नगर वार्ड नं. 32 लखोली थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव (छ0ग0) पुलिस को देखकर भाग गया था, जिसे आज दिनांक 03.12.2024 को पतासाजी व घेराबंदी कर गिरफ्तार किया गया।

## समाचार संक्षेप

### लोरझरी विजेता तो खैरागढ़ उपविजेता



**डोंगरगढ़/ बोरतलाव 4 दिसंबर।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बोरतलाव के गाँधीनगर में विनायक युवा समिति के तत्वाधान में दो दिवसीय रात्रीकालीन ओपन कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 01 दिसम्बर 2024 दिन रविवार से 02 दिसम्बर सोमवार को किया गया था जिसमें कुल जिले भर से आई 32 टीमों ने भाग लिया. कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम कलकसा के आश्रित ग्राम लोरझरी व खैरागढ़ के मध्य खेला गया जिसमें लोरझरी के कबड्डी खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए हाफ टाइम तक खैरागढ़ टीम पर बढ़त कायम रखते हुए अंतिम मिनट तक बढ़त बनाये रखते हुए फाइनल मैच की ट्रॉफी अपनी टीम को दिला दी. कबड्डी प्रतियोगिता का प्रथम पुरुस्कार 8000 रु नगद व शील्ड, द्वितीय पुरुस्कार 6000 रु नगद व शील्ड, तृतीय पुरुस्कार 3000 रु नगद व शील्ड, चतुर्थ 3000 रु नगद, पंचम व छठवां पुरुस्कार 1000,1000 नगद से सम्मानित किया गया. इस मौके पर संचालन पूर्व मंडी अध्यक्ष अशोक ठाकुर के द्वारा किया गया. कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन शितला मंदिर के सामने ग्राम, गांधीनगर (बोरतलाव) मे हुआ. कबड्डी फ़ाइनल मैच के दौरान श्रीमती रामक्षत्रिय चंद्रवंशी जिला पंचायत सदस्य, श्रीमती संगीता नेताम (जनपद सदस्य), श्रीमती सरिता ओमप्रकाश मंडावी (सरपंच), श्रीमती अंजना कार्तिक नंदेश्वर (पूर्व सरपंच), मनोज नेताम (पूर्व जनपद सदस्य), कैलाश उके (उपसरपंच), दिनेश देहारे (सचिव), राजु जनबंधु, देवेंद्र सुलाखे (सुलाखे कृक्षी फार्म, हेमन्त साहू , भुनेश्वर मरकाम, शैलेश उजवने , राजेंद्र सिंह चौहान,अमर गावडे, रमाकांत सोनवानी, डॉ. दयानंदजी लिल्हारे, मनोज कुमार नंदेश्वर होंगे. उक्त जानकारी पूर्व जनपद सदस्य भेषराम उईके के द्वारा दी गई. इस मौके पर आयोजन समिति के समस्त पदाधिकारी व सैकड़ो की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

### एड्स दिवस पर शिविर का आयोजन



**डोंगरगढ़ 4 दिसंबर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण राजनांदगांव के तत्वधान में तालुका विधिक सेवा समिति डोंगरगढ़ द्वारा अध्यक्ष श्री अनीष दुबे जी के मार्गदर्शन में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर मंगलवार को आईटीआइ डोंगरगढ में एड्स दिवस के तहत शिविर का आयोजन किया गया. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए तालुका विधिक सेवा पीएलवी हर साल दुनिया भर में विश्व एड्स दिवस मनाया जाता हैं। लोगों को एड्स दिवस के प्रति जागरूक किया गया। इस बीमारी से अधिक संख्या में लोगों की मौत हो रहा है। एड्स दिवस पर शिविर के माध्यम से लोगों के मध्य जागरूकता अभियान चलाया गया। जिससे एड्स से पीड़ित होने के बाद भी लोग नॉर्मल लाइफ जी सके। साल 2024 की विश्व एड्स दिवस का थीम सही रास्ता अपनाए , मेरा स्वास्थ्य,मेरा अधिकार है। इस बीमारी के बचाव के बारे मे बताया गया साथ ही नालसा हेल्पलाइन 15100 , राष्ट्रीय लोक अदालत एवम अन्य विधिक जानकारी प्रदान किया गया एवं अपराधों के संबंध में विस्तार जानकारी दी. इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्राचार्य महोदय श्री बंजारे एवं स्वास्थ कर्मचारी धीरेन्द्र जी का सराहनीय योगदान रहा, इस कार्यक्रम में पीएलवी अशोक कुमार पाण्डेय, पवन कुमार उपस्थित रहे।

### विकलांग दिवस पर विधिक जागरूकता शिविर आयोजित

**डोंगरगढ़ 4 दिसंबर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर विश्व विकलांग दिवस के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्य. शाला ग्राम माड़ीतराई में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। इसमें दिव्यांगजनों के अधिकारों और समस्याओं पर चर्चा हुई। पीएलवी अशोक कुमार पाण्डेय ने बताया कि मानसिक और शारीरिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों को सामान्य नागरिकों की तरह मौलिक और संवैधानिक अधिकार प्राप्त हैं। उन्होंने श्रमिकों को श्रमिक कार्ड बनवाने और इसके लाभों की जानकारी दी। साथ ही, पवन कुमार ने विधिक जानकारी एवं छात्र छात्राओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर पीएलवी अशोक कुमार पाण्डेय एवं पवन कुमार मौजूद रहें।



# मजदूर का बेटा बना नायब तहसीलदार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़/मोहारा 4 दिसंबर।** गांव में रोजी मजदूरी करने वाले मजदूर का बेटा नायब तहसीलदार पद पर चयनित होने एवं गृह ग्राम तेंदूभाटा लौटने पर परिजनों के साथ ग्रामीण जनों ने जश्न मनाया। नायब तहसीलदार के पद पर चयनित हुए रवेंद्र सिन्हा को परिजन व ग्रामीणजनों ने उसके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम मोहरा के आश्रित ग्राम तेंदूभाटा निवासी चुम्मन लाल देवकी बाई सिन्हा के सुपुत्र रवेंद्र सिन्हा ने सी जी पी एस सी परीक्षा 48 वा रैंक में उत्तीर्ण होकर नायब तहसीलदार के पद पर चयनित हुए है। श्री सिन्हा ने चर्चा करते हुए बताया कि मुझे मेरे माता-पिता पर गर्व है कि मैं उनकी हिम्मत और हौसले के चलते पढ़ाई के दम पर गरीबी को हरा पाया। मेरे माता पिता बहुत ही गरीब परिस्थिति के होते हुए भी मुझे रोजी मजदूरी कर पढ़ाया लिखाया। मैंने सी जी पी एस सी प्रतियोगी परीक्षा की 8 वर्ष तक कड़ी मेहनत की और उसका फल मुझे और मेरे माता-पिता को मिला। मैंने कभी हिम्मत नहीं हारी और बार-बार प्रतियोगी परीक्षा में शामिल होता रहा। मेरी सफलता का श्रेय मेरे माता-पिता को जाता है। रवेंद्र के नायब तहसीलदार के पद पर चयन होने की खबर सुनते ही समाज के लोगों ने घर जाकर रवेंद्र को बधाई दी बधाई देने मंडलेश्वर मनोज सिन्हा कार्यकारी सदस्य केदान सिन्हा राजेश कुमार सिन्हा, मधुसूदन नरेश कुमार छबील राम संतराम आदि सामाजिक बंधुओं ने रवेंद्र को बधाई दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# मंदिर से प्रतिमाओं की चोरी,लोगों में नाराजगी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 4 दिसंबर।** हनुमान जी के मंदीर से हनुमान जी की व शंकर भगवान जी के मंदीर से गणेश जी की प्रतिमा चोरी हो जाने के कारण क्षेत्रवासियो में हड़कंप मच गया है. ग्राम वासियो में इसको लेकर भारी आक्रोश देखा जा रहा है. पुलिस से प्राप्त समाचार में बताया गया कि विकासखंड डोंगरगढ़ के मुख्यालय से लगभग 05 किमी. दूर स्थित ग्राम पंचायत चिद्दो पहुँच मार्ग के नाले के पास स्थित हनुमान जी का मंदीर व शंकर भगवान का मंदीर स्थापित है और इस मंदीर से हनुमान जी की प्रतिमा, गणेश जी की प्रतिमा अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ली गई है. इसकी जानकारी मिलने के बाद क्षेत्रवासियो में हड़कंप मच गया. शिकायत मिलने के बाद थाना प्रभारी जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में घटना स्थल पर दल बल के साथ पहुँचकर मामले की विवेचना शुरू कर दी गई है. अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रतिमा चोरी व धार्मिक भावनाओ को आहत करने के मामले में बीएनएस की गंभीर धारा 303(2), 229 कायम कर अज्ञात आरोपी की तलाश तेज कर दी गई है. थाना प्रभारी श्री वर्मा ने बताया कि इस मार्ग पर कई स्थानों में सीसीटीवी लगा हुआ है जिसका फुटेज जाँच की जा रही है शीघ्र ही आरोपी की गिरफ्तारी कर ली जायेगी. उक्त घटना 01 दिसम्बर व 02 दिसम्बर 2024 के रात का बताया जा रहा है।

### शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर कॉलेज डोंगरगढ़ के

# विद्यार्थियों ने किया भोरमदेव शक्कर कारखाने का भ्रमण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 4 दिसंबर।** शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ के वाणिज्य संकाय द्वारा बीकॉम अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं को सत्र 2024 25 के शैक्षणिक भ्रमण गतिविधि के अंतर्गत 29 नवंबर शुक्रवार को प्राचार्य डॉ ई .वी रेवती के मार्गदर्शन में भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाना कवर्धा का भ्रमण कराया गया . जिसमें वाणिज्य संकाय के छात्र-छात्राओं को शक्कर उत्पादन की प्रक्रिया और कारखाना से संबंधित अनेक उपकरणों की जानकारी जनरल मैनेजर अंकित मरकाम के द्वारा दी गई। छत्तीसगढ़ में मौजूद चार सहकारी शक्कर कारखाने में से भोरमदेव शक्कर कारखाना एक है जहां गन्ने की उच्च किस्म से शक्कर की पैदावार की जाती है सहकारी कारखाना अच्छे पैदावार के लिए किसानों को स्वयं अच्छे क्वालिटी के बीज और पैदावार से संबंधित जानकारी समय-समय पर देती रहती है और उन्हीं से ही गन्ने को खरीद कर अपनी उत्पादन करती है। भोरमदेव सहकारी शक्कर कारखाने की क्रशिंग क्षमता 5.25 लाख मीट्रिक टन है। साल 2018-19 से 2021-22 के बीच, इस कारखाने में 12 लाख 73 हज़ार 766.257 टन गन्ने की पेराई की गई थी. इस दौरान, 13 लाख 33 हज़ार 504 क्विंटल शक्कर का उत्पादन हुआ था. इस कारखाने में गन्ने के छिलकों से रोज़ाना 3-4 मेगावाट बिजली का उत्पादन होता है। कारखाने में उत्पन्न होने वाली अतिरिक्त खोई का इस्तेमाल करने के लिए, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल ने यहां 6 मेगावाट का सह-उत्पादन संयंत्र लगाया है। कारखाने की स्थापना में पूंजीगत संसाधन उपलब्ध कराने वाले 16 हजार 922 कृषकों के अलावा मण्डी बोर्ड, सहकारी समितियां एवं छत्तीसगढ़ शासन इस कारखाने के सदस्य हैं, जिनके द्वारा 28.13 करोड़ अंशपूजी विनियोजित की गई थी, जो वर्तमान में बढ़कर 35.67 करोड़ रूपए हो चुकी है। जिससे राज्य के घरेलू उत्पाद में वृद्धि सुनिश्चित होने के साथ ही लगभग एक हजार लोगों को प्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध हुआ है। साथ ही भ्रमण के दौरान छत्तीसगढ़ का खजुराहो कहे जाने वाले भोरमदेव मंदिर के प्राकृतिक सौंदर्य और उसके ऐतिहासिक मान्यताओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त हुई। भोरमदेव मंदिर में विद्यार्थियों के मनोरंजन के लिए बोटिंग के साथ शैक्षणिक भ्रमण की गतिविधि का समापन हुआ। शैक्षणिक भ्रमण में विभागाध्यक्ष जी. के. यादव, सहा प्राध्या. बेदप्रकाश साहू, प्रवेश बांधव व अंजलि देवांगन मौजूद थे।

संपादकीय

## जनता ने चुना मतलब पांच साल की गारंटी

कोई भी संस्था अपना काम काज ठीक से तब ही कर पाती है जब उसमें स्थिरता होती है। चाहे उसका महापौर हो या चाहे उसका अध्यक्ष हो उसको पद से हटाना आसान न हो।उनको तख्ता पलट का अंदेशा नहीं रहेगा तो वह जनता की सेवा ज्यादा अच्छे से कर सकेंगे। यदि उनको लगेगा कि पार्षद उनका तख्ता पलट देंगे तो वह जनता की सेवा करना छोड़कर अपने पद को बचाने, पार्षदों को अपने पक्ष में करने लगे रहेंगे। नगर निगम हो या नगरपालिका दोनों को चुनाव दो तरह से हो सकता है। एक तरीका तो यह है कि जनता वार्डों के पार्षद चुने और पार्षद महापौर व नपा अध्यक्ष चुने। दूसरा तरीका यह है कि जनता पार्षदों के साथ ही महापौर व नपाध्यक्ष भी सीधे चुने। जिस सरकार को जो तरीका अच्छा लगता है, वह उसी तरीके से चुनाव कराना चाहती है। रमन सिंह के समय जनता पार्षद, महापौर व अध्यक्ष का चुनाव सीधे किया करती थी। भूपेश बघेल की सरकार आई तो उसने चुनाव का तरीका बदल दिया। जनता पार्षदों को चुनेगी और पार्षद महापौर व अध्यक्ष चुनेंगे। किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए राजनीतिक स्थिरता जिस तरह जरूरी होती है, उसी तरह शहरी सरकार के लिए भी राजनीतिक स्थिरता जरूरी होती है। जो लोग शहर का विकास चाहते हैं, वह राजनीतिक स्थिरता के पक्षधर होते हैं। वह चाहते है कि शहर के विकास के लिए राजनीतिक स्थिरता जरूरी है तो वह बनी रहनी चाहिए। शहरी सरकार की स्थिरता के जरूरी होता है कि महापौर व अध्यक्ष को हटाने की ताकत पार्षदों के पास न हो।जब महापौर व अध्यक्ष पार्षद चुनते हैं तो महापौर व अध्यक्ष का कुर्सी पर बने रहना इस बात निर्भर रहता है कि उनके पक्ष में कितने पार्षद है यानी शहरी सरकार की स्थिरता का सारा दारोमदार पार्षदों पर रहता है। वह जिस दिन महापौर या अध्यक्ष को हटाना चाहेंगे हटा सकते हैं। महापौर व अध्यक्ष जब पार्षद चुनते हैं तो सारी ताकत पार्षदों के हाथ में रहती है। लेकिन जब महापौर व अध्यक्ष सीधे जनता चुनती है तो उनको हटाना पार्षदों के लिए आसान नहीं रह जाता है, इससे शहरी सरकार की स्थिरता बनी रहती है, क्षेत्र का विकास तेजी से होता है। किसी भी राज्य के विकास के लिए शहरी क्षेत्र व नपा क्षेत्र का विकास भी जरूरी होता है। साय सरकार का सारा जोर प्रदेश के तेज विकास पर है, इसलिए उसने भूपेश सरकार के एक और फैसले को पलट दिया है। अब राज्य की जनता नगर निगम का महापौर सीधे चुनेगी यानी महापौर व अध्यक्ष पद के लिए राजनीतिक दलों को मशक्कत करनी पड़ेगी ऐसे चेहरे की तलाश करनी पड़ेगी जो जनता में लोकप्रिय हो। जो लोकप्रिय होगा, जिसने जनता की खूब सेवा की होगी, उसे जनता चुनेगी। पार्षद महापौर चुनते थे तो पार्टी जिसे चाहे पार्षदों को बहुमत होने पर महापौर बना लेती थी। उसका लोकप्रिय होना जरूरी नहीं होना था, वह किसी नेता व सीएम की पसंद होता था। यानी महापौर का चुनाव पार्षद करते हैं तो महापौर जरूरी नहीं है कि महापौर जनता की पसंद का हो। वह किसी नेता व सीएम की पसंद हो सकता है और कोई नेता या सीएम उसे क्षेत्र की जनता पर थोप सकता। जब जनता महापौर चुनेगी तो वह कम से कम किसी नेता व सीएम की पसंद को चुनने को मजबूर नहीं होगी। वह चाहेगी तो किसी नेता या सीएम के थोपे हुए प्रत्याशी को नकार सकती है। शहर के कई लोकप्रिय लोग महापौर व अध्यक्ष का चुनाव लड़ेंगे तो जनता के सामने कई विकल्प होंगे। वह किसी को भी चुन सकती है। जरूरी नहीं है कि भाजपा या कांग्रेस के प्रत्याशी को ही चुने। जनता तो उसे चुनेगी जो उसकी कसौटी पर खरा उतरेगा।सरकार के काम करने के तरीके से पता चलता है सरकार की नीयत का। यह सच भी है। भूपेश बघेल ने जनता की जगह पार्षदो को ताकतवर इसलिए बनाया था कि ताकि विरोधी दल का महापौर है, अध्यक्ष है तो मौका मिलने पर उसका तख्तापलट कर वहां कांग्रेस का कब्जा किया जा सके। यह किसी संस्था पर कब्जा करने का लोकतांत्रिक तरीका नहीं है, लोकतांत्रिक तरीका तो यही है कि जनता ने आपको जितनी ताकत दी है आप उसका सदुपयोग करो। उसका दुरुपयोग करने से लोकतंत्र कमजोर होता है, शहरी सरकार स्थिर नहीं रह जाती है, उसका विकास प्रभावित होता है। साय ने भूपेश बघेल से अलग सारी ताकत पार्षदों की जगह जनता के हाथ में सौंपने का फैसला किया ताकि कोई बीच में किसी महापौर या नपाध्यक्ष का तख्तापलट न कर सके। ताकि शहरी सरकार की स्थिरता बनी रही और वह महापौर व अध्यक्ष क्षेत्र का तेजी से विकास कर सकें। सारी ताकत पार्षदों के हाथ में रहने पर पार्षद उसका दुरुपयोग भी करते हैं, वह चाहते हैं कि महापौर वैसा करे जैसा वह चाहते हैं, पार्षदों के हाथ में ताकत रहने से महापौर अपनी मर्जी से कुछ नहीं कर सकतेहैं. जैसा पार्षद चाहते हैं, उनको वैसा करना पड़ता है क्योंकि सारी ताकत तो पार्षदों को हाथ में होती है, वह जब चाहे महापौर का तख्तापलट कर सकते हैं। ऐसे में महापौर को सारी ताकत पार्षदों को संतुष्ट करने में चली जाती है वह जनता व क्षेत्र के विकास के लिए कुछ करना भी चाहे तो कर नहीं सकते हैं। इसके विपरीत जब सारी ताकत जनता के हाथ में होती है तो महापौर बेफ्रिक्र हो कर अपना काम कर सकते हैं। शहर के विकास के लिए नई नई योजना बना सकते हैं। पार्षद न चाहें तो भी वह अपनी मर्जी से कोई काम कर सकते हैं। शहर का विकास तब ज्यादा तेजी से होता है जब महापौर व नपाध्यक्ष सत्तारुढ़ दल का बनता है, इससे उनको अपने क्षेत्र के विकास के लिए पैसों की कमी नहीं होती है। वह जितना पैसा चाहते हैं, सरकार से मिल जाता है। इसलिए जनता उनको महापौर चुनना ज्यादा पसंद करती है जो सत्तारूढ़ दल के होते हैं ताकि क्षेत्र का विकास तेजी से हो सके और विकास के लिए पैसों की कोई कमी न हो।

विश्लेषण

# झारखण्ड में क्यों धराशायी हो गए नफरत फैलाने के विशेषज्ञ ?

निर्मल रानी

गत दिनों महाराष्ट्र व झारखण्ड के विधानसभा चुनाव नतीजे घोषित हुये। दोनों ही राज्यों ने सत्तारूढ़ दलों को ही पुनः सत्ता सौंपने का जनादेश दिया। परन्तु भोंपू मीडिया ने महाराष्ट्र में भाजपा व शिवसेना (शिंदे ) की जीत को कुछ इस तरह पेश किया गोया उसने आगामी 2029 के लोकसभा चुनावों का सेमीफाइनल जीत लिया हो। महाराष्ट्र की जीत को 'हिंदुत्व की जीत' प्रचारित किया गया। भाजपा द्वारा 'बंटेंगे तो कटेंगे' और 'एक हैं तो सेफ हैं' जैसे विवादित व वैमनस्य पूर्ण नारों का सहारा लिया गया। इसतरह वही भाजपा जिसने कभी बाल ठाकरे की शिवसेना की बैसाखी के सहारे महाराष्ट्र में अपने पैर रखने के प्रयास किये थे। उसी भाजपा ने शिवसेना को खंडित कर शिंदे गुट को अपने साथ मिलाकर पहले तो उद्धव ठाकरे की निर्वाचित सरकार गिराई। साथ ही शरद पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस में फूट डलवाकर अजित पवार व उनके साथी विधायकों को अपने साथ जोड़ा। और अब ताजा तरीन चुनावों में शिव सेना शिंदे गुट को भी पीछे छोड़ भाजपा ने अपने दम पर सबसे अधिक सीटें जीत कर महायुति गठबंधन ने बड़ी जीत हासिल की है। महाराष्ट्र की कुल 288 विधानसभा सीटों पर हुये चुनाव में बीजेपी ने 125 सीटें, शिवसेना (एकनाथ शिंदे गुट) ने 57 सीटें और अजित पवार की एनसीपी ने 41 सीटों पर जीत दर्ज की है। इसतरह महायुति गठबंधन ने 234 सीटें हासिल कर राज्य में जोरदार जीत हासिल की।



भाजपा द्वारा तोड़ फोड़, वैमनस्य और सत्ता बल के दुरूपयोग के अलावा नफरत फैलाने साम्प्रदायिकता भड़काने का खेल झारखण्ड में भी खेला गया। वहां भी इन्हीं बंटेंगे तो कटेंगे और एक हैं तो सेफ हैं जैसे नारों का सहारा तो लिया ही गया साथ ही जानबूझकर बंग्लादेशी घुसपैठिये के नाम पर अल्पसंख्यक विरोध की जमकर राजनीति भी की गयी। निर्वाचित मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सत्ता का दुरूपयोग कर जेल भेजा गया। चंपई सोरेन जिन्हें हेमंत सोरेन ने जेल जाते समय अपना उत्तराधिकारी मुख्यमंत्री बनाया था उस चंपई को भी भाजपा ने एकनाथ शिंदे की ही तर्ज पर अपने साथ मिला लिया और झारखण्ड मुक्ति मोर्चा को कमजोर करने की कोशिश की गयी। भाजपा ने राज्य के चुनावों में नफरती जहर घोलने के लिये केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान व असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्वा सर्मा जैसे दो नेताओं को स्थाई रूप से झारखण्ड चुनावों में तैनात किया। इन नेताओं ने ही यहाँ बड़ी ही प्रमुखता से बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उठाया। असम के मुख्यमंत्री हेमंता विस्वा सर्मा का नाम इसलिये भी उल्लेखनीय है क्योंकि इनके कांग्रेस में रहते हुये भाजपा इन्हीं को कांग्रेस पार्टी का सबसे भ्रष्ट नेता बताती थी। और इन्हीं को बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उठाने के लिये झारखण्ड भेजा गया ? इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी,गृह मंत्री अमित शाह,भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा व उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित भाजपा की पूरी सेना राज्य में मतों के ध्रुवीकरण के प्रयास में लगी रही परन्तु इन सबके बावजूद चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में नहीं आ सके और झामुमो गठबंधन पुनः अपनी पूर्ण बहुमत की




सरकार बना पाने में सफल रहा। गौरतलब है कि भाजपा अपने मिशन के अनुसार लंबे समय से इस शांतप्रिय आदिवासी बाहुल्य राज्य को साम्प्रदायिकता की आग में झोंकने का असफल प्रयास करती रही है। याद कीजिये जब जुलाई 2018 में केंद्र सरकार में तत्कालीन मंत्री और झारखंड के हजारीबाग से भाजपा सांसद जयंत सिन्हा मॉब-लिंचिंग के आरोपियों को जमानत मिलने पर फूल-माला पहनाकर उन्हें सम्मानित करते व उन हत्यारों को मिठाई खिलाते नजर आये थे। 2017 में इन आठ साम्प्रदायिक हत्यारों ने एक मुस्लिम मांस व्यापारी की रामगढ़ में पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। जमानत मिलने के बाद यह हत्यारे केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा के हजारीबाग स्थित उनके आवास पर पहुंचे थे जहाँ मंत्री जयंत सिन्हा ने इन सभी का सम्मान किया। उसके बाद भी इस राज्य में मॉब लॉन्चिंग व साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने की अनेक घटनायें हुईं। परन्तु इन सब के बावजूद झारखण्ड के धर्मनिरपेक्ष स्वरूप को बचा पाने में झामुमो कांग्रेस व राजद जैसे सहयोगियों का गठबंधन पूरी तरय सफल रहा। हाँ इस चुनाव में राज्य को झामुमो की ओर से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन के रूप में एक नई युवा महिला नेता जरूर मिल गयी। साथ ही चंपई सोरेन को भी राज्य के मतदाताओं ने पटखनी देकर यह बता दिया कि राज्य की जनता 'विभीषणों ' के साथ हरगिज नहीं है। न ही राज्य के लोगों ने बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम पर मुस्लिम विरोध की भाजपाई साजिश को स्वीकार किया।

ठीक इसके विपरीत राज्य के बहुसंख्य आदिवासियों ने पूरी एकता के साथ व आदिवासी अस्मिता की रक्षा की खातिर झारखण्ड के स्थाई निवासियों को घुसपैठिया बताने वालों को ही घुसपैठिया चुनाव प्रचारक बताकर 5 वर्षों के लिये चुनावी परिदृश्य से बाहर धकेल दिया। निश्चित रूप से राज्य के मतदाताओं ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की गिरफ़्तारी को भी आदिवासी अस्मिता पर हमले के तौर पर देखा। अन्यथा केंद्रीय सत्ता,भारी धनशक्ति,मीडिया,शासन तंत्र,लालच,भय,झूठ व अफवाह का आडम्बर,नफरती विष बेल क्या नहीं था भाजपा के पास, परन्तु कुछ भी झारखण्ड में काम न आया ? निश्चित रूप से राज्य के लोगों ने 'एक हैं तो सेफ हैं ' जैसे भाजपाई नारों का अनुसरण करते हुए पूरी एकता का प्रदर्शन करते हुये उन 'बाहरी' लोगों के मंसूबों पर पानी फेर दिया जो अन्य प्रदेशों से आकर राज्य के संयुक्त समाज व सभ्यता यहाँ की सांझी तहजीब आदि को समाप्त करना चाह रहे थे। सही मायने में झारखण्ड के लोगों ने पूरे देश के मतदाताओं को यही सन्देश दिया है कि केंद्रीय सत्ता,धनशक्ति,मीडिया,भय,झूठ व अफवाह तथा नफरती भाषणों के बावजूद ऐसी शक्तियों को पराजित किया जा सकता है जोकि मात्र सत्ता हासिल करने की गरज से अन्य राज्यों से आकर स्थानीय लोगों के बीच फूट डलवाने व उन्हें आपस में लड़वाने का काम करती हैं। झारखण्डवासियों की इसी एकता के चलते नफरत फैलाने के विशेषज्ञ राज्य चुनावों में बुरी तरह धराशाई हो गए ?

## आज का राशिफल

मेष- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपका कोई नया विरोधी उत्पन्न हो सकता है। कार्यक्षेत्र में यदि आपने किसी काम को लेकर जल्दबाजी दिखाई, तो उसमें आपसे गड़बड़ी होने की संभावना है। संतान पक्ष की ओर से आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। घर से दूर यदि कोई सदस्य नौकरी में कार्यरत हैं, तो वह आज आपसे मिलने आ सकते हैं। आपको माता-पिता की सेवा के लिए भी कुछ समय निकालना होगा।

वृषभ-आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी। परिवार में किसी सदस्य की ओर से आपको कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है। यदि आपको संतान के करियर को लेकर कोई चिंता थी, तो वह भी दूर होगी। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी। आप कहीं पिकनिक आदि पर घूमने की प्लानिंग कर सकते हैं।

मिथुन- आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपको अपनी मेहनत का पूरा फल मिलेगा। यदि आपने किसी काम में निवेश किया, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। यदि आपने बिजनेस को लेकर पार्टनरशिप में कोई डील फाइनल की, तो उससे आपको समस्या होगी, इसलिए आप कागजी कार्रवाई पूरी करें। आप अपने घर के रिनोवेशन पर भी अच्छा खासा धन खर्च करेंगे। माताजी से आपकी कहासुनी हो सकती है।

कर्क- आज का दिन आपके लिए ऊर्जावान रहने वाला है। आप काफी एनर्जी से भरपूर रहेंगे। आप अपनी जिम्मेदारियों को भी आसानी से पूरा करेंगे। जीवनसाथी को कोई शारीरिक कष्ट होने से समस्या आएगी। आप आज अपने किसी उधर के लेनदेन को चुकता करेंगे। यदि आप बुद्धि व विवेक से कोई निर्णय लेंगे, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधा दूर होंगी। प्रतिस्पर्धा का भाव आपके मन में बना रहेगा।

सिंह- आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण रहने वाला है। आपको अपनी किसी पुरानी गलती से सबक लेना होगा। बिजनेस में आप किसी पर अधिक भरोसा ना करें, नहीं तो इससे आपका कोई भारी नुकसान हो सकता है। संतान आपसे किसी बात को लेकर नाराज रहेंगे, जिसके लिए आपको उनकी फरमाइशों को पूरा करना होगा। आप किसी नए वाहन को घर लेकर आ सकते हैं।

कन्या- आज का दिन आपके लिए तरक्की दिलाने वाला रहेगा। आपकी आय में वृद्धि होने से आपको खुशी होगी। आपकी इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। माता-पिता आपको कामों को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं। आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी छवि और निखरेगी। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपको घूमने-फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

तुला- आज का दिन आपके लिए मौज-मस्ती से भरा रहने वाला है। आपको अपनी जिम्मेदारियों पर पूरा ध्यान देना होगा। परिवार में किसी सदस्य की सेहत में गिरावट आ सकती हैं, जिस कारण भागदौड़ भी अधिक रहेगी। आपका कोई पुराना रोग बढ़ सकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोग अपने साथी से किसी बात को लेकर नाराज हो सकते हैं। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी होने से परिवार में किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है।

वृश्चिक- आज का दिन आपके लिए किसी कानूनी मामले में जीत दिलाने वाला रहेगा। आपको कोई पैतृक संपत्ति की प्राप्ति हो सकती हैं। आपको पारिवारिक समस्याओं पर पूरा ध्यान देना होगा। संतान की पढ़ाई-लिखाई में ध्यान थोड़ा कम लगेगा, जिससे आपकी टेंशन बढ़ेगी। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशियां होगी जिसमें आप पुराने गिले-शिकवे न उखाड़ें। आपको जीवनसाथी की ओर से कोई सरप्राइज गिफ्ट मिल सकता है।

धनु- आज का दिन आपके लिए सोच समझकर कामों को करने के लिए रहेगा। आप अपने से ज्यादा औरों के कामों पर ध्यान लगाएंगे, जिससे कार्यक्षेत्र में समस्याएं खड़ी होगी। आपके बॉस आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं, जिसे आप किसी दूसरे पर ना डालें। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों को थोड़ा सोच समझकर इन्वेस्टमेंट करना होगा और आप किसी एक्सपर्ट की राय अवश्य लें। बिजनेस में आप कोई बदलाव करने के बारे में सोच विचारकर सकते हैं।

मकर- आज का दिन आपके लिए धन-धान्य में वृद्धि लेकर आने वाला है। माता-पिता का आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपको अपने पारिवारिक जिम्मेदारियों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है। धन को लेकर यदि कोई काम रुका हुआ था, तो वह भी आसानी से पूरा हो सकता है। यदि आप किसी मकान और दुकान आदि की खरीदारी की भी आप योजना बना सकते हैं, लेकिन आप किसी को धन उधार देने से बचें, क्योंकि उसे वापस मिलने में समस्याएं आएंगी।

कुंभ- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपके परिवार में किसी सदस्य को नौकरी के लिए घर से दूर जाना पड़ेगा और परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात शुरू हो सकती हैं। आपकी यदि कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो वह भी आपको मिल सकती है। राजनीतिक की ओर कदम बढ़ा रहे लोग अपने विरोधियों से थोड़ा सतर्क रहें, क्योंकि वह आपकी चुगली लगा सकते हैं। संतान आपकी उम्मीदों पर खरे उतरेंगे, जिससे आपको खुशी होगी।

मीन- आज का दिन आपके लिए ठीकठाक रहने वाला है। यदि आपको कोई शारीरिक कष्ट चल रहा था, तो उसमें भी आपको काफी हद तक राहत मिलेगी। पिताजी बिजनेस को लेकर कोई सलाह दे सकते हैं। आपने यदि किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा किया, तो इससे आपके और आपके जीवनसाथी के बीच खटपट हो सकती है। आपको अपनी जिम्मेदारियों को भी आसानी से पूरा कर सकेंगे, क्योंकि आपका रुका हुआ धन आपको मिलने की संभावना है।

## व्यंग्य

# इमोशनल आईसीयू



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा 'उरतृप्त'

यह कहानी उस दिन की है जब पीताम्बर चौबे अपनी आखिरी सांस लेने के लिए जिले के सबसे प्रसिद्ध सरकारी अस्पताल, भैंसा अस्पताल में भर्ती हुए। डॉक्टरों ने कहा था, ₹बस कुछ और दिनों की बात है, इलाज जरूरी है।₹ चौबे जी ने सोचा था, चलो सरकारी अस्पताल में जाकर इलाज करवा लेते हैं, पैसे भी बचेंगे और सरकारी व्यवस्था का लाभ भी मिलेगा। मगर क्या पता था कि यहाँ एक्सपायर्ड का भी सरकारी प्रोटोकॉल है! चौबे जी जब अस्पताल के वार्ड में पहुंचे, तो पहले ही दिन डॉक्टर साहब ने बताया, ₹ये सरकारी अस्पताल है, इमोशन्स का कोई स्कोप नहीं है। हम यहां इलाज करते हैं, बस। फिर वह दिन आया, जब पीताम्बर चौबे जी ने अस्पताल के बिस्तर पर आखिरी सांस ली। उनके बगल में खड़ी उनकी गर्भवती पत्नी, संध्या चौबे की दुनिया मानो थम सी गई। लेकिन अस्पताल में तो हर चीज 'मैनेज' होती है, और इमोशन्स का यहाँ कोई 'कंसर्न' नहीं होता। इधर चौबे जी का प्राणांत हुआ और उधर हेड नर्स, शांता मैडम, स्टाफ की भीड़ के साथ वार्ड में आ धमकीं। चेहरा ऐसा, मानो कोई ह्यअल्टीमेट हाइजीन चेक करने आई हों। ₹अरे संध्या देवी! ये बिस्तर साफ करो पहले। यहाँ पर्सनल लूज मोमेंट्स का कोई कंसेप्ट नहीं है, ओके? जल्दी क्लीनिंग करो,₹ नर्स ने एकदम हुक्मनामा सुना दिया। मानो चौबे जी ने सिर्फ एक बिस्तर गंदा किया हो, न कि अपनी जान गंवाई। संध्या चौबे, जो अपने पति की मौत के गम में डूबी थीं, पर अस्पताल में संवेदनाएँ सिर्फ पब्लिक डिस्प्ले ऑफ इमोशन्स होती हैं। वह तो सरकारी दस्तावेजों में एक 'इवेंट' हैं, जिसे खत्म होते ही हटा देना होता है। नर्स ने जैसे ही अपना ऑर्डर दिया, संध्या की आँखों से आँसू निकल पड़े। उसने बिस्तर की तरफ देखा, मानो अपने पति की आखिरी निशानी को आखिरी बार देख रही हो। लेकिन अस्पताल का स्टाफ मानो एकदम प्रोग्राम्ड मशीन हो, जिसका इमोशन्स से कोई वास्ता ही नहीं। मैडम, आँसू बहाने से कुछ नहीं होगा। ये सरकारी अस्पताल है, यहाँ आप एमोशनल अटैचमेंट भूल जाइए, हेड नर्स शांता बोलीं, मानो हर दिन किसी को उसकी भावनाएँ गिनाना उनका रोज का डिपार्टमेंटल प्रोटोकॉल हो। तभी डॉक्टर नंदकिशोर यादव साहब आते हैं, अपने हाथ में नोटपैड लिए हुए, और ऐलान करते हैं, ₹हमें यहाँ बिस्तर की क्लीनिंग चाहिए। इमोशन्स का यहाँ कोई स्कोप नहीं है। सरकारी बिस्तर पर बस पसीने और खून के दाग चलेंगे, आँसुओं का कोई प्लेस नहीं है। संध्या ने डॉक्टर की तरफ देखा। शायद कुछ कहने का प्रयास किया, लेकिन एक ऐसा दर्द, जो शब्दों में नहीं आ सकता। और डॉक्टर यादव ने एक और ह्यप्रोफेशनलह्ल गाइडलाइन दी, ₹देखिए, यहाँ नया पेशेंट एडमिट करना है। ये अस्पताल है, आपका पर्सनल इमोशनल जोन नहीं! तभी सफाई कर्मी हरिचरण सिंह आते हैं, अपने कंधे पर झाड़ू और हाथ में एक पुरानी बाल्टी लिए हुए। ₹अरे भाभीजी! चलिए, जल्दी फिनिश करें, हमें भी अपना काम निपटाना है। यहाँ ये 'इमोशनल ड्रामा' का टाइम नहीं है। हरिचरण सिंह का डायलॉग सुनते ही नर्स शांता जोर से हंस पड़ीं, ₹देखो भई, हार्डवर्किंग स्टाफ है हमारा। भाभीजी, ये आँसू आपकी अपनी 'पर्सनल केमिकल' हैं, लेकिन यहाँ पब्लिक हाइजीन का प्रोटोकॉल है। अगर ऐसे ही चलता रहा तो ये अस्पताल एक 'इमोशनल पार्क' बन जाएगा! संध्या चौबे को यह भी फरमान सुनना पड़ा कि उनके आँसू इस सरकारी बिस्तर की 'प्योरिटी' को खराब कर सकते हैं। मानो उनके पति की मौत और इस बिस्तर का ह्यसैनिटाइजेशनह्ल एक ही मुद्दा हो। ये बेड क्या मंदिर की मूर्ति है, जो उसकी पवित्रता बनाए रखनी है? संध्या सोचने लगीं। लेकिन कौन सुने? यहाँ सबको सिर्फ काम का आउटकम चाहिए था। बिस्तर, जो किसी के आखिरी पल का गवाह बना, अब उसकी पहचान एक 'डर्टी गारमेंट' के रूप में बदल गई। चौबे जी का दुःख, उनकी मौत का दर्द, बस स्टाफ की भाषा में एक 'मैनेजमेंट टास्क' था, जिसका निपटारा भी उतनी ही बेरुखी से होना था। मानो बिस्तर पर कोई इंसान नहीं, बल्कि बस एक 'ट्रॉले की एक्सपायर्ड प्रोडक्ट' पड़ा हो। यह समाज, यह व्यवस्था - जहाँ संवेदनाएँ सरकारी फाइल में ह्यफॉर्मेलिटीह्ल बनकर रह जाती हैं, और लोग इस तरह की घटनाओं को मानो मनोरंजन की तरह देखते हैं। जैसे ही बिस्तर खाली हुआ, वैसे ही नए मरीज के लिए ह्यस्पेसह्ल तैयार हो गया। आखिर सरकारी अस्पताल का काम चलता रहे, पीताम्बर चौबे का ह्यइमोशनल केसह्ल यहाँ का मुद्दा नहीं था। संवेदनाओं की ऐसी सरकारी व्यवस्था ने जैसे हर इंसान के भीतर एक 'इमोशनल आईसीयू' बना दिया है, जिसमें संवेदनाएँ तोड़ दी जाती हैं, लेकिन किसी को कोई फर्क नहीं पड़ता।




## विदेश

# पाकिस्तान में फिर विभाजन का खतरा 1971 का इतिहास दोहराया जायेगा

संजीव ठाकुर

पाकिस्तान सरकार को पाक अधिकृत कश्मीर और बलूचिस्तान में जबरदस्त विरोध का सामना करना पड़ रहा है' वहां की आवाम अब किसी भी परिस्थिति में पाकिस्तान सरकार को बर्दाश्त करने की स्थिति और मनःस्थिति में नहीं हैं। दोनों प्रदेशों से बगावत के स्वर खुलकर सुनाई देने लगे हैं पाक अधिकृत कश्मीर की जनता भारत देश में शामिल होने को एक पैर पर तैयार है। ऐसा नहीं है कि भारत इन दोनों प्रदेशों को आजाद करवाने की कोशिश कर रहा है बल्कि वहां की जनता स्वयं स्फूर्त होकर पाकिस्तान से इन प्रदेशों को अलग करवाएगी। पाकिस्तान में बड़ी विचित्र स्थिति बन गई है खुद के पास देश चलाने के लिए पैसा नहीं है और वह बांग्लादेश में अपनी सेना भेज कर हिंदुओं के विरुद्ध अभियान चलाने में लगा हुआ है। कई आतंकवादी संगठन आप बांग्लादेश में भारत के विरोध में सक्रिय हो गए हैं और दंगे भड़काने में सक्रिय हो गए हैं।

भारत और पाकिस्तान दोनों अंग्रेजों की दासता से 1947 मैं स्वतंत्र हुए थे। दोनों देश विकास की धारणाएं अलग-अलग बनाकर आगे बढ़े थे। भारत विकास और शांति के सोपानों में निरंतर आगे बढा, पंडित जवाहरलाल नेहरू के नेतृत्व में भारत ने पंचवर्षीय योजनाओं के अंतर्गत नए-नए कल कारखाने और कृषि को प्राथमिकता देते हुए आत्मनिर्भर होने का प्रयास किया गया, और काफी हद तक सफल भी रहा है । पाकिस्तान ने विकास की जगह भारत को सदैव नीचा दिखाने का प्रयास किया ,विकास के नाम पर वहां केवल युद्ध और हिंसा को प्राथमिकता दी गई। पाकिस्तान के इतिहास में 18 प्रधानमंत्री ने कभी अपना 5 साल का कार्यकाल पूरा नहीं किया। प्रधानमंत्री जुल्फिकार अली भुट्टो को विभिन्न आरोप लगाकर फांसी की सजा दे दी थी। उसके बाद उनकी पुत्री बेनजीर भुट्टो की हत्या करवा दी गई ,नवाज शरीफ पर विभिन्न आरोप लगाकर लंदन में जाकर बसने को मजबूर कर दिया गया। इमरान खान को भी विभिन्न अपराधों की सजा अब मिलने वाली है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ से पूरा देश नियंत्रण से बाहर है ।इमरान खान की गिरफ्तारी ने जनता और सेना को आमने सामने खड़ा कर दिया गया और 9 मई को जो अराजक तत्वों ने सरकारी इमारतों की तोड़फोड़ की उसका सारा आरोप इमरान खान पर लगाते हुए उन्हें एक बार गिरफ्तार भी कर लिया गया था पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर उन्हें छोड़ दिया गया। अब स्थिति यह है कि पाकिस्तान मैं आवाम को रोटी, चावल और पेट्रोल, गैस जैसी जरूरी चीजों के लिए तरसना पड़ रहा है पाकिस्तान में अभी गृह युद्ध जैसे हालात पैदा हो गए हैं। पाकिस्तान की सेना के जनरल मुनीर पाकिस्तान में मार्शल लगाने की तैयारी में और इमरान शान को पूरी तरह नेस्तनाबूद करने में लगे हुए हैं। इमरान खान के सभी बड़े समर्थक नेता पार्टी छोड़कर भाग चुके हैं। 7000 इमरान समर्थक लोगों को गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया है। महंगाई बेरोजगारी और अराजकता पाकिस्तान में चरम सीमा पर है। प्रधानमंत्री शरीफ के पास देश को बचाने के लिए धनराशि भी नहीं है और इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड ,सऊदी अरेबिया, चीन ने पाकिस्तान की मदद करने से हाथ ऊपर खड़े कर लिए हैं। पाकिस्तान में गृह युद्ध की आशंका को इनकार नहीं किया जा सकता ,ऐसे में पाकिस्तान में 1971 की तरह बांग्लादेश के निर्माण की कथा व्यथा और इतिहास को दोहराने की संभावना दिखाई दे रही है।

1971 में बांग्लादेश के बंगबंधु मुजीब उर रहमान ने गृह युद्ध की घोषणा कर भारत की मदद से पाकिस्तानी सेना का सामना कर पाकिस्तान को मजबूर कर दिया था और पाकिस्तानी सेना के 83000 जवानों ने जनरल नियाजी के नेतृत्व में भारत के जनरल अरोड़ा के सामने आत्मसमर्पण कर दिया था ।और इस तरह बांग्लादेश का पृथक से निर्माण हो पाया था। अब किसी तरह भी पाकिस्तान में फिर से गृह युद्ध होता है और मार्शल ला लगाया जाता है तो सिंध ,बलूचिस्तान के अलग होने की पूरी संभावना बन रही हैं वहां भी जनता पूरी तरह गृह युद्ध के तेवर में दिखाई देने लगी है। यदि ऐसा होता है तो पाकिस्तान के टुकड़े होने से कोई रोक नहीं सकता और इमरान खान को ही जेल में डाला जा सकता है। पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर 121 मुकदमा चलाए जा रहे हैं इसी तरह उनकी पत्नी बुशरा बेगम पर भी आरोप लगाकर उन्हें जेल भेजने की तैयारी है। वैसे तो यह पाकिस्तान का इतिहास ही है कि कोई भी प्रधानमंत्री बेदाग प्रधानमंत्री पद नहीं छोड़ पाया है। यदि इमरान खान को सजा देकर उन्हें गिरफ्तार किया जाता है तो स्थिति बड़ी विस्फोटक हो जाएगी और पाकिस्तान की आवाम विद्रोह पर आने के लिए अमादा है। दूसरी तरफ उल्लेखनीय है कि पाकिस्तान ने आम जनता को दाल रोटी और चावल की कमी के कारण भूखमरी के हालात बन गए हैं पाकिस्तान के वर्तमान प्रधानमंत्री के सामने कई क्षेत्रों से चुनौतियां सामने आ रही हैं वह अपनी आवाम को खाना खिलाए या अपनी पुरानी उधारी का कर्ज कई देशों को वापस करें या फिर अपनी सेना को मार्शल ला लगाने से रोकें, शहबाज शरीफ अब पूरी तरह से लाचार दिखाई दे रहे हैं। उपरोक्त परिस्थितियों में पाकिस्तान का कोई भविष्य नजर नहीं आता है पाकिस्तान को वर्तमान स्थिति से उबरने के लिए आगामी 10 से 20 साल लग सकते हैं और यदि मार्शल ला लगता है तो निश्चित तौर पर पाकिस्तान के टुकड़े होने से पाकिस्तान रोक नहीं सकता है। पाकिस्तान बड़े देशों की तरफ देखकर निहार रहा है कि कोई उसकी मदद करने के लिए आगे आए परिस्थितियां ऐसी दिखाई नहीं दे रही है कोई बड़ा और समझदार देश पाकिस्तान के इन हालातों में उनकी मदद कर पाएगा। पाकिस्तान को खुद पाकिस्तान के हुक्मरानों ने अपने देश को इस विकराल परिस्थितियों में ढकेल दिया है। दूसरी तरफ भारत उसका पड़ोसी देश विकास की चरम सीमा पर है आज की आर्थिक स्थिति में भारत विश्व में पांचवें स्थान पर है सामरिक तौर पर भारत की सेना वैश्विक स्तर पर काफी मजबूत मानी जा रही है और भारत के प्रधानमंत्री की ॠ७ की जापान यात्रा से भारत को ग्लोबल लीडर बना दिया है। यदि दोनों देशों भारत और पाकिस्तान की तुलना करें तो भारत पाकिस्तान से कहीं आगे निकल गया है। अब पाकिस्तान में भयानक अराजक स्थिति बन गई है। पाकिस्तान के टुकड़े होने और वहां गृह युद्ध होने से उसे कोई चमत्कार ही बचा सकता है।

एक नजर

## ग्राम तुमनार में चलाया गया लिंग आधारित हिंसा उन्मूलन के लिए जागरूकता अभियान

**दंतेवाड़ा, 4 दिसंबर ।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री वरूण नागेश के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस मानवाधिकार दिवस के उपलक्ष्य में दंतेवाड़ा जिले में 16 दिवसीय जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में 30 नवंबर को ग्राम पंचायत बड़े तुमनार में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर में जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री वरुण नागेश द्वारा महिला एवं बाल विकास की विभागीय योजनाओं के साथ-साथ महत्वपूर्ण मुद्दों जैसे बाल विवाह, कार्यस्थल पर महिलाओं का यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा से संरक्षण, मिशन शक्ति, सखी वन स्टॉप सेंटर चाईल्ड लाईन, ''बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ'' के विषय में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में बीबीबीपी अन्तर्गत गर्भवती माताओ का गोदभराई व बालिकाओं का अन्नप्राशन करने के अलावा महिलाओं एवं बच्चों के कानूनी अधिकार के संबंध में पंपलेट देकर प्रचार प्रसार किया गया।इसके साथ ही 02 दिसंबर को शासकीय कन्या महेन्द्र कर्मा महाविद्यालय दंतेवाड़ा में भी जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत उपस्थित 120 बालिकाओं को महिलाओं व बच्चों के कानूनी अधिकारों के विषय में विस्तार जानकारी, देते हुए बाल विवाह रोकथाम के लिए शपथ लिया गया। साथ ही महाविद्यालय के प्राचार्य, व्याख्याताओं, बालिकाओं एवं महिला बाल विकास के अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा फलदार वृक्षों का वृक्षारोपण भी किया गया। कार्यक्रम में सरक्षण अधिकारी श्रीमती मनीषा ठाकुर सखी प्रभारी संगीता देवागन बाल संरक्षण इकाई से काउंसलर श्री शशिकांत आ. प्राचार्य डॉ विवेक शर्मा, स्थानीय समिति अध्यक्ष श्रीमती पार्वती परिहार, राजेन्द्र सिंह राज, अर्चना झा व्याख्याता, रेखा सिंह, एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।


## दंतेवाड़ा, गीदम, कुआकोंडा एवं कटेकल्याण की स्वच्छता दीदियों ने किया श्रमदान

**दंतेवाड़ा, 4 दिसंबर ।** उल्लेखनीय है कि जिला प्रशासन के तत्वाधान में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत् प्रत्येक शनिवार को विकासखण्ड स्तरीय साफ-सफाई अभियान शुरू किया गया है। जिसमें प्रति सप्ताह प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों के द्वारा साफ-सफाई कार्य कर स्वच्छता श्रमदान किया जाता है।इस क्रम में विगत 30 नवंबर को जनपद पंचायत दंतेवाड़ा, गीदम, कुआकोंडा एवं कटेकल्याण के विभिन्न ग्राम पंचायत जैसे बड़े कारली, तुड़पारास, मंगनार, मैलावाड़ा, परचेली में, स्वच्छता दीदियों के द्वारा ग्राम पंचायतों के पंचायत भवन, स्कूल, आंगनबाड़ी, शासकीय भवन आदि में साफ-सफाई कर स्वच्छता श्रमदान करते हुए लोगों को समय-समय पर स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## कलेक्टर ने एनआईसी कक्ष से ली ऑनलाइन साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

**दंतेवाड़ा, 4 दिसंबर ।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा एनआईसी कक्ष से ऑनलाइन लिंक के द्वारा साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर ने सर्वप्रथम विगत दिवस हुए बस्तर क्षेत्र विकास प्राधिकरण की बैठक में दिए गए विभिन्न विभागों से संबंधित प्रकरणों की जानकारी लिया। और कहा कि प्राधिकरण के बैठक में दिए गए निर्देश को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इसका पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। इसी प्रकार जिन विभागों द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास एवं सीएसआर के माध्यम से विभिन्न निर्माण कार्य कराए गए है। वे इसका उपयोगिता प्रमाण पत्र भी अनिवार्य रूप से जमा कराएं। इसके साथ ही उन्होंने अनुविभागीय राजस्व अधिकारियों को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, एवं पीडीएस सहित अन्य जनहित में सेवा प्रदाता प्रणाली के सुचारू रूप से संचालन हेतु निरन्तर सचेत रहे। और किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल एवं प्रभावी कार्यवाही करें। उन्होंने समस्त विभागों के प्रमुखों से कहा कि उनके विभागों के समक्ष हितग्राहियों के आए आवेदनों पर की गई कार्यवाही की वस्तु स्थिति के संबंध में संबंधित हितग्राहियों को अवगत कराएं। इसी प्रकार अगर प्रकरण का निराकरण नहीं हो पाने या फिर राज्य शासन से संबंधित होने के कारण विलंब की स्थिति बन रही है।

# बस्तर को हराकर नारायणपुर अंडर-19 क्रिकेट टीम ने सेमीफाइनल में किया प्रवेश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**नारायणपुर, 4 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा अंडर- 3 दिवसी इंटर डिस्ट्रिक टेस्ट सलेक्शन क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया है जिसमे नारायणपुर की अंडर-19 क्रिकेट टीम के उत्कृष्ट प्रदर्शन जारी है ग्रुप स्टेज के पुल बी में पहला मैच 24 नवम्बर को नारायणपुर का मुक़ाबला रायपुर से साथ दल्ली राजहरा में हुआ जिसमे नारायणपुर ने शानदार जीत दर्ज की थी इसके बाद दूसरा मैच दंतेवाड़ा के साथ कांकेर में हुआ जिसमें दंतेवाड़ा को एक पारी और 193 रनों से रौंदा था जिसके बाद ग्रुप स्टेज में आख़री टीम बस्तर के साथ 2 दिसंबर को दल्लीराजहरा के बीएसपी ग्राउंड में हुआ है यह मैच क्वाटरफ़ाइनल के रूप में देखा जा रहा था क्योंकि ग्रुप बी में बस्तर और नारायणपुर के बराबर पॉइंट थे जो टीम विजयी होगी वह सेनिफ़ाइनल पहुँचेगी जिस महत्वपूर्ण मुक़ाबले में नारायणपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाज़ी करने का फ़ैसला लिया टीम बस्तर को पहली पारी में 52.5 ओवर में 169 रनों पर ऑल आउट कर दिया अच्छी गेंदबाज़ी में मिली सफलता आत्मविश्वास का असर बल्लेबाजी में भी दिखाई दिया पहली पारी मे नारायणपुर ने कुल स्कोर 52.5 ओवर में 206 जा पहुँचा नारायणपुर को पहली पारी में कुल 37 रन की बढ़त मिल चुकी थी इसी बढ़त के ख़त्म कर टारगेट देने के उम्मीद से बस्तर की टीम बल्लेबाज़ी करने उतरी जिसमे पूरी टीम कुल 30 ओवर में रन 97 रन बनाई और नारायणपुर को 61 रन का टारगेट मिला जिसे 6 विकेट खो कर जीत हासिल की नारायणपुर का अगला मुक़ाबला 6 से 8 दिसम्बर तक बिलासपुर ब्लू के साथ सेमीफ़ाइनल होगा जिसे जीतने वाली टीम एलिड ग्रुप में प्रवेश करेगी नारायणपुर के खिलाड़ियो व खेल प्रेमियों के लिये ये एक बहुत सवर्णिम पल है जिसमे अबुझमाड़ के खिलाड़ी पूरे छत्तीसगढ़ के खेलप्रेमियो को नारायणपुर की प्रतिभा के दर्शन करवा रहे है इस प्रदर्शनों से ना केवल नारायणपुर बल्कि पूरे बस्तर के खिलाड़ियो को क्रिकेट जैसे खेल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन और अपना भविष्य बनाने के लिए प्रेरित करेगा

जिला के सभी खेल प्रेमी और ज़िला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी ने सभी खिलाड़ियो को बधाई दी है और आने वाले मैचस के लिये शुभकानाए दी है

# दिव्यांग बच्चों की प्रतिभाएं असाधारण, और सभी के लिए प्रेरणादायक:विधायक

**दंतेवाड़ा, 4 दिसंबर ।** आज विश्व दिव्यांगता दिवस के अवसर पर विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की छिपी हुई प्रतिभा को निखारने और उनके आत्मसम्मान, सामाजिक कौशल और आत्मविश्वास को बेहतर बनाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन मेडंका डोबरा स्थल में आयोजित किया गया। इस आयोजन में विधायक श्री चैतराम अटामी, कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी, जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा और अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।इस अवसर पर मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक श्री अटामी ने दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत की गई विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यक्रम की विशेष सराहना करते हुए कहा कि दिव्यांगता के बावजूद बच्चों द्वारा जिस प्रकार विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भागीदारी की गई है वास्तव में यह सभी के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों द्वारा मटका फोड़ की प्रस्तुति की प्रशंसा की और इसे दिल को छू लेने वाला अनुभव बताया। उन्होंने कहा, ÷संगीत, तबला और ढोलक को इन बच्चों ने जिस खूबसूरती से बजाया है, वह अद्भुत है। अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा, ÷मुझे यह देखकर खुशी हुई कि ये बच्चे इशारों के माध्यम से संवाद और काम कर रहे हैं। मेरे दादा भी सुन नहीं सकते थे, लेकिन वे भी इशारों से बात करते थे, और मैं उन्हें पूरी तरह समझता था। यह भगवान द्वारा दी गई एक अनोखी कला है, जो वास्तव में प्रशंसनीय है। इन बच्चों ने यह दिखा दिया कि प्रतिभा और आत्मविश्वास के प्रस्तुति में विपरीत शारीरिक परिस्थितियां बाधक नहीं है।उल्लेखनीय है कि समग्र शिक्षा एवं समाज कल्याण विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में यहां विविध गतिविधियों और कार्यक्रमों जैसे मटका फोड़, बुच्ची बाल, पेंटिंग प्रतियोगिता, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, के अलावा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और बौद्धिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही कार्यक्रम की प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों के मटकी फोड़ खेले से की गई, जिसे जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उत्साहपूर्वक देखा और सराहा। इस अवसर जिला शिक्षा अधिकारी श्री एस. के. अंबस्ट, उप संचालक समाज कल्याण श्री संतोष टोप्पो, डीएमसी श्री हरीश गौतम, श्री राजेंद्र पांडेय सहित शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं स्कूली बच्चे मौजूद थे।

## जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति 18 जुलाई से ऋण वसूली शिविर का करेगी आयोजन

**दंतेवाड़ा, 3 दिसंबर ।** जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित से प्राप्त जानकारी अनुसार वर्ष 2007-08 से अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के हितग्राहियों को स्वरोजगार हेतु ऋण प्रदाय कर लाभान्वित किया गया है। चूंकि हितग्राहियों की वसूली राशि संतोषजनक नहीं है। जिसके कारण निगम मुख्यालय द्वारा 07 अगस्त 2023 के माध्यम से ऋण वसूली बढ़ाने हेतु वसूली शिविर आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया है।उपरोक्त निर्देश के परिपालन में ऋण वसूली प्रगति लाने के उद्देश्य से माह दिसंबर 2024 में ऋण वसूली शिविर तथा अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के इच्छुक आवेदकों का स्वयं के रोजगार जैसे किराना स्टोर्स, जनरल स्टोर्स, वेल्डिंग दुकान, पान दुकान, होटल, चाय दुकान, सब्जी खरीदी बिकी, जूता-चप्पल आदि व्यवसाय स्थापित करने हेतु अंत्योदय, आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत ऋण प्रकरण तैयार करने हेतु शिविर का आयोजन किया जाना है। अतः माह दिसंबर 2024 में जिले के सभी विकास खंडों में दन्तेवाड़ा तहसील 5 दिसंबर, तहसील कुआकोंडा 12 दिसंबर को, तहसील गीदम में 19 दिसंबर को एवं तहसील कार्यालय बड़े बचेली में 26 दिसंबर को ऋण वसूली शिविर तथा अंत्योदय, आदिवासी स्वरोजगार योजना के तहत ऋण प्रकरण तैयार करने के लिये शिविर का आयोजन किया जायेगा।

# जिला सीईओ ने साप्ताहिक समीक्षा में पीएम आवास मनरेगा ,एसबीएम और एनआरएलएम की समीक्षा की



**बीजापुर,4 दिसंबर।** जिला पंचायत के सभागार में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशन में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने ग्रामीण विकास की योजनाओं की गहन समीक्षा की। जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत विगत वित्तीय वर्षों में स्वीकृत अपूर्ण आवासों को दिसम्बर माह तक पूर्ण करने निर्देश दिए। मनरेगा अंतर्गत छूटे परिवारों के जाबकार्ड, बैंक खाता और आधार कार्ड बनाए जाने के साथ आधार आधारित भुगतान प्रणाली से जोड़ने की भी विस्तृत समीक्षा की। मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2020-21 कार्य जैसे आंगनबाड़ी, पंचायत भवन, पीडीएस भवन जो अपूर्ण हैं उन्हें जल्द पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। नियद नेल्लानार अंतर्गत ग्रामों विकास कार्य की स्वीकृति की समीक्षा की गई। स्वीकृत आवासों का शत्-प्रतिशत जियो टेगिंग के गेप को पूर्ण करने एवं लगातार मॉनिटरिंग किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सामुदायिक शौचालयों एवं सेग्रीगेशन शेड में छत ढलाई कार्य पूर्ण हो चुके है उन्हें पूर्ण कर शत प्रतिशत घरों से कचरा कलेक्शन करने निर्देशित किया। अप्रारंभ व्यक्तिगत शौचालय प्रारंभ कराते हुए प्रगति से अवगत कराने निर्देशित किया। एनआरएलएम योजनांतर्गत समूह गठन का लक्ष्य पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया ।इस बैठक में जिला स्तर पर योजना के शाखा प्रभारी, जनपद सीईओ, सहित ब्लाक स्तर के योजनाओं में कार्य करने वाले अधिकारी सहित ग्राम पंचायत सचिव उपस्थित रहे।

# बारांडेरा धाम रायपुर में 100 गवां संयोजक सम्मान प्रमाण पत्र समारोह का आयोजन किया गया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कोण्डागांव, 4 दिसंबर।** संयोजक गण को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया है। यह सम्मान बलिदानी राजा गुरू बालकदास साहेब, जी, 18 वीं सदी, के एकादशीय राज्याभिषेक राजा मेला, भारत वर्ष के 57 परिसीमन, में, लगभग 6000 सतनामी गांव के मध्य,13,10,,2024 को, एकादशी तिथि को आयोजित किया गया था।

सम्मान समारोह के अवसर पर 100 गवां सतनामी संसद ने महा सहयोग अभियान का फैसला लिया गया है,,एक करोड़ की धनराशि एवं 3000 क्विंटल चावल की व्यवस्था करने का लिया निर्णय विचार हुआं है,।बलौदा बाजार कलेक्टर कार्यालय आगजनी प्रकरण पर निर्दोष गिरफ्तार सतनामी समाज के लोगों के प्रभावित परिवार जन को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए निर्णय लिया गया है । 100 गवां सतनामी संसद के प्रधान संयोजक मान्यवर धर्मचेला लखमूराम टंडन ने कहा कि सतनाम धर्म के सम्मान के लिए शान्ति प्रिय आन्दोलन , में निर्दोष जेल यात्रियों व उनके परिवारजन को अकेले नहीं छोड़ सकते हैं,,। पूरा सतनामी समाज साथ हे,। भारतवर्ष के लगभग 6000 सतनामी गांव के घर-घर से 1 किलो चावल एवं?100 के सहयोग राशि का व्यवस्था 57 परिसीमन के 100 गवां संयोजक के द्वारा उक्त धनराशि इकट्ठा करके 200 लगभग गिरफ्तार जेल यात्री के परिवार जनों को उनके जीवन निर्वाह के लिए जब तक जेल से बाहर आते तक सहयोग प्रदान करता रहेगा । क्योंकि सतनामियों के लिए हमारे सादा झंडा और सतनाम के प्रतीक जैतखाम के सम्मान में पूरा सतनामी समाज गंभीर है ।सजग है समझ रहे हैं की यह समय वर्तमान का बहुत ही संवेदनशील है , ऐसे समय हमें एक होकर सतनामी अस्तित्व और अस्मिता की यह लड़ाई में सब साथ खड़े हैं , 100 गवां सतनामी समाज धर्म सभा संसद के सभी भारतवर्ष के 57 परिसीमनों में यह महासहयोग अभियान दिसंबर 2024 से जनवरी-फरवरी 2025 तक घर-घर पहुंचकर बलौदा बाजार , प्रकरण, गिरोधपुरी धाम महाकौनी ग्राम के जैतखांम प्रकरण तोड़फोड़ ,, बलौदा बाजार कलेक्ट्रेट कार्यालय आगजनी प्रकरण की वास्तविक घटना से संपूर्ण सतनामी समाज को समाज के अंतिम व्यक्ति अर्थात कुली मजदूरी , किसान व्यापारी कर्मचारी नेता अभिनेता संत कटिहार साधु संतों गुरुओं तक को उनके मेहनत की कमाई के चंद हिस्से धनराशि के रूप में निर्दोष जेल यात्रियों के परिवार जनों के साथ सहयोग के लिए जोड़ना जरूरी है । हर एक एक सतनामी इस आंदोलन से जुड़कर पूरा सहयोग प्रदान करेंगे तभी हम अपने सामाजिक लोगों की रक्षा हमारे धर्म की रक्षा सदैव करते रह पाएंगे। हमें घबराने की जरूरत नहीं है यह देश लोकतंत्र के नींव पर मजबूती से खड़ा है हमें लोकतंत्र पर विश्वास करते हुए हमें न्याय के लिए संघर्ष करना होगा और आदर्श सत्तमी समाज का पहचान पूरे भारतवर्ष में पहुंचना है ऐसा निर्णय हम सबको करना है, सभी का सहयोग के लिए कार्य योजना बना रहे है । इसके साथ ही, निर्दोष गिरफ्तार भाईयों को तत्काल निशर्त , बाहर निकालने का शासन प्रशासन से प्रयास ,है,,। धर्मचेला लखमू राम टंडन प्रधान संयोजक 100 गवा के आथित्य में एवं विशिष्ट अतिथि मुख्य संयोजक रिझेन्द डहरिया ऍवं आत्मा दास माहेश्वरी मुख्य संयोजक एवं जगदीश सोनवानी मुख्य संयोजक द्वारा 100 गवां संयोजक प्रमाण पत्र प्रदान की गई । प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले का नाम इस प्रकार हैं मुख्य संयोजक रिझेन्द डहरिया , आत्मा दास महेश्वरी , जगदीश सोनवानी एवं जन्मेजय महिलांग , संयोजक धमतरी परिसीमन , कुलेश्वर कुरे , संयोजक नवागढ़ , घनश्याम घृतलहरे भोथली, परिसीमन शत्रुघ्न बारले, भोथली, परिसीमन , छबिलाल बंजारे बाराडेरा धाम, परिसीमन इत्यादि का सम्मान किया गया है

## जिला निर्वाचन अधिकारी एवं राजनीतिक दलों ने किया ईवीएम,वीवीपैट वेयर हाउस का निरीक्षण

**दंतेवाड़ा, 4 दिसंबर ।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, छत्तीसगढ़ रायपुर के निर्देशानुसार ईवीएम, वीवीपैट मशीनों का त्रैमासिक निरीक्षण किये जाने के निर्देश दिए गए है। इस तारतम्य में आज 03 दिसंबर 2024 को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री मयंक चतुर्वेदी ने कलेक्टोरेट परिसर में स्थित ईवीएम, वीवीपैट वेयर हाउस का आज निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने वेयर हाउस की सुरक्षा, वहां स्थित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन के रखरखाव, बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट, व्ही व्ही पीएटी मशीन, सीसी टीवी कैमरे, अग्नि से सुरक्षा परिसर की सुरक्षा सहित अन्य बिंदुओं के बारे मे जानकारी लेते अधिकारियों को निर्देश दिए। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अभिषेक तिवारी, निर्वाचन सुपरवाइजर श्री अजय नायक सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

## के.रि.पु.बल ने युवक-युवतियों को भ्रमण के लिए रवाना किया



**सुकमा, 4 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**जिले में आज रति कांत बेहेरा कमाण्डेन्ट, द्वितीय वाहिनी, के.रि.पु.बल के दिशा निर्देश पर 2 दिसम्बर 2024 को 16 वीं ट्राईवल यूथ एक्सचेन्ज प्रोग्राम के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के सुकमा जिला के आदिवासी युवाओं व युवतियों को सी0आर0पी0एफ0 के 02 वीं वाहिनी के सौजन्य से नेहरू युवा केन्द्र जगदलपुर (छ.ग) के द्वारा दूसरे विकसित राज्य में भेजकर वहॉ के संस्कृति तथा विकास से रूबरू कराने हेतु सुनहरा मौका दिया गया है। जिसमें इनको देश के प्रगतिशील क्षेत्र के गतिविधियों व विकास को नजदीक से देखने का मौका मिलेगा। 02 वीं वाहिनी, सी0आर0पी0एफ0 सुकमा द्वारा 04 दिसम्बर से 10 दिसम्बर/2024 तक युवाओं को जागरूक करने के मकसद से नेहरू युवा केन्द्र संगठन की सहायता से सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित ईलाके जैसे छिन्दगढ़, कुकानार, फुलबगडी, पोलमपल्ली, चिन्तागुफा, दोरनापाल, कुन्दनपाल, बोदागुड़ा, सामसेट्टी, कोर्रा, इर्राबोर, आसीरगुड़ा इंजराम एवं गादीरास आदि के युवाओं/युवतियों को मुंबई (महाराष्ट्रा) भ्रमण के लिए भेजा जा रहा है। ताकि वे इस शहर का विकास नजदीक से देख सकें और वापस आने पर अपने क्षेत्र के लोगों को इससे संबंधित सभी प्रकार की जानकारी को साझा कर सकें व अपने क्षेत्र के विकास में अग्रणी भूमिका निभा सकें। युवाओं के मार्गदर्शन हेतु सी0आर0पी0एफ0 के पुरूष एवं महिला कार्मिकों को भी इनके साथ मुंबई (महाराष्ट्र) भेजा गया है। इस कार्यक्रम के तहत 19 युवाओं और 21 युवतियों को मुंबई (महाराष्ट्र) भ्रमण के लिए भेजा जा रहा है। इस मौके पर 02 वीं बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी अनामी शरण के द्वारा हरी झण्डी दिखा कर भ्रमण के कार्यक्रम की शुरूआत की गई। इस मौके पर 02 वी वाहिनी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नितेश नानाजी परचके, भास्कर भट्टाचार्य, उप कमाण्डेन्ट तथा द्वितीय वाहिनी के अधीनस्थ अधिकारी व जवान उपस्थित थे।भ्रमण पर जाने से पूर्व द्वितीय कमान अधिकारी अनामी शरण - 02 वी वाहिनी ने युवाओं को संबोधित करते हुए यह आशा जताई कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य यहॉ के युवाओं को बाहरी संस्कृति एवं विकसित कार्यो से रूबरू करवाया जा सके। जिससें यहॉ के युवा भ्रमण के दौरान अपने विचारों को दूसरों के साथ आदान-प्रदान कर सकें और वहॉ की संस्कृति व विकास की जानकारी हासिल कर सकें और जब वह वापस आयें तो एक नई सोच के साथ अपने गॉव में इसकी चर्चा करें। जिससे यहॉ के अधिक से अधिक लोग देश की मुख्य धारा से जुड़ सकें। अनामी शरण, द्वितीय कमान अधिकारी ने युवाओं से यह भी अपील किया कि इस कार्यक्रम के तहत मुंबई (महाराष्ट्र) में होने वाले विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम तथा भाषण प्रतियोगिता में सभी युवा व युवति बढ़-चढ़ कर भाग लें और अपने क्षेत्र व राज्य का नाम रोशन करें।

## उसूर ब्लॉक में की गई कोटपा एक्ट में चालानी कार्रवाई



**बीजापुर 4 दिसंबर ।** जिले में तम्बाकू सेवन उपयोग के नियंत्रण एवं धूम्रपान से होने वाले दुष्प्रभाव की रोकथाम हेतु राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला प्रवर्तन दल के द्वारा कोटपा एक्ट 2003 के तहत उसूर ब्लॉक में चालानी कार्यवाही किया गया।उक्त कार्यवाही कलेक्टर श्री संबित मिश्रा के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ उमेश सिंग ठाकुर के मार्गदर्शन में किया गया उक्त कार्यवाही में 35 चालान के माध्यम से 7,250 रुपए की राशि प्राप्त किया गया कार्यवाही अंतर्गत धारा 04 के तहत सार्वजनिक स्थान में धूम्रपान सेवन प्रतिबंधित है। धारा 06 अ के तहत 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 के अंतर्गत तम्बाकू उत्पाद बेचने व खरीदने पर प्रतिबंधधारा 06 ब तहत स्कूल के 100 गज के दायरे में तम्बाकू उत्पाद बेचना प्रतिबंध है। तम्बाकू उत्पादों का सेवन करते पाये जाने पर समझाईश देने के साथ-साथ धूम्रपान रहित क्षेत्र व नाबालिग बच्चों के खरीदी बिक्री पर प्रतिबंध का बोर्ड लगाते हुए चलानी कार्यवाही किया गया।उक्त कार्यवाही में स्वास्थ्य विभाग से नोडल एन टी सी पी डॉक्टर मनोज लम्बाड़ी , डॉ नैतिक मंडावी एएमओ उसूर , डॉ नीतू चन्द्रवंशी एएमओ उसूर , प्रियंका मौर्या एएनएम एवं पुलिस विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लाइवलीहुड कॉलेज में मिला प्रशिक्षण,बदला जीवन

**दंतेवाड़ा, 4 दिसंबर ।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों ने कई युवाओं की जिंदगी बदल दी है। ऐसा ही एक उदाहरण है दंतेवाड़ा जिले के ग्राम कासोली, तहसील गीदम की ''सरिता अटामी'' का है जो आज अपनी मेहनत और लगन से आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। सरिता बताती हैं कि वह एक मध्यम वर्गीय कृषक परिवार से ताल्लुक रखती हैं और घर की आर्थिक स्थिति संतोषजनक नहीं होने के कारण 12 वीं पास करने के उपरांत उन्हें तत्काल छोटी-मोटी नौकरी की आवश्यकता महसूस हुई। ताकि घर की आमदनी में अपना हाथ बंटा सकें। इसी दौरान उनके एक दोस्त ने उन्हें लाइवलीहुड कॉलेज कारली दंतेवाड़ा में मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत निशुल्क ÷डोमेस्टिक डेटा एंट्री ऑपरेटर÷ प्रशिक्षण और प्लेसमेंट की जानकारी दी।बेरोजगारी झेल रही सरिता ने तुरंत बिना देर किए लाइवलीहुड कॉलेज में जाकर फॉर्म भरा और कुछ दिनों बाद उन्हें काउंसिलिंग के लिए बुलाया गया और इस प्रकार उसका 3 महीने का प्रशिक्षण आरंभ हुआ। वर्ष 29 मई 2023 से 28 सितंबर 2023 तक चले प्रशिक्षण सत्र के दौरान सरिता ने ''एमएस ऑफिस टूल्स, अकाउंट्स'', के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास (पर्सनालिटी डेवलपमेंट), संवाद कौशल, और उचित पहनावे जैसे विषयों पर भी गहन प्रशिक्षण प्राप्त किया। कुल मिलकर सरिता की कड़ी मेहनत और समर्पण का सुखद परिणाम यह रहा कि प्रशिक्षण पूरा होने के बाद उन्हें दंतेवाड़ा के ''सीजी-18 रेस्टोरेंट'' में कंप्यूटर ऑपरेटर कम रिसेप्शनिस्ट के रिक्त पद पर नियुक्ति भी हो गई।

## भोपालपटनम में भूकंप के झटके घरों से बाहर निकलकर भागे लोग

**भोपालपटनम, 4 दिसंबर।** बुधवार कि सुबह तक़रीबन 7 बजकर 27 मिनट पर जिले के कई हिस्सों में भूकंप के झटके लगे हैं झटको कि दहशत से लोग अपने घरों से बहार निकालकर एक दूसरे से चर्चा करने लगे। बताया जा रहा है कि, भूकंप का केंद्र तेलंगाना में था लेकिन झटके महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ में भी महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी के अनुसार, सुबह तेलंगाना के मुलुगु जिले में 5.3 की तीव्रता का भूकंप आया। हैदराबाद में भी झटके महसूस किए गए। भूकंप सुबह 7ः27 बजे आया। इसका केंद्र ज़मीन से 40 किलोमीटर की गहराई पर था।

## बीजापुर में भी भूकंप के झटके

**बीजापुर 4 दिसंबर ।** नगर में भी आज सुबह भूकंप के झटके महसूस किये गए पहले तो लोग समझ ही.नहीं पाये कि अचानक ये कंपन कैसे हुआ अचानक हुये भूकंप के झटके से नगर वासी दहशत के चलते घरों से बाहर निकले और एक दूसरे से जानकारी लेने लगे भूकंप के झटके से घरों मे कंपन हुआ लेकिन कोई जनधन हानि नहीं हुई जिले के अन्य हिस्सों मे भी भूकंप के झटके महसूस किये गए है अबतक कहीं से भी किसी भी तरह की जनधन हानि का समाचार नहीं है।

## एक नजर

### कलेक्टर ने सेवानिवृत्ति पर मयाराम को पीपीओ एवं जीपीओ प्रदान किया गया



**फिंगेश्वर, 4 दिसंबर।** कलेक्टर दीपक अग्रवाल जिला गरियाबंद द्वारा कलेक्टर सभाकक्ष गरियाबंद में फिंगेश्वर विकासखंड के मयाराम जांगड़े ( से. नि. प्र. पा. शासकीय बालक प्राथमिक शाला राजिम )एवं भुनेश्वर ध्रुव (से.नि.प्र.पा.शासकीय प्राथमिक शाला गनियारी )को जिला शिक्षा अधिकारी ए. के. सारस्वत एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र कुमार जोशी की उपस्थिति में शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया.साथ साथ उनके पी.पी.ओ. एवं जी.पी.ओ.भी प्रदान किया गया.इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार जोशी ने कहा कि सेवानिवृत्ति जीवन का वह पड़ाव है जहां पर हम अपने काम की जिम्मेदारियां से मुक्त हो जाते हैं और नई पारी की शुरुआत करते हैं.क्योंकि शिक्षक कभी सेवानिवृत नहीं होता. उन्होंने आगे कहा कि विकासखंड फिंगेश्वर के अंतर्गत भविष्य में शिक्षा विभाग के समस्त अधिकारी कर्मचारियों के सेवानिवृत्ति के दिन संपूर्ण स्वत्वों का भुगतान करने हेतु आश्वस्त किया. ज्ञात हो कि दोनों प्रधान पाठक के 30 नवंबर को सेवानिवृत्त तिथि के दिन विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेन्द्र कुमार जोशी एवं लेखापाल महेश्वर मारकंडे द्वारा तत्परता के साथ सभी स्वत्वो का भुगतान कर दिया गया है। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी पी.एल. खलको एवम् राजिम संकुल समन्वयक धर्मेंद्र सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

### सीएम ने जिले के हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं की सहायता राशि व उपकरण प्रदान किए



**रायगढ़, 4 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एक दिवसीय रायगढ़ प्रवास के दौरान जिले के विभिन्न हितग्राहियों को सहायता राशि व उपकरण प्रदान किए। उप मुख्यमंत्री श्री अरूण साव व वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी भी इस दौरान उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत 35 हितग्राहियों को पूर्ण आवास का प्रमाण-पत्र वितरित किए। इसी श्रम विभाग के तहत मुख्यमंत्री निर्माण श्रमिक मृत्यु एवं दिव्यांग सहायता योजना अंतर्गत आरती कुमार चन्द्रा को 2 लाख 50 हजार रुपये एवं श्रीमती सुकवारा यादव को 01 लाख रुपये प्रदाय किया गया। इसी तरह मुख्यमंत्री सियान सहायता योजना अंतर्गत श्री दयाराम, श्रीमती कदरा उरांव को 2-2 लाख रुपये तथा मुख्यमंत्री नोनी सशक्तियोजना सहायता योजना अंतर्गत कु.निशा सिदार को 2 लाख रुपये की राशि प्रदाय किया गया। खाद्यान्न सहायता योजना अंतर्गत 5 हितग्राहियों का बीपीएल कार्ड बनाया गया। इनमें मीनू लहरे, रेशमा सिंदुर, नीलम केरकेट्टा, चांदनी कुमार एवं कल्पना सिदार शामिल है।

राज्य डेयरी उद्यमिता विकास योजना के तहत 4 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया। इनमें श्री उमेश चौहान को 93 हजार 200 रुपये, श्री मनोज मिरी को 93 हजार 200 रुपये तथा लीलाम्बर पटेल एवं श्रीमती ज्योत्सना पटेल को 70-70 हजार रुपये प्रदाय किया गया। समाज कल्याण विभाग अंतर्गत कुमारी पवन कुमार राठिया को ब्रेलकीट एवं श्री पोखराज राठिया को एमआरकीट प्रदाय किया गया। किसान समृद्धि योजना अंतर्गत 5 हितग्राहियों को विभागीय योजनाओं से लाभान्वित किया गया है। इनमें गोपीनाथ पंडा को नलकूप खनन पर अनुदान 10 हजार रुपये की राशि प्रदाय किया गया। इसी तरह ललित कुमार गुप्ता एवं अंजनी कुमार डनसेना को 35-35 हजार रूपये, गोपाल साहू एवं केसरलाल यादव को सिंचाई पाइप पर अनुदान हेतु 9-9 हजार रुपये प्रदाय किया गया।मछली पालन सहायता योजना अंतर्गत परसादो सिदार एवं शिवकुमार को आईस बॉक्स तथा विजय चौहान को जाल का वितरण किया गया। आयुष्मान भारत योजना के तहत 5 हितग्राही छबिला चौहान, तुलसी चौहान, हेमलता साहू, अशोमती साहू एवं राजकुमारी पटेल का आयुष्मान कार्ड वितरित किया गया।

# विधायक रोहित साहू ने सिरजन के लिए दिए 7 लाख और महिला समूह भवन के लिए 30 लाख की स्वीकृति

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम-फिगेंश्वर, 4 दिसंबर।** ग्राम फुलझर घटारानी में शुक्रवार को ग्राम वासियों सिरजन परिवार जिला गरियाबंद और मया के संदेश छत्तीसगढ़ी लोक कला मंच के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय जिला स्तरीय सिरजन लोक कला महोत्सव और लोकार्पण कार्यक्रम आयोजन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

जिले में छत्तीसगढ़ी संस्कृति संरक्षण की दिशा में विगत 10वर्षो से हो रहे सिरजन महोत्सव और रचनात्मक पहल के लिए आयोजक मंडल को कार्यक्रम के खातिर अतिथि विधायक श्री रोहित साहू पूर्व सांसद श्री चंदूलाल साहू जिला पंचायत सदस्य श्री चन्द्रशेखर साहू और रीजनल मैनेजर हस्त शिल्प बोर्ड रायपुर श्री बी के साहू आदि ने बधाई दी उल्लेखनीय है कि मुख्य अतिथि रोहित साहू सांसद चंदूलाल साहू ने 15 लाख रूपये निर्माण कार्यों का भूमि पूजन लोकार्पण किए।और सिरजन भवन के लिए 7 लाख की घोपणा और ग्राम मे प्रवेश द्वार निर्माण ढीमर समाज की बर्तन क्रय के लिए 10 हजार महिला समूह के लिए 30 लाख रूपये भवन हेतू और विभिन्न मंडलियों के जन सम्पर्क राशि स्वीकृत किए।इसके लिए ग्राम वासियों और सिरजन ने विधायक का आभार जताया है।

जिला सिरजन के संस्थापक गौकरण मानिकपुरी केन्द्रीय प्रतिनिधी डां ईश्वर तारक अध्यक्ष सेवक ठाकुर ने बताया कि दोपहर 12 बजे से देर रात्रि तक चले इस



सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और सम्मान कार्यक्रम पंथी पंडवानी, सुआ, राऊत नाचा, लोकगीत कर्मा, ददरिया आदिवासी लोकनृत्यों की एक बानगी को लोगों ने खूब सराहा। कार्यक्रम का संचालन शेर शायरी छत्तीसगढ़ी हिन्दी हास्य व्यंग्य विधाओं द्वारा प्रभावी शैली में संरक्षक साहित्यकार नूतन लाल साहू पाण्डुका और वरिष्ठ साहित्यकार भगवताचार्य हलधर नाथ जोगी कोपरा ने पूरे रातभर लोगों को हंसाते गुदगुदाते सांस्कृतिक यात्रा कराते रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने प्रदेश स्तर के कलाकार प्रमुख जिला प्रमुखों अंचल के कला प्रेमियों और गांव के रसिक दर्शकों की सराहनीय उपस्थिति रही।इसमें प्रांताध्यक्ष सिरजन डा दीनदयाल साहू भिलाई लालजी साहू दुर्ग राघोबा महाडिक राजिम मालगुजार जितेन्द्र विश्वकर्मा रायपुर व रायपुर ग्रामीण अध्यक्ष ललिता यादव धमतरी संगीता मानिकपुरी विजय चन्द्राकर गायत्री परिवार प्रमुख राजाराम सिन्हा छुईहा आचार्य पुष्कर तिवारी लोहरसी गंगा बाई मानिकपुरी नारायण साहू खेमबाई निषाद रूप दास बुधारु दौलत यादव यशोमति सेन पवन घृतलहरे तुलेश्वर घृतलहरे समुन्दा सिन्हा गिरवर ध्रुव किशन कण्डरा खोवा राम नारायण अनिल कुमार साहू डा डोमन साहू हरिश् यश कुमार साहू नंदकुमार ध्रुव चैतू तारक दशरथ तारक मोहन मुरारी मानिकपुरी पोखराज साहू षठी नूतन तारक विजय पटेल जमुना तारक कमला मानिकपुरी हेमा बाई साहू दुष्यंत उमा मानिकपुरी सहित ग्राम प्रमुखों में सरपंच सुनीति/रमेश ध्रुव संतु राम ध्रुव तारण ध्रुव जहुर दीवान संतोष दीवान खेमू ध्रुव रेखराज साहू और समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## अवैध धान परिवहन व भण्डारण के खिलाफ सतत कार्रवाई जारी

**महासमुंद 4 दिसंबर ।** कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर जिले में अवैध धान की तस्करी पर प्रभावी कार्रवाई सतत जारी है। कलेक्टर श्री लंगेह के निर्देशानुसार अवैध धान का परिवहन व भण्डारण करने वालों को किसी भी स्थिति में बख्शा नहीं जाएगा और ऐसे मामलों में संबंधित वाहन, धान और तस्करी में शामिल व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है। इसके अलावा, धान के अवैध कारोबार में शामिल व्यापारियों पर भी जुर्माना लगाया जा रहा है। निर्देशानुसार बिना उचित दस्तावेजों और अनुमति के धान परिवहन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है और ऐसे परिवहन को तुरंत जब्त किया जा रहा है। इसी क्रम में 3 दिसम्बर को स्टॉक से अधिक अवैध भण्डारण एवं अंतर्राष्ट्रीय 4 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई। जिसमें कुल 181 बोरा (72.4 क्विंटल) धान जप्त किया गया।

जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि राजस्व, मंडी, खाद्य विभाग द्वारा जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में अवैध धान परिवहन के विरुद्ध 9 नवम्बर से सतत कार्रवाई जारी है। 3 दिसंबर तक कुल 76 प्रकरणों पर कार्रवाई की गई हैं। जिसमें 03 प्रकरण अंतर्राज्यीय तथा 73 प्रकरण राज्यीय है। कार्रवाई में 14168 बोरा धान (5653.60 क्विंटल) जप्त किया गया है। इस दौरान अवैध धान परिवहन में संलिप्त 06 वाहनों को भी जप्त किया गया है।

## महाप्रभु जगन्नाथ के प्रति जितना स्नेह ओडिशा के लोगों में है उतना ही अनुराग छत्तीसगढ़ में भी:सीएम



**रायगढ़, 4 दिसम्बर।** सार्वजनिक जीवन में अच्छा कार्य कर रहे समाज के लोगों को जब सम्मान मिलता है तो न केवल उन्हें अच्छा महसूस होता है अपितु समाज के बहुत से लोगों को प्रेरणा मिलती है और वे उनके आदर्शों के अनुरूप चलने का प्रयास करते हैं। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज रायगढ़ में आयोजित उत्कल ब्राम्हण सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बात कही।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि उत्कल ब्राह्मण समाज ने समाज की विभिन्न विभूतियों के सम्मान का कार्यक्रम रखा है। यह बहुत अच्छी पहल है। उन्होंने इस मौके पर रायगढ़ में उत्कल ब्राम्हण समाज के भवन निर्माण के लिए 50 लाख रूपए देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम में उत्कल ब्राह्मण समाज के सम्मेलन के अवसर पर अनेक विभूतियों को सम्मानित किया।मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि रायगढ़ मेरी कर्मभूमि रही है। उत्कल ब्राह्मण समाज के अनेक सदस्य मेरे अच्छे मित्र रहे हैं। मेरे सुख-दुख में सहभागी रहे हैं। उनसे सामाजिक गतिविधियों की जानकारी होती रहती है। सामाजिक सम्मेलन के माध्यम से वे प्रगतिशील विचारों को बढ़ावा देते हैं। यही वजह है कि उत्कल ब्राह्मण समाज के लोग सार्वजनिक जीवन के हर क्षेत्र में बेहतर मुकाम पर हैं।

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढिया संस्कृति और ओडिशा की संस्कृति में बहुत सी बातें मिलती-जुलती हैं। महाप्रभु जगन्नाथ के प्रति जितना स्नेह ओडिशा के लोगों में है उतना ही अनुराग छत्तीसगढ़ में भी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि हमारी सरकार के लिए शिक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता में है। आज ही हमने रायगढ़ में 42 करोड़ रुपए की राशि से बनने वाले नालंदा परिसर का भूमिपूजन भी किया।

# कार्यशाला में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा व बेहतर रिजल्ट पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**फिंगेश्वर, 4 दिसंबर।** गौरव गरियाबंद के तहत जिले में शैक्षिक गुणवत्ता को मजबूत करने एवं हाई स्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम में सुधारने के लिए कलेक्टर दीपक अग्रवाल एवं जिला शिक्षा अधिकारी ए. के. सारस्वत के निर्देशानुसार विकास विकासखंड स्तरीय हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्तर पर जोन प्राचार्यों, विषय शिक्षकों एवं ब्लूप्रिंट कार्यशाला का आयोजन विकासखंड स्त्रोत समन्वयक केंद्र फिंगेश्वर में संपन्न हुआ. इस अवसर पर फिंगेश्वर विकासखंड के 6 जोन के प्राचार्य एवं अंग्रेजी, गणित, विज्ञान के विषय विशेषज्ञ शामिल हुए. इस बैठक का मुख्य उद्देश्य ब्लूप्रिंट आधारित परीक्षा प्रणाली को लागू करना और छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा देकर बेहतर शिक्षा परिणाम सुनिश्चित करना है. इस कार्यशाला में जिला कार्यालय से सांख्यिकी अधिकारी श्याम चंद्राकर,ए.पी. सी.मनोज केला,विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामेंद्र कुमार जोशी विकासखंड स्त्रोत समन्वयक सुभाष शर्मा उपस्थित थे.इस अवसर पर सांख्यिकी अधिकारी श्याम चंद्राकर ने कहा कि अर्धवार्षिक परीक्षा 13 दिसंबर से 20 दिसंबर तक संचालित होगी. जिसके लिए विषय विशेषज्ञों को ब्लू प्रिंट आधारित प्रश्न पत्र निर्माण की प्रक्रिया, प्रश्नों के अंक विभाजन, कठिनाई स्तर और उत्तर लेखन कला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षकों को निर्देशित किया कि छात्रों को प्रश्न पत्र की संरचना और शब्द सीमा के बारे में



विस्तृत रूप से जानकारी देते हुए ब्लूप्रिंट आधारित परीक्षा प्रणाली को लागू करना और छात्रों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा देकर बेहतर परीक्षा परिणाम सुनिश्चित करना है. ब्लूप्रिंट सभी विषय का कक्षा में अनिवार्य रूप से चस्पा करें. उन्होंने आगे कहा कि सभी विषय शिक्षक यह प्रयास करें कि विद्यार्थियों में एकाग्रता के साथ विषय के प्रति रुचि जागृत हो और सभी विषय की तैयारी ब्लूप्रिंट के अनुसार यदि दक्षता आधारित शिक्षण दिया जाए तो निश्चित ही अनुकूल और अच्छे परिणाम जरूर आएंगे.ए.पी.सी मनोज कला ने इस प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को ब्लूप्रिंट की बेहतर समझ और शिक्षा उन्नयन के लिए नवाचारों से अवगत कराना है. ब्लूप्रिंट एक ऐसा स्ट्रक्चर है जिससे तैयारी करके हम पूरा कोर्स कंप्लीट कर सकते हैं तथा सकारात्मक परिणाम की आशा प्रबल हो जाती है. उन्होंने आगे कहा कि इस कार्य योजना के उद्देश्य केवल परीक्षा परिणाम सुधारना नहीं है बल्कि छात्रों का आत्मविश्वास और शैक्षिक गुणवत्ता बढ़ाने के साथ-साथ शिक्षकों को प्रश्न पत्र निर्माण में कुशल बनाना जरूरी है ताकि छात्र बेहतर तरीके से परीक्षा की तैयारी कर सके. वहीं कमजोर छात्रों को विशेष ध्यान देकर मुख्य धारा में लाना हमारी प्राथमिकता है. साथ साथ प्रतिभाशाली छात्रों को राज्य की मेरिट सूची में स्थान दिलाने हेतु प्राचार्यों एवं शिक्षकों को निर्देशित किए. इस बैठक में प्रमुख रूप से जोन प्राचार्य मुकेश निर्मलकर, पूरन लाल साहू, निरंजन तिवारी,संजय एक्का, बसंत साहू, भारती साहू, व्याख्याता झूमुक लाल साहू, नीतू शाह, परेश्वर यादव, गीतांजलि नेताम विद्या भूषण साहू,कन्हैया मिश्रा, सी. एम. बंजारे, लीला सिंह सेंगर, सुवर्णा गोरे,लक्ष्मण तारक, गिरवर यादव, कुंदन रावत,दुष्यंत वर्मा,निशा देवांगन, चंद्रिका प्रसाद साहू, भोमिन हिरवानी यशोदा द्विवेदी, नोहर साहू,थनेश्वर साहू, रवि अग्रवार,जितेंद्र देवांगन, मनीष देवांगन, चेतन गायकवाड़ एवं फिंगेश्वर ब्लाक के विषय विशेषज्ञ व्याख्याता उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर शासकीय मेडिकल कालेजों में वित्तीय सुधारों की दिशा में बड़ा कदम

**रायगढ़, 4 दिसम्बर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग में वित्तीय सुधारों की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। विष्णु के सुशासन में राज्य सरकार जनहित में लगातार नीतिगत निर्णय ले रही है। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस दिशा में प्रयास करते हुए अपने सुझाव सामने रखे थे। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल की अध्यक्षता में राज्य के 10 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों के स्वशासी सोसायटियों की बैठक में आज चिकित्सा महाविद्यालयों एवं संबद्ध चिकित्सालयों के वित्तीय विकेंद्रीकरण के विस्तार के लिए कई महत्वपूर्ण एवं जनहित के निर्णय लिए गए हैं। इन निर्णयों से महाविद्यालय स्तर पर स्वशासी सोसायटियों का सुदृढ़ीकरण होगा, आवश्यक कार्यों के लिए शासन पर निर्भरता कम होगी, अतिआवश्यक कार्य समय-सीमा पर संपन्न हो सकेंगे और तात्कालिक आवश्यकताओं की पूर्ति चिकित्सा महाविद्यालय स्तर पर ही हो जाएगी।चिकित्सा महाविद्यालयों एवं संबद्ध अस्पतालों के लिए अतिआवश्यक दवाइयां, चिकित्सकीय उपकरणों की खरीदी मरम्मत एवं रख-रखाव, कन्ज्यूमेबल सामग्री इत्यादि की तात्कालिक उपचार के लिए आवश्यकता पड़ती रहती है। लेकिन मेडिकल कालेजों के अधिष्ठाता एवं अस्पताल अधीक्षकों के पास इन्हें खरीदने अथवा मरम्मत के लिए बहुत ही सीमित शक्तियों का प्रावधान था। इसकी वजह से इन्हें शासन स्तर के निर्णय पर निर्भर रहना पड़ता था। ये नियम छत्तीसगढ़ राज्य गठन के पूर्व से चला आ रहा था । राज्य गठन के बाद पहली बार वित्तीय अधिकारों के नियम मे संशोधन किया जा रहा है।पहले मेडिकल कालेजों के अधिष्ठाता एवं अस्पताल अधीक्षकों को 1 लाख रूपए से ऊपर के लघु निर्माण, मरम्मत, दवा खरीदी इत्यादि कार्यों के लिए मंत्रालय स्तर पर फाइल भेजनी पड़ती थी। नए निर्णय से अब इनके पास 10 लाख रूपए तक का वित्तीय अधिकार होगा। इसके लिए शासन स्तर से किसी अनुमोदन की आवश्यकता नहीं होगी। औजारों एवं लघु उपकरणों की खरीदी अथवा मरम्मत के लिए 1 लाख रूपए तक का वित्तीय अधिकार था जिसे अब बढ़ाकर 10 लाख रूपए करने की सहमति



स्वशासी समिति की बैठक में दी गयी है। इसी तरह से भण्डार तथा रिएजेंट की खरीदी के लिए 20 हजार रूपए तक की शक्तियां थी जिन्हें बढ़ाकर अधिष्ठाता एवं अस्पताल अधीक्षक को पूर्ण शक्तियां प्रदान करने की अनुशंसा की गयी है। इस वित्तीय विकेंद्रीकरण से स्वाशासी समिति कार्य संपन्न बनेगी और बहुमूल्य समय की बचत होगी। इससे मरीजो को दवाइओं एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का त्वरित लाभ मिलेगा। स्वशासी सोसायटियों का पुनर्गठन-राज्य के 10 शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों एवं संबद्ध चिकित्सालयों की स्वशासी सोसायटियों का गठन महाविद्यालय की स्थापना के साथ अलग-अलग समय पर हुआ है। इन सोसायटियों के लिए कोई एक निर्धारित गाइड लाइन या नियमावली का निर्धारण नहीं किया गया है और इनमें एकरूपता नहीं है। इन सोसायटियों को होने वाली आय व्यय के अनुमोदन के लिए भी कोई मानकीकरण प्रक्रिया नहीं है। इनमें एकरूपता लाने के लिए माडल स्वशासी सोसायटियों का ड्राफ्ट प्रशासकीय विभाग द्वारा अनुमोदित कर जारी किया गया है। पूर्व में सिर्फ सामान्य सभा को ही अधिकार प्राप्त थे, लेकिन नए ड्राफ्ट के अनुसार सामान्य सभा के अधिकारों का विस्तार करते हुए प्रबंधकारिणी समिति और वित्त समिति के अधिकारों में बदलाव किए गए हैं।इन बदलावों के अनुसार सामान्य सभा को पूर्ण अधिकार के साथ ही अब प्रबंधकारिणी समिति को प्रति कार्य 2 करोड़ रूपए तक अनुमोदन का अधिकार होगा, पहले ये अधिकार नहीं था। वित्त समिति को प्रति कार्य 10 लाख रूपए तक के अनुमोदन का अधिकार दिया गया है, पहले कोई अधिकार नहीं था। केंद्र अथवा राज्य शासन के विभिन्न योजनाओं से स्वशासी समिति को प्राप्त राशि, आवंटन अथवा अनुदान में से सामान्य सभा को खर्च व अनुमोदन का पूर्ण अधिकार होगा वहीं इसी राशि में से प्रबंधकारिणी समिति को 5 करोड़ रूपए तक की राशि के अनुमोदन का अधिकार होगा।अभी तक राज्य शासन से आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत प्राप्त क्लेम का 25 फीसदी ही संबंधित चिकित्सा महाविद्यालय की स्वशासी सोसायटी को प्राप्त होता था। स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में इसे बढ़ाकर 45 फीसदी कर दिया गया है। इसके साथ ही एक बड़ा बदलाव करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल की अध्यक्षता में ये निर्णय लिया गया है कि शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं सम्बद्ध चिकित्सालयों को राज्य बजट से दवाइयां मद तथा भण्डार एवं रिएजेंट मद में प्राप्त बजट का 10 फीसदी राशि का आवंटन होता था। इसे बढ़ाकर 25 फीसदी कर दिया गया है। इन फैसलों से मेडिकल कालेजों को वित्तीय रुप से सशक्त बनाने के लिए वित्तीय विकेंद्रीकरण कर मेडिकल कालेजों की स्वशासी सोसायटियों को पुनर्गठित किया गया है।नवा रायपुर के महानदी भवन से वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए स्वशासी सोसायटियों को संबोधत करते हुए स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि विष्णु के सुशासन में मेडिकल कालेजों में वित्तीय अनुशासन एवं सुधारों के जरिए बेहतर करने का प्रयास कर रहे हैं। ये निर्णय तृतीयक स्वास्थ्य सेवाओं के सुधार के लिए उठाया गया एक बड़ा कदम है। इन निर्णयों से हम मेडिकल कालेजों को अधिकार संपन्न बना रहे हैं ताकि छोटी जरूरतों के लिए उन्हें निर्भर न रहना पड़े और जनहित में वो आवश्यक निर्णय तत्काल लेकर मरीजों की बेहतरी के लिए काम कर सकें।

## विष्णु के सुशासन में आत्मनिर्भर बन रही महिलाएं



**बीजापुर, 4 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के भटपल्ली में रहने वाली बिजे गोटा ने महतारी वंदन योजना से मिलने वाली राशि का उपयोग खेती किसानी में किया है। बिजे गोटा पहले बहुत परेशानियों से गुजर रही थीं, लेकिन जब से महतारी वंदन योजना का लाभ उन्हें मिला तब से उन्होंने 50 डिसमिल की ज़मीन से अपनी शुरुआत की। अब सात महीने से वह महतारी वंदन योजना की राशि से खेती कर अपने परिवार को भी आर्थिक रूप से मदद कर रही हैं।बिजे ने खेती से अच्छा आर्थिक लाभ भी प्राप्त किया है। उन्होंने महतारी वंदन योजना की राशि से अपने खेत में टमाटर, मूली और विभिन्न प्रकार की भाजी उगा रही हैं।बिजे का यह प्रेरणादायक कार्य समाज के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा को दर्शाता है वह न केवल सब्जियां बाजार में बेचकर अपना जीवन यापन करती हैं बल्कि स्कूलों और आश्रमों में निशुल्क वितरण करके समाज में एक सकारात्मक संदेश भी फैला रही हैं। बिजे ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को अपना बड़ा भाई मानते हुए कहा कि यदि हमारे जीवन में विष्णु देव जैसे भाई हों तो हम बेहनो को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होगी। इस भावना के साथ उन्होंने मुख्यमंत्री को अपनी नम आँखों से धन्यवाद ज्ञापित किया, जो उनके लिए प्रेरणा और सहायता का स्त्रोत बने हैं। यह कहानी न केवल बिजे की दृढ़ इच्छाशक्ति और उदारता को दिखाती है बल्कि समाज में महिलाओं की भूमिका को भी उजागर करती है जो अपने परिश्रम और समर्पण से दूसरों की जिंदगी में बदलाव ला रही हैं।

## पामेड़ में भारत संचार निगम लिमिटेड के मोबाइल टावर को 4-जी में अपग्रेड किया गया

**बीजापुर, 4 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बीजापुर के सबसे



सुदूरवर्ती क्षेत्र तेलंगाना के सीमा पर लगे पामेड़ में 02दिसंबर 2024 को बीएसएनएल की टीम द्वारा मोबाईल टावर को 4-जी से अपग्रेड कर 4-जी सेवा प्रारंभ किया गया । वर्ष 2014-15 में पामेड़ में बीएसएनएल का टावर स्थापित किया गया था जो सेटेलाईब बेस था ।

BSNL द्वारा क्षेत्र में 2-जी एवं 3-जी टावर को अपग्रेड कर 4-जी किया जा रहा है एवं नए 4-जी टावर स्थापित किए जा रहे है। जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में सबसे अधिक बीएसएनएल उपभोक्ता है । पामेड़ क्षेत्र में बहुप्रतीक्षित बीएसएनएल टावर के अपग्रेड होने से उपभोक्ता को अच्छी वाईस की सुविधा के साथ साथ डाटा में भी अच्छी स्पीड मिल रही है । क्षेत्र में बीएसएनएल टावर अपग्रेड होने से ग्रामीणों को सस्ती दर पर डाटा एवं वाईस की सुविधा उपलब्ध हो पायेगी । ज्ञात हो कि जिले के अंतिम छोर पर बसे पामेड़ क्षेत्र में सड़क बिजली पानी स्कूल अस्पताल एंबुलेंस सहित सभी प्रकार की बुनियादी सुविधाओं के विस्तार तेजी से हो रहा है जिससे पामेड़ वासी ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन को विकास की सौगात देने के लिए लगातार धन्यवाद ज्ञापित भी कर रहे हैं अभी हाल ही में आयोजित बस्तर ओलंपिक खेल प्रतियोगिता के ब्लॉक स्तरीय आयोजन में पामेड़ धर्माराम के खिलाड़ियों ने बताया कि उच्च स्तरीय पुल और डामर सडक सहित सभी सुविधाएं तेजी से हो रही है पामेड़ में 2-जी सेवाओं से मोबाइल कनेक्टिविटी और नेटवर्क ही समस्या होने की बात बताई थी वहीं युवाओं 4जी सेवाएं जल्द उपलब्ध होने की जानकारी मिलने पर उत्साहित नजर आए और उन सभी युवाओं को 4 जी की सौगात मिलने से डाटा स्पीड सहित इंटरनेट की सुविधाएं मिलने पर उनके शिक्षा दीक्षा, रोजगार इत्यादि विषयों पर इंटरनेट बाधा नहीं बनेगी।

## अन्तर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर दिव्यांगजनों का किया गया सम्मान

**बीजापुर, 4 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** अन्तर्राष्ट्रीय



दिव्यांगजन दिवस दिव्यांग पुनर्वास केंद्र समर्थ बीजापुर में मनाया गया जहां 150 दिव्यांगजन को उनके अधिकार एवं कल्याण के बारे में कलेक्टर श्री संबित मिश्रा द्वारा विस्तार पूर्वक बताया गया। कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने कहा कि दिव्यांग पुनर्वास संस्था का नाम समर्थ है समर्थ का तात्पर्य हर क्षेत्र में शारीरिक और मानसिक रूप से सामान्य लोगों की भांति सक्षम है।मै जब भी इस संस्था में आता हूं बहुत खुशी होती है हम सब एक जैसे हैं आपके अंदर पूरी क्षमता है खेल-कूद, सिविल सेवा सहित विभिन्न क्षेत्रों में सामान्य लोगों की भांति प्रतियोगी बनकर सफल हो सकते हैं। दिव्यांगजन भी आज की तारीख में बड़े-बड़े पदों पर बैठे हैं और अपनी पूरी क्षमता से देश और समाज के विकास में योगदान दे रहे हैं।स्वागत उदबोधन कमलेश कुमार पटेल उपसंचालक समाज कल्याण विभाग द्वारा दिया गया इनके द्वारा समाज कल्याण विभाग से कितने दिव्यागजनों को दिव्यांग पेंशन सामाजिक सुरक्षा, पेंशन, छात्रवृति, उच्च शिक्षा, प्रोत्साहन, विवाह, प्रोत्साहन योजना अंतर्गत जिले में कितने हितग्राहियों को लाभान्वित कर रहे है इसके बारे में विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया। दिव्यागजनों का जिला चिकित्सालय एवं आयुष विभाग से आए चिकित्सकगण द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। अतिथियों के स्वागत के लिए समर्थ दिव्यांग बच्चो द्वारा सामूहिक नृत्य किया गया, दिव्यांग बच्चो के लिए थ्रो बाल, तेज चाल, जलेबी दौड़ का खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरुस्कार का वितरण कलेक्टर श्री संबित मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ श्री हेमंत रमेश नंदनवार के द्वारा वितरण किया गया। इसके साथ निरंजन दुर्गम बीजापुर को बैटरीचलित ट्राइसाइकिल एवं उर्मिला कोरसा तथा जागेश्वरी ककेम और 5 दिव्यांग बच्चो को [illegible] प्रदाय किया गया। कार्यक्रम के अंत में आए सभी दिव्यागजनो को सुबह का नाश्ता दोपहर का भोजन एवं टॉवेल, सफेद टोपी प्रदाय कर सम्मान किया गया।उक्त कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी, जिला आयुष अधिकारी, जिला परिवहन अधिकारी, सीईओ अंत्यावसायी, कोषालय अधिकारी, प्रभारी अधीक्षक सहित समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी की गरिमामय उपस्थिति में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम का संचालन श्री जाकिर खान शिक्षा विभाग के द्वारा किया गया।

## सक्षम अधिकारी के पूर्व स्वीकृति प्राप्त किए बिना अधिकारी-कर्मचारी अवकाश पर नहीं जाएंगे :कलेक्टर

**बीजापुर 4 दिसम्बर ।** छत्तीसगढ़ के षष्ठम् विधान सभा का चतुर्थ सत्र 16 दिसम्बर 2024 से 20 दिसम्बर 2024 तक आहूत किया गया है। उक्त अवधि में निर्धारित प्रश्नोत्तर काल के लिए प्राप्त विधानसभा प्रश्नों के उत्तर निर्धारित समय-सीमा में शासन को भेजने संबंधी कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता का है।

कलेक्टर श्री संबित मिश्रा ने जिले के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे सक्षम अधिकारी के पूर्व स्वीकृति प्राप्त किये बिना अवकाश पर प्रस्थान नहीं करेंगे तथा मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे। इसके अतिरिक्त आकस्मिक की स्थिति में आहूत किये जाने पर कार्यालयीन अवधि के पश्चात् एवं अवकाश के दिनों में कार्यालय में उपस्थित होंगे।

# कांग्रेसियों ने धान खरीदी केंद्र चलो अभियान चलाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भखारा 4 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देश पर छत्तीसगढ़ में खरीफ फसल धान खरीदी का निरीक्षण करने व किसानों को धान बेचने तथा टोकन काटने में आ रही दिक्कतो की जानकारी लेकर निराकरण के लिए आवाज बुलंद करने के लिए मंगलवार को धान खरीदी केंद्र चलो अभियान की शुरुआत ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा के द्वारा भखारा सोसायटी अंतर्गत कोलियारी, भखारा,कोसमर्रा पहुंचकर धान तौलाई,रखरखाव सहित टोकन, व धान खरीदी की प्रति दिवस लिमिट की जानकारी लिये। जिसमे किसानों ने बताया कि धान उठाव नहीं होने से लिमिट नहीं बढ़ रहा है टोकन के लिए लम्बा इंतजार करना पड़ रहा है, धान खरीदी केंद्र मे भारी अव्यवस्था,साफ सफाई की कमी,मौसम खराबी हमारे लिए आपदा से कम नहीं है साथ ही 3100 क्विंटल का भुगतान एकमुस्त नहीं किया जा रहा है जिससे परेशान है राशि भुगतान में विलम्ब होना सबसे बड़ी परेशानी है प्रबंधक से जानकारी लेने पर उन्होंने कहा कि धान खरीदी कि जिम्मेदारी हमारी है और सरकार पैसा कब देगी ये वही जाने पंचायत मे काउंटर खोलने कि बात पर बताया कि जब किसान के खाते मे पैसा आएगा तब उसी पैसे को निकालकर ही दिया जाएगा तथा धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के संयोजक एवं पूर्व विधायक कुरुद लेखराम साहू ने किसानों से चर्चा करते हुए उनके समस्याओ से रूबरू होते हुए कहा कि किसानों को आश्वासत किया कि सरकार द्वारा चुनावी घोषणा पत्र में अंकित 3100रूपये प्रति क्विंटल के भुगतान,21क्विंटल धान की खरीदी को लेकर सड़क से सदन तक कि लड़ाई कांग्रेस पार्टी लड़ेगी ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा अध्यक्ष राजू साहू ने कहा किसान हित सर्वोपरि है छत्तीसगढ़ कि समृद्धि किसानों के मेहनत से होकर ही गुजरती है और जब तक किसान मजबूत और समृद्ध नहीं होंगे तब तक छत्तीसगढ़ समृद्ध नहीं होगा ब्लाक कांग्रेस कमेटी भखारा के द्वारा पूर्व में भी टोकन और 3100 की मांग को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया था और जरूरत पड़ी तो हम किसानों कि हक़ कि लड़ाई लड़ेंगे।

## एक नजर

### थलसेना भर्ती शारीरिक दक्षता परीक्षा 4 दिसम्बर से

**बलौदाबाजार,4 दिसम्बर।** भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन 4 दिसम्बर से 12 दिसम्बर 2024 तक रायगढ़ में किया जायेगा। इसके लिए माह अप्रैल 2024 में आयोजित लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण किये हुए अभ्यार्थियों को उनके ई-मेल में प्रवेश पत्र भेजा गया है। सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनरल ड्युटी पद हेतु 195 आवेदकों का 9 दिसम्बर 2024 एवं अग्निवीर टेक्नीकल एवं ट्रेडसमेन के पद हेतु 26 आवेदकों का 11 दिसम्बर 2024 को शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन किया जायेगा। अधिक जानकारी के लिए जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के मोबाईल नम्बर 96913-33104 एवं जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र बलौदाबाजार कार्यालय के दूरभाष नम्बर 07727-299443 पर सम्पर्क कर सकते है।

### लंबे समय से अनुपस्थित शिक्षकों एवं सहायक ग्रेड तीन पर गिरी गाज,5 को किया गया पद से बर्खास्त

**बलौदाबाजार, 4 दिसंबर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश में अनाधिकृत रूप से लंबे समय से अनुपस्थित 3 शिक्षको एवं 2 सहायक ग्रेड तीन पर सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें शासकीय सेवा से बर्खास्त कर दिया गया है।जिसमें विकासखण्ड सिमगा के शास.प्राथ.शाला रिंगनी में पदस्थ सहायक शिक्षक अमित बहादुर,शास.प्राथ.शाला मोपर के सहायक शिक्षक श्रीमती कल्पना कश्यप,शास.प्राथ.शाला छेरकाडीह के सहायक शिक्षक गीतेंद्र सिंह ध्रुव एवं शास.उच्च माध्य.विद्यालय केसदा सहायक ग्रेड तीन शरद कुमार यादव, विकासखण्ड सिमगा के शास. उच्च माध्य.विद्यालय कामता सहायक ग्रेड तीन गौरव कुमार साहू शामिल है। के उपरोक्त कर्मचारीगण अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित शासकीय सेवकों के विरुध्द अनुशासनिक कार्रवाई करते हुए कार्य से पृथक कर दिया गया है। इनके द्वारा मूलभूत नियम 18 एवं छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3(1) (एक) (दो) (तीन) तथा अवकाश नियम 7 निहित नियमों के विपरीत पाया गया जो कदाचरण की श्रेणी में आता है।

### 8 दिसंबर को साहू समाज के कार्यक्रम में आयेंगे उपमुख्यमंत्री अरुण साव

**भाटापारा 4 दिसंबर।** जिला साहू संघ के प्रचार सचिव रोहित साहू ( टेहका वाले ) ने बताया कि 8 दिसंबर 2024 को बलौदा बाजार में युवक युवती परिचय सम्मेलन का कार्यक्रम साहू समाज छात्रावास कलेक्टर रोड बलौदा बाजार में आयोजित होना है जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री अरुण साव सम्मिलित होंगे , पंजीयन एवं अन्य संबंधित जानकारी हेतु जिला ( अध्यक्ष ) सुनील साहू मो, नंबर 9977554040 सहित अन्य जिला तहसील एवं परिक्षेत्र के पदाधिकारीयो से संपर्क करें , विधवा विदुर एवं नियमानुसार तलाकशुदा और हैंडीकैप भी अपना निःशुल्क पंजीयन करा सकते हैं , युवक युवतीयो के पंजीयन हेतु आवश्यक शर्ते युवक की न्यूनतम आयु 21 वर्ष एवं युवती की न्यूनतम आयु कम से कम 18 वर्ष पूर्ण होना चाहिए , पंजीयन फार्म अपने अपने क्षेत्र के पदाधिकारियों से संपर्क कर प्राप्त करें एवं फार्म में दिए गए सभी जानकारी व एक फोटो जरूर लगाएं , सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा।

# विधायक अंबिका मरकाम ने विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**नगरी 4 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशन में सिहावा विधानसभा क्षेत्र की विधायक अंबिका मरकाम ने विधानसभा क्षेत्र के फरसापानी ,गट्टासिल्ली, आमदी (कहरैया) दुगली के धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण किया, इस दौरान धान खरीदी के क्रियाकलापों को बारीकी से अवलोकन कर उपस्थित किसानों से चर्चा कर समस्याओं को जाना जिस पर किसानों ने बताया कि टोकन कटाने में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा टोकन को ऑनलाइन के माध्यम से 60त्न व ऑफलाइन से 40त्न काटा जा रहा है और ऑनलाइन में कुछ समय के लिए एप को खोला जाता है और ऑफलाइन में सिर्फ 40त्न ही काटा जा रहा जिससे अधिक्तर किसानों का समय मे टोकन नही कट पा रहा है साथ ही धान खरीदी केन्द्रों में खरीदी किये गए धान की तौल करने पर तौल कहि कहि ज्यादा देखने को मिला, वही किसान असमंजस्य की स्थिति में है,

सरकार ने अपने घोषणा पत्र में किसानों से 3100 प्रति कुंटल धान खरीदी कर पंचायत में एक मुस्त राशि देने का वादा किया था परन्तु अभी की स्थिति में 22. 20 रुपया पतला धान और मोटा धान 23 रु.की दर से खरीदी की जा रही है,और पतला को भी मोटा के रेट से काटा जा रहा है जो किसानो के साथ वादाखिलाफी है, किसानों ने यह भी बताया है कि सरकार ने पिछले समय के बोनस देने का भी वादा किया था जिसमें अभी भी बोनस की राशि नहीं दिया गया है साथ ही उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अभी धान के मूल्य में 117 रुपया की बढ़ोतरी की है इस हिसाब से राज्य सरकार को 32.17 रुपए में धान की खरीदी के लिए राशि जारी करना चाहिए,जिस पर विधायक अंबिका मरकाम ने धान खरीदी के संबंध में सभी प्रकरणों को विधानसभा सत्र में उठाने की बात कही साथ ही उपस्थित अधिकारियों को भी किसान के साथ सामंजस्य बिठाकर धान खरीदी करने के लिए निर्देशित किया है,

निरीक्षण के दौरान भानेद्र ठाकुर,शिव कुमार, परिहार,कृति मरकाम, प्रमोद, कुंजाम, महेन्द्र पाण्डेय मयंक ध्रुव, अनवर सिद्दकी, शत्रुघन साक्षी, अनूप वट्टी, रतेवश्वर नेताम, नोहर ,नेताम, नटवर नेताम, गजेंद्र माण्डवी,राजू कवडे, गिरधर, सूरज सिंह, सुकालू निर्मकार, फलेन्द्र माण्डवी, मन्नू नेताम, पन्ना लाल कस्यप, रमेश्वर मरकाम, रमेश वट्टी, आदि की उपस्थिति रही।

## समाचार संक्षेप

### राष्ट्रीय मानव अधिकार अपराध एवं भ्रष्टाचार विरोधी व्यूरो का सम्मेलन व कार्यालय उदघाटन किया गया



**सिमगा 4 दिसंबर।** आज दिनांक 12 बजें मण्डी प्रांगण के पास राष्ट्रीय मानव अधिकार अपराध एवं भ्रष्टाचार विरोध व्यूरो का कार्यक्रम राष्ट्रीय प्रभारी घासीदास भारद्वाज एवं उनकी टीम के द्वारा कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रभारी के द्वारा मानव अधिकार की विस्तृत जानकारी दी गयी एवं नव पदस्थ पदाधिकारियों को पहचान पत्र एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। सुरेन्द्र यादव को बलौदाबाजार जिला का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया जिससे क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है एवं उनके अपनो ने उन्हे बधाई दी। साथ ही साथ 4 ब्लॉक अध्यक्षों भाटापारा ब्लॉक से खुमान सिंह वर्मा, बलौदाबाजार से रामकुमार साहू, सिमगा से जितेन्द्र जैन एवं खरोरा से गोवर्धनलाल कन्नौजे को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। साथ ही समन्वयक सुभाषचन्द्र दिवाकर, माखनलाल साहू भाटापारा इस कार्यक्रम में विशेष रूप से अजय मशीह जिला महासचिव बलौदाबाजार की विशेष उपस्थिति रही। इस कार्यक्रम मे विशेष रूप से थाना प्रभारी सिमगा सुश्री योगिता बाली खापरडे साथ ही साथ गोपीचंद कुर्रे प्रभुदास मलाखी, जितेन्द्र साहू, गिरजा प्रसाद मांडले, कामेश निर्मलकर, मिलन आडिल आदि उपस्थिति थे।

### श्रद्धा और विश्वास का मिलन है शिव विवाहः लाटा महाराज

**रायपुर 4 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर पुरानी बस्ती में स्थित श्री राजराजेश्वरी महामाया माता मंदिर प्रांगण में न्यास समिति के तत्वाधान में आयोजित श्री राम कथा के द्वितीय दिवस वाणी भूषण पं शंभू शरण लाटा महाराज ने शिव विवाह की कथा विस्तार से बताया. उन्होंने शिव विवाह को श्रद्धा और विश्वास का मिलन निरूपित किया. श्रद्धा और विश्वास के मिलन से दो संतान हुए कार्तिकेय और गणेश जी कार्तिकेय पुरुषार्थ का और गणेश जी बुद्धि का धोतक है. जगत में एक सार है वह है धम. 'धर्म क्या है... परोपकार ही धर्म है. उन्होंने श्रद्धालुओं से अपील की कि क्रोध करो लेकिन बोध नष्ट नहीं होना चाहिए. क्रोध कम करो, धर्म का रास्ता न टूटे यदि कुछ है तब चिंता है, कुछ नहीं है तो कोई चिंता नहीं है पुत्र नहीं है तो चिंता नहीं है, लेकिन कलयुग में सन है तो टेंशन है?. लोग भगवान को याद करते हैं, मौत को याद नहीं करते जो सत्य है. धर्म को लगाम नहीं लगना चाहिए. दान पूजा पाठ कथा में महंगाई को देखते हुए खर्च कम करना धर्म पर लगाम लगाना है। अपमान सहने की ताकत हो तो शादी करना चाहिए, नहीं तो साधु बन जाइए. फिर सम्मान भी मिलेगा, प्रणाम करेंगे, खीर, हलवा, पुड़ी भी खाने मिलेगा. गृहस्थ जीवन और विवाह मनुष्य के जीवन में एक चुनौती है।

# मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन में प्रधानमंत्री आवास योजना से संवर रहा जीवन

**बलौदाबाजार,4 दिसंबर ।** बलौदाबाजार भाटापारा जिले के अंतर्गत कसडोल विकासखंड के अंतर्गत ग्राम हटौद की रहने वाली कला बाई निषाद की जिंदगी किसी संघर्ष से कम नहीं है। कला बाई के पति स्वर्गीय तीजू राम निषाद का 10 साल पहले बीमारी के कारण निधन हो गया। परिवार की जिम्मेदारी पूरी तरह से कला बाई के कंधों पर आ गई। उन्होंने मजदूरी को अपना सहारा बनाया और अपने बेटे और परिवार का पालन-पोषण शुरू किया। कला बाई निषाद का बेटा भी अपनी मां की तरह मेहनती है। छह साल पहले उसकी शादी हुई और वह गांव में छह महीने मजदूरी करता है। बाकी समय आस पास गावों में मजदूरी का कार्य कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए मेहनत करता है। लेकिन खेत न होने की वजह से उनका पूरा जीवन मजदूरी पर ही निर्भर था।

कला बाई निषाद का जीवन तब बदलना शुरू हुआ जब उन्हें महतारी वंदना योजना और प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस योजना का लाभ मिला। इन योजनाओं ने उनके परिवार को न केवल आर्थिक सहारा दिया,बल्कि उनका जीवनस्तर भी सुधारा। जहां पहले वे लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाने को मजबूर थीं,वहीं अब उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर मिलने से उनका काम आसान हो गया। इसके अलावा



प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उन्हें पक्का घर भी मिला। उनका घर महज 80 दिनों में ही तैयार हुआ है। कला बाई कहती हैं कि ÷हम मजदूरी करके जैसे-तैसे घर का खर्चा चलाते थे। पक्के घर का सपना कभी देखा ही नहीं था। लेकिन अब अपने नाती-पोतों के साथ नए घर में रहकर जीवन यापन करना मेरे लिए किसी वरदान से कम नहीं है।÷ सरकार की इन योजनाओं ने कला बाई के जीवन में नई उम्मीदें और खुशियां भर दी हैं। वह अब अपने नाती-पोतों के साथ खुशी-खुशी जीवन जी रही हैं। उनका कहना है, ÷प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री जी ने हमारे जैसे गरीब परिवारों के लिए जो किया है, उसके लिए हम जीवन भर उनके आभारी रहेंगे। कला बाई की यह संघर्ष साबित करती है कि मेहनत,संघर्ष और सही मदद से कोई भी इंसान अपने जीवन को बेहतर बना सकता है।

### मुनिश्री की प्रेरणा से किया व्यसन का परित्याग

**रायपुर 4 दिसंबर।** आचार्य श्री महाश्रमण जी के सुशिष्य मुनिश्री सुधाकर जी सहवर्ती मुनिश्री नरेश कुमार जी अपना रायपुर प्रवास संपन्न कर पद विहार करते हुए अपना आत्मकल्याण करते हुए सामान्य जन-मानस को भी धर्म के मर्म से परिचित करा रहे हैं। उसी क्रम में आज के सरदा प्रवास स्थल स्वामी श्री कप्तान सिंह जी नेहरा ने मुनिश्री नरेश कुमार जी की प्रेरणा से अपने व्यसन का परित्याग करते हुए भेंट स्वरूप अर्पित कर दिया। मुनिश्री ने उनकी श्रध्दा भावना की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उनके आध्यात्मिक जीवन के प्रति मंगलकामना करते हुए मंगलपाठ श्रवण कराया। ज्ञातव्य है कि श्री कप्तान सिंह जी नेहरा रिटायर्ड फौजी व हरियाणा के जाट हैं। उन्होंने ने सपत्नीक मुनि वृंद की सेवा करते हुए जैन धर्म व जैन साधु चर्या को समझते हुए यह संकल्प स्वीकार किया।

## एचआईवी की रोकथाम के लिए किया जा रहा प्रचार-प्रसार,मिल रहा सिंगल विंडो योजना का लाभ

**बलौदाबाजार,4 दिसंबर।** प्रतिवर्ष विश्व 1 दिसंबर को विश्व एड्स दिवस मनाया जाता है। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर आगामी कुछ दिनों तक समुदाय में एचआईवी-एड्स के संबंध में जानकारी तथा उससे बचाव के उपायों का प्रचार-प्रसार स्कूल कॉलेज में परिचर्चा,स्टाफ मीटिंग, रंगोली,पोस्टर तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता इत्यादि के माध्यम से जिले भर में किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार एचआईवी अर्थात ह्यूमन इम्युनो वायरस का संक्रमण असुरक्षित यौन संबंध, दूषित रक्त का उपयोग,संक्रमित सुई सिरिंज के प्रयोग तथा संक्रमित गर्भवती माता से होने वाले बच्चे को हो सकता है। अगर इन चार कारणों को लेकर सावधानी बरती जाए तो इसके संक्रमण से बचा जा सकता है । इसके ज्यादातर शिकार 15 से 24 आयु वर्ग का युवा होता है । वास्तव में एच आई वी संक्रमण से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है जिससे व्यक्ति को अन्य दूसरे रोगों के संक्रमण हो जाते हैं और उसकी जान चली जाती है क्योंकि एचआईवी का अभी तक कोई इलाज नहीं ढूंढा जा सका है अतः जानकारी और सावधानी ही इसका बचाव है । संक्रमित माता से हुए शिशु को जन्म के 72 घण्टे के भीतर दवाई देकर उसे भी इसके खतरे से बचाया जा सकता है। एचआईवी संक्रमण का कोई निश्चित लक्षण नहीं है। फिर भी बार बार बुखार,लंबे समय तक दस्त बने रहना,खाज-खुजली ,थकान ,बिना किसी कारण वजन कम होना ,ग्रंथियों में सूजन ये कुछ लक्षण हैं जिससे सावधान होकर जाँच करवा लेनी चाहिए।

## पास्ट चैम्पियन एथलीट के लिए 10 दिसम्बर तक आवेदन

**बलौदाबाजार,4 दिसंबर।** भारत सरकार क़े खेलो इंडिया योजना अंतर्गत जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में जिला फुटबाल प्रशिक्षण केंद्र, कसडोल संचालित है। उक्त प्रशिक्षण केंद्र मे खेलो इंडिया लघु केंद्र की गाइडलाईन अनुसार 1 पास्ट चैम्पियन एथलीट (महिला या पुरुष ) की नियुक्ति हेतु आवेदन 10दिसम्बर 2024 तक आमंत्रित किया गया है। पास्ट चैम्पियन एथलीट नियुक्ति क़े लिए निर्धारित योयता मे पहली प्राथमिकता सम्बंधित खेल क़े मान्यता प्राप्त एनएसएफ या एसोसियेशन क़े तहत मान्यता प्राप्त अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिता मे भारत का प्रतिनिधित्व किया हो। दूसरी प्राथमिकता मान्यता प्राप्त एनएसएफ द्वारा आयोजित सीनियर नेशनल पास्ट चैम्पियनशिप मे पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा या खेलो इंडिया गेम्स मे पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा हो।तीसरी प्राथमिकता राष्ट्रीय एआईयू पिछली चैम्पियनशिप मे पदक जीतने वाली टीम का हिस्सा हो तथा चौथी प्राथमिकता मान्यता प्राप्त एनएसएफ द्वारा आयोजित सीनियर नेशनल विगत चैम्पियनशिप मे राज्य का प्रतिनिधित्व या खेलो इंडिया गेम्स मे भागीदारी को दी जाएगी। इसके अतिरिक्त एनआईएस को भी मान्य किया जायेगा।

अभ्यर्थी अपने बायोडाटा क़े साथ 10 दिसम्बर 2024 को कार्यालयीन दिवस मे संध्या 5.30 बजे तक कार्यालय वरिष्ठ खेल अधिकारी, खेल एवं युवा कल्याण विभाग, आरटीओ परिसर बलौदाबाजार मे जमा कर सकते हैं।साक्षात्कार हेतु पृथक से जानकारी दी जायेगी। आवेदन फॉर्म जिला कार्यालय एवं वेब साइट एचटीटीपी स्लेस बलौदाबाजार डॉट जीओव्ही डॉट इन से डाउनलोड कर सकते हैं।


### नाम परिवर्तन

मेरा लाइसेंस जिसका लाइसेंस क्रमांक CG 07 20110022970, दिनांक 18.08.2011 है, जो कि मेरे नाम पर पंजीकृत है, जिसमें मेरा नाम टी. शेखर (T. SHEKHAR) मेरे पिता का नाम टी दुर्योधन दर्ज है। जबकि मेरे समस्त स्कूली दस्तावेजों, आधार कार्ड, पेन कार्ड आदि में मेरा नाम शेखर तप्पला (SHEKHAR TAPPLA) मेरे पिता का नाम टी दुर्योधन दर्ज है, जो की सही व सत्य है एवं जहाँ भी आवश्यकता होती है इसी नाम का उपयोग करता हूं। इस प्रकार टी. शेखर (T. SHEKHAR) एवं शेखर तप्पला (SHEKHAR TAPPLA) दोनों नाम मेरे ही हैं अर्थात एक ही व्यक्ति के हैं। अतः अब मुझे मेरे नए नाम शेखर तप्पला (SHEKHAR TAPPLA) के नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

शेखर तप्पला
(SHEKHAR TAPPLA)
ईडब्ल्यूएस 525,526
हाउसिंग बोर्ड औद्योगिक क्षेत्र
भिलाई जिला दुर्ग

### नाम परिवर्तन

मैं जयेश बोन्डे (JAYESH BONDE) पिता श्री रघुनाथ सहदेवराव बोन्डे, उम्र 61 वर्ष रालास एनक्लेव, डंगनिया, रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. का निवासी हूं।

भारत सरकार द्वारा मेरे नाम से आधार कार्ड जारी किया गया है जिसमें मेरा आधार नं. 5677 1334 2418 है उक्त आधारकार्ड में मेरा नाम जयेश बोन्डे (JAYESH BONDE) अंकित है जो कि सत्य एवं सही है तथा अन्य दस्तावेज में मेरा नाम जयेश कुमार बोन्डे दर्ज है।

जयेश बोन्डे (JAYESH BONDE) उर्फ जयेश कुमार बोन्डे यह दोनों नाम मेरे हैं। इन्हीं दोनों नामों से जाना पहचाना व पुकारा जाता हूं अर्थात यह दोनों नाम मुझ एक ही व्यक्ति के हैं तथा अन्य दस्तावेज में नाम संशोधन कर जयेश बोन्डे (JAYESH BONDE) करने के समर्थन में यह शपथ सक्षम अधिकारी के समक्ष पत्र प्रस्तुत है।

भविष्य में मुझे जयेश बोन्डे (JAYESH BONDE) के नाम से ही जाना पहचाना व पुकारा जावे।

जयेश बोन्डे

### कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक कोण्डागांव, जिला कोण्डागांव (छ.ग.)

Mail Id-dhkondagaon20@gmail.com

क्रमांक/सि.स./ले.शा./ निविदा/2024-25 968 — कोण्डागांव दिनांक 28/11/2024

**शासकीय जिला चिकित्सालय कोण्डागांव में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु तृतीय खुली निविदा आमंत्रण के संबंध में**

शासकीय जिला चिकित्सालय कोण्डागांव में वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु (खुली निविदा के माध्यम से) आहार प्रदायगी कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है, जिसे जिले के वेबसाईड www.kondagaon.gov.in में देखा जा सकता है। उक्त निविदा कार्य के लिए कार्यावाही हेतु निम्नानुसार निर्धारित की गई है।

01. निविदा फार्म जिले के वेबसाईड डाउनलोड कर निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि (कार्यालयीन समय में) -09.12.2024
02. पंजीकृत डाक के माध्यम से निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि (कार्यालयीन समय में) -16.12.2024
03. प्राप्त निविदा खोलने की तिथि (दोपहर के बाद) - 17.12.2024
04. निविदा फार्म के साथ 1000/- रू. (एक हजार रूपये मात्र) आहार प्रदायगी के लिए डी.डी. (जीवनदीप समिति आर.एन.टी. हॉस्पीटल) के नाम से जमा किया जाना है।

सिविल सर्जन
सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जी- 242504267/3 जिला अस्पताल कोण्डागांव (छ.ग.)

### न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202412092200006

विषय - ब-121 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2024-2025
बरनारा कला प.ह.न. 00027 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- सोहन,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सोहन आ. अर्जुन जाति गोंड सा. बरनाराकला तहसील डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के मौसी बिसरी बाई पति जामुन का मृत्यु दिनांक 23.10.1999 को स्थान बरनाराकला में हुआ है के नाम पर मृत्यु प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 23.12.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 03/12/2024 को जारी किया जाता है।

(मुहर) तहसीलदार डोंगरगढ़

### न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202412095200005

विषय - ब-121 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2024-2025
हरनसिंघी प.ह.न. 00021 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- प्रीतराम,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रीतराम आ. पुरुषोत्तम पटेल जाति मरार सा. हरनसिंघी तहसील डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगाँव द्वास आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्र लोमस आ. प्रीतराम का जन्म दिनांक 28.12.2009 को स्थान हरनसिंघी में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 20.12.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/12/2024 को जारी किया जाता है।

(मुहर) नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

### न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202412095200004

विषय - ब-121 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2024-2025
हरनसिंघी प.ह.न. 00021 [ ( हे. ) ]
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- प्रीतराम,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक प्रीतराम आ. पुरुषोत्तम पटेल जाति मरार सा. हरनसिंघी तहसील डोंगरगढ़ जिला - राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्र हिमांशु पटेल आ. प्रीतराम का जन्म दिनांक 22.09.2011 को स्थान हरनसिंघी में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व दावा हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 20.12.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/12/2024 को जारी किया जाता है।

(मुहर) नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

### न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202411092300009-अ/74-वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक यशवंत साहू पिता सानूलाल साहू जाति तेली निवासी ग्राम मुसराकला तहसील डोंगरगढ़ द्वारा आवेदन पत्र पेश किया गया है कि अपने माता पिलेश्वरी साहू पिता सानूलाल साहू जाति का दिनांक 24. 01.2020 ग्राम मुसराकला में मृत्यु हुआ था जिसका ग्राम पंचायत के जन्म / मृत्यु पंजी में दर्ज नही कराया गया है। आवेदक द्वारा अपने माता पिलेश्वरी साहू पिता सानूलाल साहू जाति का दिनांक 24.01.2020 ग्राम पंचायत मुसराकला में मृत्यु दर्ज कराने बाबत् आवेदन पत्र, अनुलब्धता प्रमाण पत्र की प्रति पेश कर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने का निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 16.12.2024 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

### न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़ 1 के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202411092100020

विषय - अ-6 अ मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2024-2025
करवारी ( प.ह.न. 00022 ),
पक्षकारों का विवरण -
आवेदक पक्षकार- गीता बाई चौरे,
अनावेदक पक्षकार- आम जनता

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक गीता बाई चौरे पति स्व. नारद चौरे जाति-महार निवासी ग्राम- करवारी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा आवेदन पेश किया है कि आवेदिका के पति नारद चौरे के एकल नाम से भूमि स्वामी हक व आधिपत्य में ग्राम करवारी प.ह.नं. 22 तहसील डोंगरगढ़ जिला- राजनांदगांव (छ.ग.) में कृषि भूमि स्थित है. जिसका खसरा नं. 240, 250/2, 255/2 रकबा 0.1940 0.0160 0.1980 कुल खसरा योग 03 कुल रकबा योग 0.4080 हेक्टेयर भूमि स्थित है, जो कि मेरे मेनुवल रिकार्ड राजस्व अभिलेख ऋण पुस्तिका एवं अधिकार अभिलेख में भी दर्ज है पूर्णतः सत्य व सही है। किन्तु मेरे द्वारा उपरोक्त भूमि का बी-1, खसरा एवं नक्शा निकालने की कोशीश की गई तो पता चला की उपरोक्त भूमि का ऑनलाईन रिकार्ड बी-1, खसरा एवं नक्शा में उक्त भूमि सेवा भूमि छ.ग. शासन के नाम दर्ज हो चुकी है जो कि पूर्णतः गलत है। जबकी उपरोक्त भूमि भूमिस्वामी हक की भूमि है। आवेदिका के पति नारद चौरे की मृत्यु दिनांक 25/09/2017 को हो चुकी है। जिसके उपरांत उनका फौती नामांतरण नहीं किया गया है। आवेदिका के पति के नाम की उपरोक्त वर्णित भूमि का ऑनलाईन रिकार्ड सेवा भूमि छ.ग. शासन दर्ज हो जाने के मुझे उक्त भूमि से अपने पति का फौती दर्ज करने कृषि कार्य एवं अन्य बैंकिंग कार्यों को करने में अत्यन्त परेशानीया हो रही है। करवारी स्थित मुझ आवेदिका के पति की उक्त ग्राम भूमि का ऑनलाईन रिकार्ड बी-1. खसरा एवं नक्शा उसके किसान पुस्तिका एवं अधिकार अभिलेख, मेनवल रिकार्ड एवं काश्त काबिज भूमि के अनुसार ही भूमि स्वामी दर्ज कर समस्त राजस्व रिकार्ड ऑनलाईन रिकार्ड दुरूस्त किये जाने का निवेदन किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 16.12.2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/11/2024 को जारी किया जाता है।

मेघा जैन
(मुहर) नायब तहसीलदार डोंगरगढ़

## एक नजर

### विद्युत मंडल सिटी सर्किल आफिस में गड़बड़ी, जांच की मांग



**रायपुर 4 दिसंबर।** मुस्कान प्रोविजन स्टोर इंदिरा गांधी वार्ड कमांक 27 रायपुर के सामने से ट्रांसफार्मर हटाने की मांग नहरपारा विकास समिति एवं वहां की पूरी जनता दो साल से कर रही है। पीड़ित व्यक्ति मनोहर लाल खुर्सिजा मालिक मुस्कान प्रोविजन उक्त मांग को लेकर एस.ई. के पास गये थे उसे कहा गया कि ट्रांसफार्मर हटाने में उसका पैसा नहीं लगा है। मुख्यमंत्री योजना का पैसा लगा है उसे बार बार आने की जरूरत नहीं है, आराम से काम होगा। मुख्यमंत्री योजना का पैसा भी जनता का पैसा है। इस प्रकार पीड़ित व्यक्ति को आश्वासन देने के बजाय उसे हतोत्साहित करना कहां तक न्यायसंगत है। पीड़ित व्यक्ति दो साल से परेशान हो रहा है एक बार बताया गया कि टेंडर किसी ने नहीं भरा है दुबारा टेंडर किया जा रहा है। टेंडर की डेट या कॉपी नहीं दी जा रही है। हमें आशा है कि जानबूझकर समाचार पत्र में या नोटिस बोर्ड पर टेंडर नहीं दिया जा रहा है बल्कि फाईल से फाईल में ही टेंडर किया जा रहा है यह भी जांच का विषय है।

### सिक्ख प्रीमियर लीग 6 दिसंबर से

**रायपुर 4 दिसंबर।** शहीद भाई तारु सिंह फाउंडेशन रायपुर द्वारा हर साल आयोजित किये जाने वाले नेशनल क्रिकेट प्रतियोगिता इस साल 6 दिसंबर से शुरु हो रही है। सिक्ख प्रीमियर लगेज (एसपीएल) के आयोजन का यह सोलहवां वर्ष हैं। सभी तैयारियां पूरी हो गई है। संस्था के प्रमुख त्रिलोचन सिंह काले ने बताया कि हर साल ये कोशिश होती है प्राय- सभी प्रमुख शहरों से आने वाली टीमें प्रतियोगिता में शामिल रहे। कुल 12 टीमें हिस्सा ले रही हैंजिसमें प्रमुख रूप से जम्मू कश्मीर, तेलंगाना, नांदेड़, नागपुर, हैदराबाद, छत्तीसगढ की टीमें शामिल रहेंगी। बता दें यह क्रिकेट प्रतियोगिता विगत 16 वर्षों से लगातार आयोजित की जा रही है। डब्ल्यूआरएस क्रिकेट ग्राउंड में ही मैच खेला जायेगा। फाइनल मैच 16 दिसंबर को होगा। नियमावली हर साल होने वाले आयोजन की तरह ही है। बाबूलाल ज्वेलर्स,जसमीत चावला,बलविंदर सिंह छाबड़ा का सहयोग हर साल मिलते रहा है। मुख्यत- इस क्रिकेट प्रतियोगिता के आयोजन का उद्देश्य खेल के क्षेत्र में समाज की जो युवा प्रतिभाएं हैं उसे एक मंच प्रदान करना ताकि राष्ट्रीय स्तर पर इसकी पहचान बनी रहे। इस प्रतियोगिता में खेलने वाले कई खिलाड़ी अपने प्रदेश से राष्ट्रीय स्तर के टूर्नामेंट भी खेलते आ रहे हैं।

### शांतिपूर्ण निर्वाचन कराने के निर्देश

**रायपुर, 4 दिसम्बर ।** राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह की अध्यक्षता में आज राज्य निर्वाचन आयोग अटल नगर नवा रायपुर कार्यालय के सभा कक्ष में नगरपालिकाओं एवं त्रिस्तरीय पंचायतों के आगामी आम/उप निर्वाचन अंतर्गत निर्वाचन कार्यों की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में रायपुर संभाग के संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, संभाग के सभी कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक तथा उप जिला निर्वाचन अधिकारी शामिल हुए। बैठक में मुख्य रूप से चुनाव के सुचारू रूप से संचालन हेतु चुनाव की तैयारी, सुरक्षा व्यवस्था, मतदान केन्द्रों की स्थिति और निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी महत्वपूर्ण तैयारियों की समीक्षा की गई। इस बैठक के माध्यम से चुनाव के सुचारू और सुरक्षित संचालन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। राज्य निर्वाचन आयुक्त श्री अजय सिंह ने सभी अधिकारियों से शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने सभी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने मतदाता सूची प्रकाशन के पूर्व सभी प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न कराने निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि निर्वाचन नामावली को सभी जिला निर्वाचन अधिकारी व्यक्तिगत रूप से स्वयं देखे, उसमें किसी भी प्रकार की त्रुटि नहीं होना चाहिये।

### 5 हजार 60 आयुष्मान कार्ड बनाए गए

**रायपुर 4 दिसंबर ।** जिला प्रशासन रायपुर द्वारा आयोजित आयुष्मान महाभियान दिनाक 03, 04 और 05 दिसंबर के प्रथम दिन आज 03 दिसंबर को कुल 5 हजार 60 आयुष्मान कार्ड बनाए गए। जिसमे 4 हजार 60 राशनकार्ड धारी सदस्यों का तथा 500 वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान वय वंदना कार्ड बनाया गया।

### पांचवी व आठवीं की परीक्षा होंगी बोर्ड

**रायपुर, 4 दिसंबर ।** छत्तीसगढ़ में कैबिनेट के फैसले के बाद कक्षा 5वीं और 8वीं की केंद्रीकृत परीक्षा लेने के लिए मंगलवार को स्कूल शिक्षा विभाग ने दिशा निर्देश जारी किया है। इसके तहत राज्य के सभी कलेक्टरों और जिला शिक्षा अधिकारियों को आदेश जारी किया गया है।

### तेज रफ्तार इनोवा डिवाइडर से टकराकर पलटी, आधा दर्जन घायल

**रायपुर, 4 दिसंबर ।** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में बीती रात एक बड़ी सड़क दुर्घटना हो गई. जिले के पाली थाना अंतर्गत मुंगाडिह के पास तेज रफ्तार इनोवा कार एनएच रोड पर डिवाइडर से टकरा कर पलट गई. इस घटना में कार में सवार 6 लोग घायल हो गए. कार में 2 छोटे बच्चे भी सवार थे, उन्हें भी सिर और पैर पर चोंटे आई हैं. घायलों में से 3 की हालत काफी गंभीर बताई जा रही है. हादसे के बाद सूचना पर पहुंची 112 की टीम ने कार में फंसे लोगों को रेस्क्यू कर घंटों की मशक्कत के बाद राहगीरों की मदद से बाहर निकाला. सभी घायलों को पाली स्थित स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

# निगम की कचरा गाड़ियों के ड्राइवर हड़ताल पर

## शहर की सफाई और पेयजल आपूर्ति व्यवस्था हुई ठप



**रायपुर 4 दिसंबर।** प्लेसमेंट के जरिए काम कर रहे प्रदेश के अन्य नगरीय निकाय के साथ-साथ रायपुर नगर निगम के कचरा गाड़ियों के ड्राइवर अपनी मांगों को लेकर आज से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं. हड़ताल की वजह से शहर के 70 वार्डों में सफाई व्यवस्था के साथ-साथ पेयजल आपूर्ति व्यवस्था ठप हो गई है. यह भी पढ़ें - रायपुर जीएसटी टीम ने पकड़ा 40 टन टीएमटी बार से लदा ट्रक, जब्त सामान की कीमत 30 लाख रुपए प्लेसमेंट (ठेकेदार) के जरिए रायपुर के करीबन 400 के साथ पूरे प्रदेश में करीब 20 हजार से ज्यादा कर्मचारी आज से हड़ताल पर हैं. कर्मचारी ठेका प्रथा बंद करने के साथ सीधे वेतन भुगतान और 4000 रुपए श्रम सम्मान राशि देने की मांग कर रहे हैं. रायपुर में कचरा गाड़ियों के ड्राइवर सुबह-सुबह अपनी-अपनी गाड़ी लेकर काम पर जाने की बजाए सीधे टिकरापारा थाने पहुंच कर अनिश्चितकालीन हड़ताल की शुरुआत की. कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जाएंगी।

## बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार, राजधानी में निकली आक्रोश रैली

**रायपुर, 4 दिसंबर ।** बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में मंगलवार को राजधानी रायपुर के साथ प्रदेश- भर में सर्व समाज ने आक्रोश रैली निकाली। इसमें भारी संख्या में संतों के साथ सर्व समाज के पदाधिकारी और आम जन एकत्रित हुए। सभी शहरों में आक्रोश रैली निकालकर कलेक्टरों को राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। संतों ने एक स्वर में कहा, किसी भी कीमत में हिंदुओं पर इस तरह का अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अत्याचारों को रोकने की मांग की। राजधानी रायपुर में सनातन हिंदू पंचायत के बैनर तले सर्व समाज के लोग तेलीबांधा तालाब के पास एकत्रित हुए। सैकड़ों की संख्या में पहुंचे सर्व समाज के लोगों ने आक्रोश रैली निकाली और कलेक्ट्रेट पहुंचे। इसके पहले एक सभा हुई। इस सभा में स्वरूपानंद महाराज, वेद प्रकाश महाराज, सर्वेश्वर दास महाराज के साथ ही आरएसएस के डा. पूर्णंदु सक्सेना ने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर विरोध जताया और कहा कि अत्याचार पर रोक लगनी चाहिए। रैली मेंशहर के विधायक राजेश मूणत, मोतीलाल लाहू, सुनील सोनी, भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, पूर्व विधायक श्रीचंद सुंदरानी सहित कई नेता शामिल हुए। सभा का संचालन घनश्याम चौधरी ने किया। रैली में उपस्थित संत समाज और वक्ताओं ने बांग्लादेश में हिंदुओं के सम्मान और सुरक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आवाज उठाने का आह्वान किया। साथ ही, उन्होंने हिंदू समाज को संगठित रहकर इस लड़ाई को धर्मनिरपेक्षता और मानवता की रक्षा के लिए आगे बढ़ाने का संकल्प दिलाया।

## कांग्रेसियों को दिलाई गई संविधान रक्षा की शपथ



**रायपुर 4 दिसंबर।** बलोदा बाजार भाटापारा जिले के अंतर्गत कसडोल कांग्रेस भवन में संविधान रक्षा दिवस के अंतर्गत संविधान एवं समानता की लड़ाई विषय के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जारी के किए गए परिपत्र के अनुसार विधायक संदीप साहू ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें पूर्वमुख्यमंत्री भूपेश बघेल बलौदा बाजार भाटापारा जिला कांग्रेस के प्रभारी अशोक राज आहूजा भाटापारा के विधायक इंद्र साहब जिला अध्यक्ष जितेंद्र ठाकुर सुरेंद्र शर्मा परमेश्वर यादव नगर पंचायत अध्यक्ष नीलू बहन गायत्री केवट परमेश्वरी साहू ब्लॉक अध्यक्ष गुरदयाल बंजारे सुरेंद्र कुर्रे कसडोल के ब्लॉक अध्यक्ष दयाराम वर्मा जी भाटापारा ब्लॉक अध्यक्ष अमर भंडारी सुशील शर्मा और पूरे जिले से सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।अपने संबोधन के पूर्व बघेल जी ने सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं को संविधान की शपथ दिलाई। इस अवसर पर जिला प्रभारी अशोक राजा आहूजा इंद्र साहब सुरेंद्र शर्मा आदि ने भी संबोधित किया आभार व्यक्त विधायक संदीप साहू ने किया।

## 'बंटोगे तो कटोगे' को शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने बताया गलत



**रायपुर,4 दिसंबर।** शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने 'बंटोगे तो कटोगे' वाले नारे को गलत बताते हुए कहा कि इतने साल से चुनाव हो रहे हैं, यह नारा 2024 में ही क्यों दिया जा रहा है. क्या इससे पहले हम सेफ नहीं थे. किसने हमको काटा अभी तक. ये कहना चाहते हैं. हमको वोट नहीं दिया, कहीं और दिया तो काट दिए जाओगे. आप धमका क्यों रहे हो. कोई कुछ नहीं बोल रहा है. ये नारा गलत है. राजधानी रायपुर में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने पहुंचे शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने मीडिया से तमाम ज्वलंत विषयों पर चर्चा की. बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर शंकराचार्य ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है. हम हिंदुओं को इसकी चिंता है. अगर वहां से लोग आ रहे है, तो उन्हें भारत में शरण दी जाए, भारत हिंदुओं की मात्रभूमि है. उन्होंने कहा कि लेकिन पिछले दिन (सीमा पर) बीएसएफ के जवानों ने उन्हें भगा दिया था. हमने प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को पत्र लिखा था कि उन्हें आने दिया जाए. आज वो विषय बढ़ता चला जा रहा है, हम इतनी बड़ी संख्या में होने के बावजूद कुछ नहीं कर पा रहे हैं. सबसे पहले चिन्मय दास प्रभु को वकील दिलवाना चाहिए. आज कल तो ऑनलाइन सुनवाई भी होती है. हिंदू राष्ट्र बनाने को लेकर पंडित धीरेंद्र शास्त्री की पदयात्रा को लेकर शंकराचार्य ने कहा कि कोई पद यात्रा करे उसका स्वागत करते हैं, लेकिन वो कहते हैं कि जात-पात की करो विदाई ये ठीक नहीं है, वर्ण और आश्रम से हमारी पहचान है. इसके बिना कैसे हिन्दू राष्ट्र बन सकता है, ऐसा हिन्दू राष्ट्र जिसमें वर्ण आश्रम नहीं होगा, वो खतरनाक होगा. धर्मांतरण पर बस्तर में धीरेंद्र शास्त्री की यात्रा को लेकर अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने कहा कि इस यात्रा से धर्मांतरण को बढ़ावा मिलेगा. वहीं बांग्लादेशी हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर प्रदर्शन को भाजपा के समर्थन पर शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद महाराज ने कहा कि जब हम सत्ता में ही हैं, तो प्रदर्शन की क्या जरुरत है, राजनीतिक लाभ लेना चहा रहे हैं. इनको कहना था कि एक भी हिन्दू को अपने छुआ तो कई उदाहरण हमने अभी आपको बताये बांग्लादेश हमारे वजह से बना है, और अगर कुछ नहीं हुआ, तो यहाँ भी बहुत बांग्लादेशी है हम भी एक एक को बाहर निकलेंगे.

### फिल्म फेस्टिवल 5 दिसंबर से

**रायपुर 4 दिसंबर।** जागरण फिल्म फेस्टिवल , जो दुनिया का सबसे बड़ा यात्रा करने वाला फिल्म फेस्टिवल है, अपनी भव्य शुरुआत 5 दिसंबर को दिल्ली के प्रतिष्ठित सिरी



फोर्ट ऑडिटोरियम में करेगा। ÷गुड सिनेमा फॉर एवरीवन÷ की टैगलाइन के साथ, छ्स्नस्न सिनेमा के जादू को मनाने और सांस्कृतिक आदान-प्रदान व समावेशिता को बढ़ावा देने का एक अनूठा मंच बना हुआ है। इस साल के फेस्टिवल में 4,787 प्रविष्टियों में से चुनी गई 292 उत्कृष्ट फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें फीचर फिल्में, शॉर्ट फिल्में और डॉक्यूमेंट्री शामिल हैं। ये 78 भाषाओं और 111 देशों का प्रतिनिधित्व करती हैं, जो वैश्विक विविधता की समृद्धि को उजागर करती हैं। 100 दिनों की अवधि में, यह फेस्टिवल 11 राज्यों में यात्रा करेगा, अपनी अभूतपूर्व पहुंच और समावेशिता के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करेगा। 2024 संस्करण में 29 देशों की 34 भाषाओं में भारतीय और अंतर्राष्ट्रीय फिल्मों सहित 102 उल्लेखनीय फिल्मों का प्रदर्शन किया जाएगा।

## टेम्पल कनेक्ट मीट्स रायपुर में



**रायपुर 4 दिसंबर।** टेम्पल कनेक्ट ने हाल ही में ट्राइटन होटल में टेम्पल कनेक्ट मीट्स रायपुर का सफल आयोजन किया। टेम्पल कनेक्ट श्री गिरीश कुलकर्णी द्वारा स्थापित पहल है। इस आयोजन में रायपुर, भिलाई और छत्तीसगढ़ के 34 से अधिक मंदिरों के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। टेम्पल कनेक्ट ने मंदिर के प्रतिनिधियों को फरवरी माह में तिरुपति में आयोजित होने वाले इंटरनेशनल टेम्पल्स कन्वेंशन और एक्सपो (आईटीसीएक्स) 2025 की जानकारी दी और साथ ही मंदिर के इकोसिस्टम को बेहतर बनाने के लिए स्मार्ट टेम्पल मिशन से परिचित कराया।

छत्तीसगढ़ को अपनी सांस्कृतिक धरोहर के लिए जाना जाता है, क्योंकि इसे भगवान राम का ननिहाल यानि माता कौशल्या का मायका माना जाता है। ऐसे में, कार्यक्रम में मंदिर के प्रतिनिधियों और ट्रस्टीज़ का उत्साह देखते ही बना। उनके द्वारा मंदिर प्रबंधन पर अपने दृष्टिकोण साझा किए गए और आईटीसीएक्स 2025 के मिशन के साथ जुड़ने में उनके भीतर गहरी रुचि देखी गई।

जो अंतर्दृष्टि और सीख मंदिर के स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा साझा की गईं, उनसे निश्चित ही मंदिर में दर्शन के अनुभव को सुधारने में मदद मिलेगी।

## दूसरे दिन भी धान खरीदी केन्द्र पहुंचे कांग्रेसी



**रायपुर 4 दिसंबर।** दूसरे दिन भी धान खरीदी केंद्र चलो अभियान के तहत कांग्रेस नेताओं ने सेजबहार, खोरपा ,माणिकचौरी में विभिन्न केन्द्रों में पहुंचकर किसानों को धान बेचने में हो रही परेशानियां देखी आज ही 15 जनवरी तक का पूरा टोकन कट गया है, किसान परेशान है। कांग्रेस निगरानी समिति के सदस्य माणिकचौरी धान खरीदी केंद्र पहुंचे तो चोरी पकड़ी गई, धान की बोरी वजन कराया गया तो हर बोरी में 2 किलो,1.30 किलो अधिक धान पाया गया। यह मनमानी यह दर्शाता है कि सरकार किसानों को छलने का काम कर रही है बारदाना की दिक्कत है और धान को मंडी से उठाया नहीं जा रहा है। धनेंद्र साहू जी, विकास उपाध्याय जी,छाया वर्मा, पंकज शर्मा, उद्धव राम, दौरा किए।

## प्रदेश में हर गरीब के पक्के मकान का सपना होगा साकार: मुख्यमंत्री



**रायपुर 4 दिसंबर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत तेजी से पूर्ण किए आवासों और योजना में अच्छे प्रदर्शन के कारण भारत सरकार द्वारा राज्य के लिए 15 हजार नए आवास स्वीकृत किए गए हैं। केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत 15 हजार नए आवासों की मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने नए आवासों की मंजूरी के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी तथा केन्द्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्री श्री मनोहर लाल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने शहरों के लिए 15 हजार नए आवासों की स्वीकृति पर केंद्र सरकार को धन्यवाद देते हुए कहा कि राज्य में जल्दी ही हर गरीब के पक्के मकान का सपना पूरा होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में आवासों का निर्माण तेजी से पूरा किया जा रहा है। सरकार अंतिम छोर पर खड़े हर व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुँचाना सुनिश्चित करेगी।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल और उप मुख्यमंत्री तथा नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री श्री अरुण साव की कोशिशों से राज्य के सभी शहरों के लिए ये आवास स्वीकृत किए गए हैं।

भारत सरकार के आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के सचिव को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अन्तर्गत 15 हजार नवीन आवासों की सैद्धांतिक स्वीकृति का पत्र प्रेषित किया गया है। पत्र में केंद्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ को मार्च-2025 तक 15 हजार नए आवासों की स्वीकृति के साथ ही इन नए आवासों को मंजूरी प्रदान करने के पीछे राज्य में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के त्वरित क्रियान्वयन का भी उल्लेख है। राज्य के सभी नगरीय निकायों के लिए आवास स्वीकृत करते हुए मंत्रालय ने इसकी सूची भी भेजी है। केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने राज्य शासन को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पात्र हितग्राहियों का परीक्षण करते हुए विधिवत प्रस्ताव भारत सरकार को भेजने के निर्देश दिए हैं।

भारत सरकार द्वारा शहरी क्षेत्रों में 'सबके लिए आवास' मिशन के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 का क्रियान्वयन 1 सितम्बर 2024 से प्रारंभ किया गया है। इसके तहत कमजोर आय वर्गों, निम्न आय वर्गों और मध्यम आय वर्गों के शहरी गरीब व मध्यमवर्गीय परिवारों को किफायती दरों पर आवास निर्माण, खरीदी या किराए पर उपलब्ध कराने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी।

### महंगी बिजली से उपभोक्ताओं के जेब हो रही खाली

**रायपुर, 4 दिसंबर।** प्रदेशभर के बिजली उपभोक्ताओं को लगातार चौथे माह भी महंगी बिजली का झटका लगा है। अब अक्टूबर की बिजली तीन फीसदी महंगी हो गई है। जून से लगातार कीमत में इजाफा होने के कारण बीते चार माह में बिजली की कीमत करीब 17 फीसदी बढ़ी है। प्रदेश में अब तक बिजली उपभोक्ताओं से वीसीए के स्थान पर उत्पादन लागत के अंतर की राशि को उपभोक्ताओं से वसूलने के लिए नया फार्मूला फ्यूल पॉवर परचेज एडजस्टमेंट सरचार्ज (एफपीपीएएस) लागू है। सबसे पहले पिछले साल अप्रैल में पहली बार नया फार्मूला लागू होने पर शुल्क 5.30 प्रतिशत लिया गया। इसके बाद मई में 10.29 प्रतिशत, जून में 14.23, जुलाई में 11.43, अगस्त में शुल्क 10.31 प्रतिशत रहा। सितंबर और अक्टूबर में विधानसभा चुनाव की आचार संहिता के कारण अगस्त का शुल्क लिया गया। बाद में सितंबर और अक्टूबर की कीमत तय होने पर इसका समायोजन किया गया। नवंबर में शुल्क कम होकर 7.04 प्रतिशत हो गया। दिसंबर में यह शुल्क 6.30 प्रतिशत था। नए साल के पहले माह जनवरी में यह शुल्क 6.70 प्रतिशत, फरवरी में 10.12, मार्च में 7.20 फीसदी, अप्रैल में 9.22 और मई में यह घटकर 9.10 फीसदी हो गया। इसके बाद जून में यह सबसे कम 0.69 फीसदी हो गया था। लेकिन इसके बाद जुलाई से लगातार इसमें इजाफा हो रहा है। जुलाई में यह 4.72 फीसदी हुआ। यानी जुलाई में बिजली चार फीसदी महंगी हुई। इसके बाद अगस्त में बड़ा झटका और यह 11.95 फीसदी हो गया। यानी अगस्त में बिजली की कीमत में 7.23 फीसदी का इजाफा हुआ।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26